# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com जबलपुर, गुरुवार 9 अक्टूबर 2025




4 सर्दी-खांसी की दवा बनी अभिशाप

मैट्रो
14 'प्रोपेगेंडा ड्रग' सिर्फ परासिया ही नहीं..



inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### शिल्पा से कहाः पहले 60 करोड़ दें फिर विदेश जाएं



**मुंबई।** बॉम्बे हाई कोर्ट ने बुधवार को बॉलीवुड एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी और उनके पति राज कुंद्रा को दो टूक शब्दों में खरी-खरी सुनाई है। अदालत ने दोनों को आदेश दिया कि अगर वो अमेरिका के लॉस एंजिल्स या किसी अन्य जगह की विदेश जाना चाहते हैं, तो पहले 60 करोड़ जमा करने होंगे। अदालत ने यात्रा की अनुमति वाली याचिका खारिज कर दी।

### कार्डियोलॉजिस्ट को परोसा मांसाहार, मौत




**कैलिफोर्निया।** कतर एयरवेज की फ्लाइट में मांसाहारी भोजन परोसने के कारण शाकाहारी यात्री कार्डियोलॉजिस्ट अशोक जयवीरा की मौत हो गई। 85 वर्षीय यात्री के परिजनों ने एयरलाइन के खिलाफ गलत तरीके से हुई मौत को लेकर नया मुकदमा दायर किया है। दावा है कि एयरलाइन की लापरवाही के यात्री जयवीरा की जान चली गई। हादसा जुलाई 2023 का है।

### प्रेमानंदः माथे पर चंदन नहीं, लाल पड़ा चेहरा



**वृंदावन।** संत प्रेमानंद महाराज का स्वास्थ्य ठीक नहीं चल रहा है। उनकी नियमित पदयात्रा भी अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी है। उनके ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर भक्तों ने लिए एक वीडियो पोस्ट किया गया। उसमें संत की हालत देखकर भक्त इमोशनल हो गए। वीडियो में महाराज ने अपने भक्तों के लिए एक संदेश भेजा।

### ऋषभ शेट्टी की फिल्म 6 दिन में 400 करोड़ के पार



**नई दिल्ली।** कांतारा चैप्टर 1 ने बॉक्स ऑफिस पर 6 दिनों में तहलका मचा दिया है। इसने छह दिनों में ना सिर्फ अपने बजट से 132% से अधिक की कमाई की है, बल्कि 400 करोड़ क्लब में भी एंट्री ले ली है। बुधवार को 7वें दिन जहां यह देश में 300 करोड़ क्लब में धमाकेदार एंट्री लेने वाली है, वहीं छह दिनों में ही इस फिल्म ने 400 करोड़ क्लब में एंट्री ली।

---

### कलेक्टर-कमिश्नर कांफ्रेंस के बाद डॉ. यादव ने दो दिनों की डिटेल जानकारी मीडिया को दी

# सीएम ने कहा-छिंदवाड़ा की घटना से वे काफी आहत, पर 'जवाबदारी' सभी को निभाना चाहिए

## सीएम ने बताया कि कलेक्टरों से कहा गया है कि वे विधायकों के साथ तालमेल बिठाकर विकास के रोडमैप पर काम करें

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि छिंदवाड़ा जैसी घटनाएं होती हैं, तो उन्हें काफी कष्ट होता है। इस तरह की घटना नहीं होनी चाहिए। जब यह सब होता है तो इसे रोकने की जवाबदारी भी सामूहिक होती है। उन्होंने कहा कि अपने लोगों व विपक्ष से भी कहना चाहते हैं कि इस तरह के मामलों में सामंजस्य बनाएं। सकारात्मक आलोचना होती है तो कोई गलत नहीं मानता, पर दायरे में रहकर अपनी बात होनी चाहिए।

प्रेस, मीडिया, आम लोग या नेता प्रतिपक्ष कमियां बताएं तो वे स्वागत करेंगे। उसमें मिलकर सुधार करेंगे। मप्र के सभी 55 जिलों के कलेक्टर, एसपी, जिला पंचायतों के सीईओ, आईजी व संभागायुक्तों (कलेक्टर-कमिश्नर) कांफ्रेंस की समाप्ति के बाद मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दो दिनों की डिटेल जानकारी प्रेस को दी। उन्होंने कहा कि सभी मुद्दों की समीक्षा छह महीने में की जाएगी। कलेक्टरों से कहा गया है कि वे विधायकों के साथ तालमेल बिठाकर विकास के रोडमैप पर काम करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि चुनाव तो 5 साल बाद आता है, लेकिन चुनाव के बीच में अपनी समझ भी बनी रहे, इस पर पक्ष विपक्ष दोनों को ध्यान देना चाहिए। कलेक्टरों का काम है कि वह विधानसभाओं के अंदर जनता की मूलभूत सुविधाओं के लिए उनके अपने जनप्रतिनिधियों की भावना के अनुसार काम करें। शासकीय योजनाओं के क्रम के आधार पर विकास करें। विधायकों के यहां हमने वीडियो कांफ्रेंसिंग (वीसीः सेट लगाने की बात कही है।

> प्रेस, मीडिया, आम लोग या नेता प्रतिपक्ष कमियां बताएं तो वे स्वागत करेंगे। उसमें मिलकर सुधार करेंगे

> साफ निर्देश- किसानों की मूलभूत समस्याओं खासकर खाद-बीज की दिक्कतें नहीं आनी चाहिए

### सकारात्मक आलोचना को वे गलत नहीं मानते, पर वह दायरे में रहकर होनी चाहिए



### जनजातियों के विकास पर ध्यान दें

मुख्यमंत्री ने बताया कि जनजातियों के कल्याण के जितने भी कार्यक्रम चल रहे हैं, इसकी समीक्षा करके रिपोर्ट दें। वर्ष 2047 को दृष्टिगत करते हुए प्रत्येक क्षेत्र में योजना बनाएं। जनजातीय क्षेत्रों में छात्रावास, आश्रम, कल्याणी आश्रम से लेकर सभी योजनाओं के क्रियान्वयन पर फोकस करें। जल जीवन मिशन में हर घर नल की विस्तृत समीक्षा करके क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पीएम आवास में मप्र नंबर एक पर है। पीएम जन मन में भी अव्वल है। धरती आबा योजना पर काफी काम हो रहा है। जल गंगा संवर्धन अभियान पर काम चल रहा है। इसकी 2026 की कार्य योजना अभी से बना लें।

### नक्सली घटनाओं को गंभीरता से लिया जाए

*मुख्यमंत्री ने बताया कि कलेक्टर व पुलिस अधिकारियों से कहा गया है खासकर बालाघाट जिले में हो रही नक्सली गतिविधियों पर सख्ती से अंकुश लगाएं। उन्होंने कहा कि अपराधियों की जमानत निरस्त करने के संबंध में कार्रवाई करें। कई सारे आंकड़े दिए गए हैं। इसमें और शक्ति बढ़ाने की आवश्यकता है। साइबर अपराधों की दर्ज संख्या भी हम तुलनात्मक रूप से देख रहे हैं। साइबर अपराध के खिलाफ हमने अपनी कार्रवाई तेज की है, हालांकि यह और बढ़ती जा रही है। इस पर और प्रभावी कार्रवाई करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में नशे के खिलाफ अभियान चलाएं। पड़ोसी राज्य उत्तरप्रदेश के अधिकारी और लोगों से बातचीत करने के लिए सख्त कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि विंध्य क्षेत्र में कोरेक्स सिरप को लेकर हमने कार्रवाई की है। उप्र और मप्र मिलकर आगे काम करेंगे। उन्होंने डीजीपी व मुख्य सचिव को भी इस संबंध में सख्त निर्देश दिए हैं।*

### कानून-व्यवस्था में कलेक्टरों को दिक्कतें आ रहीं

मुख्यमंत्री ने कहा कि कानून-व्यवस्था के मामले में कलेक्टरों को दिक्कतें आ रही हैं। नगरीय निकायों के अधिकारी प्लान बनाकर अतिक्रमण हटाएं। ताकि जरूरत पड़ने पर फोर्स का मूवमेंट प्रभावी ढंग से हो सके। इसके लिए कलेक्टर व एसपी दोनों समन्वय बनाकर काम करें। उन्होंने किसानों की समस्याओं पर कहा कि कांफ्रेस में निर्देश दिया गया है कि किसानों की मूलभूत समस्याओं खासकर खाद-बीज की दिक्कतें नहीं आनी चाहिए।

### बच्चों की उपस्थिति शत-प्रतिशत हो

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में नामांकन दर कैसे बढ़े, यह दोनों तरह से स्कूल खासकर स्कूल शिक्षा और उच्च शिक्षा दोनों में ध्यान दें। ड्रॉप आउट की दर में कमी होनी चाहिए। विशेष रूप से प्राइमरी, सेकंडरी कक्षा में विशेष काम हो। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की उपस्थिति प्राप्त कर रहे है।

---

◆ रिन्यूएबल एनर्जी उपकरण निर्माण सहित विभिन्न सेक्टर्स में निवेश पर होगी चर्चा

# मुंबई में आज 'इंटरेक्टिव सेशन' में निवेशकों से संवाद करेंगे मुख्यमंत्री



**»** *मैक्सिको, सिंगापुर, कनाडा और इटली के कॉन्सुल जनरल भी करेंगे शिरकत*

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गुरुवार 9 अक्टूबर को मुंबई में इंटरेक्टिव सेशन में देश-विदेश के उद्योगपतियों से संवाद करेंगे। 'इंटरेक्टिव सेशन ऑन इन्वेस्टमेंट ऑपर्च्युनिटीज इन पावर एंड रिन्यूएबल एनर्जी इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरिंग एंड वाइट गुड्स इन मध्यप्रदेश' होटल ट्राइडेंट, नरीमन पॉइंट मुंबई में आयोजित किया जा रहा है। इस सत्र का उद्देश्य निवेशकों को मध्यप्रदेश में उभर रहे औद्योगिक अवसरों से अवगत कराना है, विशेष रूप से मोहासा-बाबई (नर्मदापुरम) में विकसित किए जा रहे पावर एवं रिन्यूएबल एनर्जी इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरिंग ज़ोन (फेज-2) में निवेश को प्रोत्साहन देना है।

इस औद्योगिक क्षेत्र में भूमि आवंटन के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 12 अक्टूबर निर्धारित की गई है। सेशन को वीर एस अडवाणी, डिप्टी चेयरमैन, सीआईआई वेस्टर्न रीजन एवं प्रबंध निदेशक, ब्लू स्टार लिमिटेड संबोधित करेंगे। औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग के प्रमुख सचिव राघवेंद्र कुमार सिंह द्वारा मध्यप्रदेश की निवेश संभावनाओं की जानकारी दी जाएगी।

### देश-विदेश के प्रतिनिधि होंगे संवाद में शामिल

*इंटरेक्टिव सेशन में देश के प्रमुख उद्योग समूहों के साथ सिंगापुर, मैक्सिको, कनाडा और इटली सहित विभिन्न देशों के कॉन्सुल जनरल और व्यापारिक प्रतिनिधि शामिल होंगे। हिंडाल्को इंडस्ट्रीज, वेलस्पन ग्रुप, एलएंडटी, सन फार्मा, रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड, गोदरेज इंडस्ट्रीज, अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड, बजाज ग्रुप, आईपीसीए लैब और रेमंड ग्रुप जैसी अग्रणी कंपनियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रमुख परियोजनाओं जैसे पावर एंड रिन्यूएबल एनर्जी इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरिंग ज़ोन, पीएम मित्र पार्क, फुटवियर पार्क और उद्योग आधारित क्लस्टर्स पर विस्तार से चर्चा करेंगे। साथ ही उद्योगपतियों और प्रतिनिधियों से व्यक्तिगत रूप से भेंट कर राज्य में निवेश को लेकर संवाद और डिप्लोमैट राउंडटेबल मीटिंग में अंतर्राष्ट्रीय निवेश और औद्योगिक सहयोग की संभावनाओं पर विचार-विमर्श किया जाएगा।*

---

### लोकायुक्त ने रिश्वतखोर महिला प्रशासक को धर-दबोचा

# 15 हजार की घूस लेते पकड़ा, नोटशीट व चेक पर दस्तखत करने मांगे थे 30 हजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

उज्जैन लोकायुक्त ने जिला थोक उपभोक्ता सहकारी भंडार मंदसौर की सहायक प्रबंधक हिमांगिनी शर्मा को 15 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

> ■ पन्ना में 2500 रुपए लेते क्लर्क पकड़ाया



आरोप है कि उन्होंने स्टेशनरी का बिल पास कराने के लिए 30 हजार रुपए रिश्वत की मांग की थी। डीएसपी दिनेशचंद्र पटेल ने बताया कि 22 सितंबर 2025 को आवेदक प्रभुलाल धनगर ने शिकायत दर्ज करवाई थी। उन्होंने बताया कि जिला थोक उपभोक्ता भंडार की सहायक प्रबंधक हिमांगिनी शर्मा ने संस्था संचालन से संबंधित स्टेशनरी क्रय के नोटशीट और चेक पर हस्ताक्षर करने के एवज में 30 हजार की रिश्वत मांगी थी।

---

> मासूम घर के पास खेल रही थी

### अनूपपुर में 6 साल की बच्ची से दुष्कर्म

# पड़ोसी 15 वर्षीय नाबालिग ने की वारदात, बच्ची अस्पताल में भर्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ अनूपपुर

अनूपपुर जिले के राजेंद्र ग्राम थाना क्षेत्र में 6 वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। घटना को पड़ोस में रहने वाले 15 साल के नाबालिग लड़के ने अंजाम दिया है। पुलिस ने आरोपी नाबालिग को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

राजेंद्र ग्राम एसडीओपी नवीन तिवारी के मुताबिक घटना 7 अक्टूबर की शाम की है। बच्ची अपने घर से कुछ दूर आरोपी के घर के पास खेल रही थी, तभी आरोपी उसे बहला-फुसलाकर अपने घर ले गया और वहां दुष्कर्म किया। आरोपी के घर से निकलने के बाद बच्ची जब अपने घर पहुंची तो वह दर्द में थी। उसके कपड़ों और शरीर पर खून लगा हुआ था। बच्ची की मां ने यह देखकर उससे पूछा, जिसके बाद बच्ची ने पूरी घटना मां को बताई।



---

### मानसून की लगभग विदाई...कहीं छिटपुट छींटे पड़ें तो उसे मानसून न समझें

> भोपाल में रात का पारा दशमलव 4 डिग्री और गिरकर 19.6 डिग्री लगातार तीसरे दिन गिरावट

# अक्टूबर में नवंबर जैसी ठंडक, आठ जिलों में पारा 19 डिग्री से नीचे गिरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में लगातार तीसरे दिन बुधवार को रात के तापमान में गिरावट रही है। भोपाल में रात का पारा दशमलव 4 डिग्री गिरकर इस साल 6 अप्रैल के बाद सबसे कम न्यूनतम पारा दर्ज हुआ है। वहीं, आठ जिलों में रात का पारा 19 डिग्री से नीचे पहुंच गया है। इनमें राजगढ़, इंदौर 17.6, धार 17.7, शाजापुर (गिरवर) 18.6, सीहोर 18.8, बड़वानी, खंडवा, उज्जैन का पारा 19 डिग्री रहा है।

### साफ मौसम में गुलाबी ठंड



*पॉलिटेक्निक चौराहे का दृश्य*

### 11 जिलों में पारा 20 डिग्री से नीचे

प्रदेश के सभी जिलों में औसत न्यूनतम पारा एक डिग्री तक गिरा है। प्रदेश में औसत न्यूनतम पारा 21 डिग्री रहा। भोपाल में 19.6 डिग्री रहा। इंदौर में 17.6, धार में 17.7, गुना 19.7, रतलाम 19.6, छिंदवाड़ा 19.8, खंडवा 19, खरगौन 19.4, पचमढ़ी 19.2, राजगढ़ 17.6, उज्जैन 19, रतलाम 19.6 डिग्री रहा।





AUTHORIZED NISSAN DEALERS: MADHYA PRADESH: JABALPUR: NEAR COMMERCIAL PETROL PUMP: PLATINUM NISSAN- 8291040124, BHOPAL: SOHUM NISSAN- 8291060887, CHHINDWARA: SHREE KRISHNA NISSAN- 8291046174, GWALIOR: SHIVPURI LINK ROAD: SUMEDHA NISSAN- 9619894841, INDORE: GEETA BHAWAN SQUARE: ANAND NISSAN- 8291045843, CHHATTISGARH: RAIPUR: OPPOSITE MAGNETO MALL: SHIVA NISSAN- 9167298723, BILASPUR: SHIVA NISSAN- 9167196314.

*Terms & conditions apply. The scheme/benefits mentioned are applicable on select vehicles/variants invoiced on or before 31st October 2025 or till stocks last. All prices ex-showroom Delhi. Features may vary from variant to variant. Colours, models and variant are indicative and for depiction only and may vary due to printing constraints. Accessories shown may not be part of standard fitment. Please visit your nearest Nissan dealer for more information. Finance at sole discretion of NRFSI. *Segment refers to B-SUV models with Length <4m. *Standard warranty 3 year or 100k km whichever comes first and can be extended to 10 years 200K on additional cost. *Offer applicable on Nissan Magnite only and customer needs to provide certificate of deposit. *Government approved CNG Kit fully developed, manufactured & Quality assured by a 3rd Party. CNG kit warranty & any other related terms & conditions are applicable as specified by third party. ®GNCAP rating for Nissan Magnite published in 2025 - 5 Star for Adult Safety and 3 Star for Child Safety rating from VIN: MDHFBADD0Z0037139. Detailed report available on website: www.globalncap.org/indiaresults.

NISSAN FINANCE

TBWA\38980925

जबलपुर
गुरुवार, 9 अक्टूबर 2025
कार्तिक मास कृष्ण पक्ष-03
वर्ष : 20, अंक : 162
पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 28
न्यून. 17

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

## इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2025 का आगाज



पीएम मोदी बोले

# आज 1 जीबी डेटा की कीमत 'एक कप' चाय से भी कम

'इनोवेट टू ट्रांसफॉर्म' थीम पर यह टेक्नोलॉजी इवेंट

इसमें 150 देशों के प्रतिनिधि और 400 कंपनियां हिस्सा ले रहीं



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को नई दिल्ली के यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर में इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2025 का उद्घाटन किया। 'इनोवेट टू ट्रांसफॉर्म' थीम पर आयोजित यह एशिया का सबसे बड़ा टेक्नोलॉजी इवेंट है, जिसमें 150 देशों के प्रतिनिधि और 400 कंपनियां हिस्सा ले रही हैं। यह 11 अक्टूबर तक चलेगा। पीएम ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि देश की युवा पीढ़ी टेक क्रांति में अहम योगदान दे रही है। उन्होंने कहा कि पहले फ्यूचर का मतलब अगला शतक या अगले 10-20 साल होते थे, लेकिन टेक्नोलॉजी इतनी तेजी से बदल रही है कि अब हम कहते हैं- द फ्यूचर इज हेयर एंड नाऊ। पीएम मोदी ने भारत में सस्ते मोबाइल डेटा की ओर ध्यान खींचते हुए कहा कि आज देश में 1 जीबी वायरलेस डेटा की कीमत एक कप चाय की कीमत से भी कम है।

### 6जी टेक्नोलॉजी में भारत दुनिया को लीड करेगा

मोदी ने कहा कि मैंने प्रदर्शनी में लगे कुछ स्टॉल्स देखे जिसमें मुझे भविष्य की झलक दिखी। टेलीकॉम कनेक्टिविटी, 6जी टेक्नोलॉजी, एआई, साइबर सिक्योरिटी सेमीकंडक्टर्स, ड्रोन-स्पेस टेक्नोलॉजी, डीप-सी और ग्रीन-टेक आदि समेत अन्य टेक्नोलॉजी सेक्टर्स में आने वाला समय बिलकुल ही अलग होने जा रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि 6जी टेक्नोलॉजी में भारत दुनिया को लीड करेगा। मोदी ने इंटरनेट स्पीड का महत्व बताते हुए कहा कि इंटरनेट स्पीड केवल नंबर और रैंकिंग के लिए ही नहीं होते, बल्कि अच्छी इंटरनेट स्पीड इज ऑफ लिविंग को भी बढ़ा देते हैं। उन्होंने कहा कि इंटरनेट स्पीड बढ़ने से कनेक्टिविटी और आसान हो जाती है। टेक्नोलॉजी ने आम नागरिकों को वो अधिकार दिलाने में सहायता की है जो पहले मिलना मुश्किल थे और इसमें टेलीकॉम सेक्टर ने बड़ी भूमिका निभाई है।

### 100 से अधिक सेशन होंगे

डेटा खपत की बात करें, तो भारत दुनिया के अग्रणी देशों में शामिल है। इसका मतलब है कि डिजिटल कनेक्टिविटी अब कोई विलासिता या विशेषाधिकार नहीं रही, बल्कि भारतीय जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुकी है। कार्यक्रम में 800 से ज्यादा स्पीकर्स और 100 से अधिक सेशन होंगे, जिनमें जापान, कनाडा, ब्रिटेन, रूस, आयरलैंड और ऑस्ट्रिया जैसे देशों के प्रतिनिधिमंडल भी शामिल होंगे। इस इवेंट को अंतरराष्ट्रीय सहयोग की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है।

### 2 लाख ग्राम पंचायतों में पहुंचा केबल इंटरनेट

पीएम मोदी ने कहा कि भारत नेट प्रोजेक्ट ने 2 लाख ग्राम पंचायतों को ब्रॉडबैंड इंटरनेट से जोड़ा है। मोदी ने कहा कि अटल टिंकरिंग लैब (एटीएल) मिशन में 10,000 लैब्स के जरिए 75 लाख बच्चों को कटिंग-एज टेक्नोलॉजी से जोड़ा जा चुका है। पीएम ने आगे कहा कि आज तकनीकी संस्थानों में 100 यूज्ड केस लैब्स की शुरूआत से इसका ग्राफ बढ़ने वाला है।

---

मुंबई में पीएम मोदी ने आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई न करने पर कांग्रेस को लिया आड़े हाथ

# अब भारत घर में घुसकर मारता है, कांग्रेस बताए मुंबई आतंकी हमले के बाद किसके दबाव में कार्रवाई नहीं की

एजेंसी ▶▶ मुंबई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कांग्रेस पार्टी को आड़े हाथों लिया। उन्होंने संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) की सरकार के दौरान गृह मंत्री रहे पी चिदंबरम के बयान के आधार पर सवाल किया कि कांग्रेस को बताना चाहिए कि आतंकवाद के खिलाफ किसके दबाव में कार्रवाई नहीं की गई। पीएम मोदी ने मुंबई में आयोजित कार्यक्रम के दौरान ये बातें कहीं। 2008 में आतंकियों ने मुंबई शहर को बड़े हमले के लिए चुना। लेकिन, तब जो कांग्रेस सरकार सत्ता में थी, उसने कमजोरी का संदेश दिया और आतंकवाद के सामने घुटने टेक दिए।

मोदी ने कहा कि कांग्रेस की कमजोरी ने आतंकवादियों को मजबूत किया, देश की सुरक्षा को कमजोर किया जिसकी कीमत देश को बार-बार जानें गंवाकर चुकानी पड़ी

पीएम ने नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पहले चरण का उद्घाटन किया



### मुंबई व देश की भावना से खिलवाड़ किया

**बकौल प्रधानमंत्री मोदी-** हाल ही में कांग्रेस के एक बड़े नेता, जो कांग्रेस के शासनकाल में देश के गृहमंत्री रह चुके हैं, ने एक साक्षात्कार में बड़ा खुलासा किया है कि 2008 के मुंबई हमले के बाद हमारी सेनाएं, पाकिस्तान पर हमला करने को तैयार थीं। पूरा देश भी यही चाहता था, लेकिन किसी दूसरे देश के दबाव में कांग्रेस सरकार ने देश की सेनाओं को पाकिस्तान पर हमला करने से रोक दिया। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस को बताना होगा कि वह कौन था जिसने विदेशी दबाव में फैसला लिया और मुंबई व देश की भावना से खिलवाड़ किया। उन्होंने कहा कि हमारे लिए देश और देशवासियों की सुरक्षा से बढ़कर कुछ भी नहीं है। आज का भारत दमदार जवाब देता है, घर में घुसकर मारता है। यह ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दुनिया ने देखा है।

---

## खबर संक्षेप

### ज्योति सिंह का दावा पवन ने कराया गर्भपात

**नई दिल्ली।** भोजपुरी स्टार पवन सिंह की पत्नी ने उनपर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि पवन सिंह मुझे गर्भपात की दवा देते थे। उन्होंने कहा कि पवन बच्चे की बात कर रहे हैं



लेकिन हर बार मुझे दवा खिलाई गई। मैंने परेशान होकर स्लीपिंग पिल खा ली। ज्योति ने कहा कि मैं 5 तारीख को उनके आवास गई थी। पवन ने कहा वहां पुलिस थी, हमें गार्ड ने मना किया था। थोड़ी देर बाद प्रशासन आया और कहा कि थाने चलिए।

### राष्ट्रपति मुर्मू आज से 11 तक गुजरात दौरे पर


**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 9 से 11 अक्टूबर 2025 तक तीन दिवसीय दौरे पर गुजरात जाएंगी। इस दौरान वे राज्य के कई प्रमुख धार्मिक स्थलों पर पूजा-अर्चना और आदिवासी समुदायों से संवाद करेंगी।



राष्ट्रपति 9 अक्टूबर की शाम राजकोट पहुंचेंगी। अगले दिन सोमनाथ मंदिर जाएंगी। इसके बाद वे गिर राष्ट्रीय उद्यान जाएंगी और सासन गिर में स्थानीय आदिवासी समुदाय के सदस्यों से मुलाकात करेंगी।

### ईडी का अभिनेताओं के ठिकानों पर छापा

**कोच्चि।** भूटान से भारत में लक्जरी कारों की तस्करी के मामले में ईडी ने बुधवार को केरल और तमिलनाडु में अभिनेताओं पृथ्वीराज सुकुमारन, दुलकर सलमान और



अमित चक्कलक्कल तथा कुछ अन्य लोगों से जुड़े परिसरों पर छापेमारी की। इस दौरान एर्नाकुलम, त्रिशूर, कोझिकोड, मलप्पुरम, कोट्टायम और कोयंबटूर के कुछ वाहन मालिकों, वर्कशाप और व्यापारियों के परिसरों पर भी छापे मारे।

---

## कफ सिरप कांड

छिंदवाड़ा में सिविल सर्जन को हटाया, ड्रग इंस्पेक्टर ने डिप्टी सीएम को गिनाई भोपाल लैब की खामियां

# अब मौत का आंकड़ा 23...मप्र की एसआईटी की दो टीमें कंपनी के मालिक को 'खोज' रहीं




*एसआईटी की दो टीमें तमिलनाडु पहुंच चुकी हैं और सन फार्मा के मालिक रंगनाथन के छिपने के संभावित ठिकानों पर दबिश दे रहीं हैं पर ये मौत का सौदागर अभी पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ा है*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश में जहरीले कफ सिरप से बच्चों की मौत का आंकड़ा 23 तक पहुंच गया है। इस मामले में एक और एक्शन हुआ है। डिप्टी सीएम और स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ल ने बुधवार को छिंदवाड़ा जिला अस्पताल के सिविल सर्जन नरेश गोन्नाड़े को हटा दिया है। उनकी जगह डॉ. सुशील दुबे नए सिविल सर्जन बनाए गए हैं।

गोन्नाड़े सीएमएचओ भी हैं, उनके पास सिविल सर्जन का प्रभार भी था। जिसके बाद उनसे सिविल सर्जन का चार्ज वापस ले लिया गया है। इससे पहले बुधवार को डिप्टी

- अब तक प्रदेश से जहरीली कफ सिरप का पूरा स्टॉक हटा या नहीं, इसकी कोई पुख्ता जानकारी नहीं
- मेडिकल स्टोर संचालकों ने गाइडलाइन मांगी कि खांसी में आखिर कौनसी सिरप बेची जाए?

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी 11 या 12 अक्टूबर को छिंदवाड़ा के परासिया आएंगे



उपमुख्यमंत्री शुक्ल पीड़ित परिवारों से मिले

डिप्टी सीएम शुक्ल नागपुर से छिंदवाड़ा पहुंचे और मृतक बच्चों के परिजनों से भी मिले

### भोपाल की लैब में माइक्रो लेवल पर टेस्टिंग नहीं

बैठक में ड्रग इंस्पेक्टर ने स्वास्थ्य मंत्री को लैब की कमियों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हमारी लैब को अपडेशन की जरूरत है। इस पर स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि कहां की लैब, छिंदवाड़ा की या भोपाल की। इस पर ड्रग इंस्पेक्टर ने कहा कि भोपाल की लैब। वहां पर ही माइक्रो लेवल पर टेस्टिंग नहीं हो पाती और जांच में भी समय लगता है। जिला औषधि विक्रेता संघ ने भी स्वास्थ्य मंत्री से मुलाकात कर अपनी समस्या बताई। अध्यक्ष संतोष चौरे ने कहा कि प्रशासन हम पर सभी तरह के कफ सिरप न बेचने का दबाव बना रहा है। ऐसे में मौसमी बीमारियों के मरीजों को भी हम दूसरी कंपनियों के सिरप नहीं दे पा रहे हैं। हमें इस पर स्पष्ट गाइडलाइन चाहिए।

### डॉक्टरों से कहा - यह हड़ताल का सही समय नहीं

स्वास्थ्य मंत्री ने इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के पदाधिकारियों से भी मुलाकात की, जिन्होंने अनिश्चितकालीन हड़ताल का ऐलान किया था। मंत्री ने डॉक्टरों से अनुरोध किया कि ऐसे इमरजेंसी के हालात में हड़ताल पर न जाएं, क्योंकि इससे डॉक्टरों की छवि पर फर्क पड़ता है।

### सियासत भी गर्माई, कांग्रेस ने मांगा 1-1 करोड़ रुपए का मुआवजा

इस त्रासदी पर अब राजनीतिक बयानबाजी भी शुरू हो गई है। कांग्रेस ने पीड़ित परिवारों के लिए 1-1 करोड़ रुपए के मुआवजे की मांग की है और सरकार पर लापरवाही का आरोप लगाया है। वहीं, भाजपा ने कहा है कि जांच पूरी पारदर्शिता से की जा रही है और दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि सरकार 4 लाख रुपए में मां की गोद खरीदना चाहती है। नेता प्रतिपक्ष ने मांग की है कि परिजनों से बिल लेकर अस्पताल से संबंधित भुगतान किया जाए, ताकि वे परिवार जिनके बच्चों की मृत्यु हो चुकी है और जो कर्ज में डूब चुके हैं, उन्हें आर्थिक राहत मिल सके। सिंघार बुधवार को छिंदवाड़ा पहुंचे थे।

---

डॉक्टर ने छोटे भाई को थार से कुचलवाया

10 लाख की दी थी सुपारी

# 6 करोड़ के जमीन विवाद पर 'हत्या' कराने की थी कोशिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वाह (खरगोन)

खरगोन जिले में बड़वाह के बलवाड़ा में हत्या की साजिश रचने के केस में फरार डॉक्टर दीपक शर्मा ने बुधवार को बलवाड़ा थाने में आत्मसमर्पण कर दिया। 29 सितंबर को थार से छोटे भाई संदीप को कुचलने की कोशिश की गई। डॉक्टर पर छोटे भाई की हत्या की साजिश का आरोप है। आरोपी ने पूछताछ के दौरान कबूल किया कि उसने अपने छोटे भाई की हत्या के लिए 10 लाख रुपए की सुपारी दी थी। उसने पुलिस को बताया है कि वह पेरेंट्स द्वारा पुश्तैनी जमीन छोटे भाई को देने से था।



### एएसआई समेत तीन लोगों को इनोवा से कुचलने की कोशिश

**नरसिंहपुर।** नरसिंहपुर में एएसआई समेत तीन बाइक सवार लोगों को इनोवा कार से कुचलने की कोशिश की गई। घटना 4 अक्टूबर को करेली गुरुद्वारा के पास की है, जिसका सीसीटीवी फुटेज बुधवार को सामने आया है। बाइक पर जबलपुर जिले के चरगवां में पदस्थ एएसआई लालसिंह सेन, अपने साले और बेटे के साथ थे।

---

गृह मंत्री शाह ने जीमेल छोड़ा

# जोहो मेल को बनाया नया ईमेल प्लेटफॉर्म



यह स्वदेशी तकनीक तेजी से लोकप्रिय

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अपना ईमेल प्लेटफॉर्म बदलते हुए जीमेल से जोहो मेल पर स्विच कर लिया है। यह स्वदेशी तकनीक तेजी से लोकप्रिय हो रही है और डिजिटल आत्मनिर्भरता के मार्ग पर एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। अमित शाह ने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर यह जानकारी साझा की।

---

मामले को वापस हाईकोर्ट भी भेज सकता है सुप्रीम कोर्ट

# ओबीसी को 27% आरक्षण की मांग पर सुप्रीम कोर्ट में आज होगी सुनवाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मध्यप्रदेश में ओबीसी के लिए 27 फीसदी आरक्षण देने के लिए लाए गए 2019 के कानून पर अमल सुनिश्चित करने की मांग वाली याचिका पर जस्टिस पीएस नरसिम्हा की अध्यक्षता वाली पीठ गुरुवार को सुनवाई करेगी।

सुप्रीम कोर्ट इस मामले पर पहले ही नोटिस जारी कर चुका है। बुधवार को इस मामले पर सुनवाई होनी थी। सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई शुरू होते ही सॉलिसिटर जनरल

*कोर्ट ने कहा कि हम ये चाहते हैं कि ये मैटर हाईकोर्ट के फैसले के बाद हमारे पास आए। सुप्रीम कोर्ट में ट्रांसफर पिटीशन पहुंची हैं। इस मामले में हाईकोर्ट का कोई फैसला नहीं हैं।*



तुषार मेहता ने मैटर को मेंशन किया। मेहता ने कहा कि इसमें बहुत सारे टेक्निकल पक्ष हैं। इसलिए कहीं न कहीं इसकी सुनवाई में समय लग सकता है। इसके समाधान के लिए क्या तरीका निकाला जाए? क्यों न कुछ और तरह का सॉल्यूशन निकाला जाए। इस पर कोर्ट ने कहा कि आप फिर वक्त मांगेंगे तो और समय जाएगा। दिक्कतें बढ़ेंगी। अगले हफ्ते दीवाली है, छुट्टियां हैं। कोर्ट ने कहा कि हम ये चाहते हैं कि ये मैटर हाईकोर्ट के फैसले के बाद हमारे पास आए। सुप्रीम कोर्ट में ट्रांसफर पिटीशन पहुंची हैं।

---

सब-इंस्पेक्टर पर 40 हजार मांगने का आरोप

परिजनों ने किया चक्काजाम, पुलिस पर प्रताड़ना के लगाए आरोप

# पुलिस के खिलाफ रील बनाने वाले युवक ने की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उज्जैन

उज्जैन में सोशल मीडिया पर पुलिस को अपशब्द कहकर चुनौती देने वाले युवकों में से एक अभिषेक चौहान ने बुधवार सुबह फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इसके बाद नाराज परिजनों ने चिमनगंज मंडी चौराहे पर शव रखकर नारेबाजी करते हुए चक्काजाम कर दिया।

अभिषेक के साथी और परिजनों ने पुलिस पर रिश्वत मांगने और प्रताड़ना के आरोप लगाए।



पुलिस अधिकारियों का कहना है कि परिजनों के बयानों के आधार पर मामले की जांच की जाएगी। दरअसल, यह मामला दो दिन पहले की पुलिस कार्रवाई से जुड़ा है। विराटनगर में रहने वाले अभिषेक चौहान ने अपने साथी विक्की राठौर के साथ करीब एक सप्ताह पहले इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया था। वीडियो में अभिषेक पुलिस को अपशब्द कहते हुए चुनौती दे रहा था कि अगर पुलिस उसे जेल भेजेगी, तो उसका पिता उसे छुड़ा लेगा। वीडियो वायरल होने के बाद सोमवार शाम क्राइम ब्रांच ने अभिषेक और विक्की को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई की थी। पुलिस ने दोनों युवकों को सबक सिखाने के लिए माफी मंगवाकर उसका वीडियो भी बनवाया था।

---

जापान-ऑस्ट्रेलिया और यूएस के वैज्ञानिकों को मिला सम्मान

रसायन के लिए नोबेल पुरस्कार का ऐलान

# मेटल-ऑर्गेनिक फ्रेमवर्क खोजा, जिसका उपयोग गैस को जोड़े रखने व कार्बन डाइऑक्साइड को हवा में से हटाने के लिए होगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



रसायन में नोबेल पुरस्कार 2025 की घोषणा हो चुकी है। स्वीडन की रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज ने बुधवार को इसका ऐलान किया। इस साल ये सम्मान तीन वैज्ञानिक सुसुमु कितागावा (जापान), रिचर्ड रॉबसन (ऑस्ट्रेलिया) और उमर एम. याघी (अमेरिका) को मिला है। रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज ने सुसुमु कितागावा, रॉबसन और उमर एम. याघी को धातु-कार्बनिक ढांचे के विकास के लिए रसायन विज्ञान में 2025 का नोबेल पुरस्कार देने का निर्णय लिया है।

ये सम्मान तीन वैज्ञानिक सुसुमु कितागावा (जापान) रिचर्ड रॉबसन (ऑस्ट्रेलिया) और उमर एम. याघी (अमेरिका) को मिला



सुसुमु कितागावा



रिचर्ड रॉबसन



उमर एम. याघी

### मेटल-ऑर्गेनिक फ्रेमवर्क में योगदान

रसायन में यह प्रतिष्ठित पुरस्कार इन वैज्ञानिकों को मेटल-ऑर्गेनिक फ्रेमवर्क में अपने योगदान के लिए दिया गया है। जो कि कार्बन और मेटल दोनों से मिलकर बने होते हैं, इनका उपयोग केमिकल प्रोसेस में सहयोग, गैस को जोड़े रखने और कार्बन डाइऑक्साइड को हवा में से हटाने के लिए किया जाता है।

### अब तक 116 बार रसायन के लिए यह सम्मान दिया गया

इन शोधकर्ताओं को पुरस्कार के संस्थापक अल्फ्रेड नोबेल की पुण्यतिथि 10 दिसंबर को एक समारोह में औपचारिक रूप से स्टॉकहोम में प्रदान किया जाएगा। बता दें कि 1901 से 2024 के बीच 195 नोबेल पुरस्कार विजेताओं को 116 बार रसायन के लिए यह सम्मान प्रदान किया जा चुका है। गौरतलब है कि अल्फ्रेड नोबेल एक धनी स्वीडिश उद्योगपति और डायनामाइट के आविष्कारक थे और उन्होंने ही इन पुरस्कारों की स्थापना की थी।

## खबर संक्षेप

### युवा वांग पर मेटा ने लुटाए 1.24 लाख करोड़



**नई दिल्ली।** मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस रेस में बड़ा कदम उठाते हुए 28 वर्षीय एलेक्जेंडर वांग को सुपर इंटेलिजेंस लैब्स का हेड बनाया है। वांग पहले स्केल एआई के सीईओ रह चुके हैं। मेटा ने वांग के स्टार्टअप स्केल एआई में करीब 14.3 अरब डॉलर (करीब 1.24 लाख करोड़) निवेश किए हैं।

### पूरन कुमार ने सुसाइड से पहले बनाई वसीयत



**चंडीगढ़।** हरियाणा के वरिष्ठ आईपीएस अफसर वाई पूरन कुमार ने सुसाइड करने से एक दिन पहले अपनी वसीयत तैयार कराई थी। उन्होंने वसीयत में सारी संपत्ति अपनी पत्नी और हरियाणा की वरिष्ठ आईएएस अफसर अमनीत पी. कुमार के नाम करने की बात लिखी है। वसीयत पर 6 अक्टूबर की डेट दर्ज है।

## पाक रक्षा मंत्री ने दी गीदड़भभकी

# कहा- भारत के साथ कभी भी छिड़ सकती है जंग, इससे इनकार नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने गीदड़भभकी देते हुए कहा कि भारत के साथ युद्ध की संभावना है। ख्वाजा आसिफ की यह भड़काऊ टिप्पणी भारत द्वारा इस्लामाबाद को राज्य प्रायोजित आतंकवाद का समर्थन न करने या अपनी भौगोलिक उपस्थिति खोने के खतरे के प्रति आगाह करने के कुछ दिनों बाद आई है। उन्होंने कहा कि इतिहास में औरंगजेब के शासनकाल को छोड़कर, भारत कभी भी एक एकीकृत राष्ट्र नहीं रहा। पाकिस्तान अल्लाह के नाम पर बना था। घर में हम बहस करते हैं और प्रतिस्पर्धा करते हैं। लेकिन भारत के साथ लड़ाई में हम एकजुट हो जाते हैं। उन्होंने आगे कहा कि मैं तनाव नहीं बढ़ाना चाहता, लेकिन युद्ध का जोखिम वास्तविक है और मैं इससे इनकार नहीं कर रहा हूं। अगर युद्ध की नौबत आई, तो इंशाअल्लाह हम पहले से बेहतर परिणाम हासिल करेंगे, इंशाअल्लाह। बता दें, पाकिस्तान के रक्षा मंत्री के बयान से ऐसा लगता है कि पाकिस्तान बिल्कुल डरा हुआ है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद से पाकिस्तान को फिर से भारत के हमले की आशंका डरा रही है।



### भारत पूरी तरह तैयार

ख्वाजा आसिफ के अजीबोगरीब दावे से पहले पिछले ही हफ्ते सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने पाकिस्तान को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा था कि या तो आतंकवाद का समर्थन करना बंद करो या अपनी भौगोलिक उपस्थिति खोने के लिए तैयार रहो। इस बार भारत पूरी तरह तैयार है। हम ऑपरेशन सिंदूर 1.0 के दौरान दिखाए गए संयम का प्रदर्शन नहीं करेंगे। इस बार कार्रवाई ऐसी होगी कि पाकिस्तान को सोचना पड़ेगा कि क्या वह भौगोलिक रूप से अस्तित्व में रहना चाहता है।

## 100 सदस्यों का डेलिगेशन लेकर मुंबई पहुंचे ब्रिटिश पीएम

# स्टार्मर बोले- ये ब्रिटेन का सबसे बड़ा व्यापारिक मिशन, भारत के साथ रिश्तों को मजबूत करेगा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर बुधवार को मुंबई पहुंचे। उनके साथ 2024 में पीएम बनने के बाद यह उनका पहला भारत दौरा है। उनके साथ व्यापार, संस्कृति और दूसरे क्षेत्रों के 100 से अधिक लोगों का एक डेलिगेशन भी आया है, जिसमें आईटी, ऑटो-मोबाइल सहित कई क्षेत्रों के कारोबारी भी शामिल हैं। महाराष्ट्र के राज्यपाल देवव्रत आचार्य, सीएम देवेंद्र फडणवीस, डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे और अजित पवार ने पीएम स्टार्मर का एयरपोर्ट पर स्वागत किया। स्टार्मर ने मुंबई आने से पहले डेलिगेशन का अनोखे अंदाज में स्वागत किया।

उन्होंने खुद कॉकपिट में जाकर घोषणा की कि मैं आपका पीएम बोल रहा हूं। यह कोई साधारण उड़ान नहीं है, बल्कि ब्रिटेन का अब तक का सबसे बड़ा व्यापारिक मिशन है। जो भारत के साथ नए व्यापारिक रिश्तों को मजबूत करने के लिए आयोजित किया गया है। स्टार्मर ने इंस्टाग्राम पर इस पल का वीडियो साझा करते हुए कहा कि आप सभी का इस फ्लाइट में स्वागत है। हम नए मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के तहत सभी संभावनाओं को तलाशने के लिए उत्सुक हैं। स्टार्मर ने मुंबई के ताज महल पैलेस में साथ आए डेलिगेशन से बात की।

स्टार्मर ने मुंबई आने से पहले डेलिगेशन का अनोखे अंदाज में स्वागत किया। उन्होंने खुद कॉकपिट में जाकर घोषणा की कि मैं आपका पीएम बोल रहा हूं। यह कोई साधारण उड़ान नहीं है, बल्कि ब्रिटेन का अब तक का सबसे बड़ा व्यापारिक मिशन है

पीएम मोदी से आज मुंबई में करेंगे मुलाकात

ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2025 में भाग लेंगे




### बॉलीवुड ब्रिटेन में वापसी कर रहा

*स्टार्मर ने यशराज स्टूडियो का दौरा किया। यशराज फिल्म्स ने पुष्टि की है कि वह अपनी तीन बड़ी फिल्मों की शूटिंग 2026 की शुरुआत से यूनाइटेड किंगडम (यूके) में करेगी। ब्रिटिश पीएम ने कहा कि इस कदम से ब्रिटेन में 3,000 से अधिक नौकरियां पैदा होंगी। पीएम स्टार्मर ने कहा कि बॉलीवुड ब्रिटेन में वापसी कर रहा है। यह पार्टनरशिप भारत-ब्रिटेन ट्रेड डील के असली मकसद को पूरा करती है।*

### विजन 2030 पर होगी चर्चा

*स्टार्मर और पीएम मोदी के बीच आज मुंबई में एक कार्यक्रम में मुलाकात होगी और 'विजन 2030' के तहत साझेदारी के डेवलपमेंट पर चर्चा करेंगे। दोनों नेता मुंबई में ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2025 में हिस्सा लेंगे। यह दुनिया का सबसे बड़ा फिनटेक इवेंट है, जो 7 से 9 अक्टूबर तक चलेगा। इसका एजेंडा एआई ऑपरेटेड फाइनेंस को मजबूत बनाना है। इसमें फाइनेंशियल टेक्नोलॉजी को ज्यादा समावेशी, तेज और मजबूत बनाने पर चर्चा होगी। यहां कई ग्लोबल लीडर, रेगुलेटर और इनोवेटर आएंगे।*

## डेडलाइन खत्म तो तुर्की के पास पहुंचे राष्ट्रपति ट्रंप

# गाजा पीस प्लान पर हमास को बिना किसी शर्त राजी करवाने के लिए मांगी सहायता

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप किसी भी कीमत पर इजराइल और हमास के बीच शांति लाना चाहते हैं। इसके लिए उनका महत्वाकांक्षी गाजा पीस प्लान तैयार है। लेकिन इस प्लान पर हमास की हां-ना, हां-ना के बीच असमंजस की स्थिति बनी हुई है। ऐसे में ट्रंप ने अब तुर्की की मदद मांगी है। तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप एर्दोगन का कहना है कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने गाजा पीस प्लान को लेकर उनसे मदद मांगी है। ट्रांप चाहते हैं कि हम हमास को रजामंद करें कि वह इस पीस प्लान को बिना किसी शर्त के स्वीकार कर ले। हमास को किसी भी तरह यह प्लान मानने के लिए तैयार किया जाए।



### इजराइल और हमास की वार्ता तीसरे दिन भी जारी

इजराइल और हमास की शांति वार्ता का तीसरे दिन बुधवार को जारी रही। यह वार्ता मिस्र के एक होटल में हो रही है। इस वार्ता में अमेरिका, इजराइल और अन्य मध्यस्थ देशों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। तुर्की के इंटेलिजेंस चीफ इब्राहिम कालिन भी मौजूद थे। इजराइल की तरफ से पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के मुख्य सलाहकार रॉन डेरमेर शामिल हुए। इस दौरान हमास के एक वरिष्ठ अधिकारी ताहर नौनू ने कहा कि हमास ने एक सूची साझा की है, जिसमें उन फिलिस्तीनी कैदियों के नाम हैं जिन्हें वह इजराइली बंधकों के बदले में रिहा करना चाहता है, जैसा कि समझौते की शर्तों में कहा गया है। वहीं, एर्दोगन ने कहा कि इस पूरी प्रक्रिया के दौरान हम हमास के संपर्क में हैं। हम सभी पक्षों के संपर्क में हैं।

## भारतीय प्रतिनिधिमंडल के साथ बारबाडोस पहुंचे लोकसभा स्पीकर

# 68वें राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन में हुए शामिल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने ब्रिजटाउन के बारबाडोस में 68वें राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन के उद्घाटन समारोह में भाग लिया। समिट का आयोजन 'राष्ट्रमंडल-एक वैश्विक साझेदार' थीम पर किया गया। कार्यक्रम में एक अधिक न्यायसंगत और समावेशी विश्व के निर्माण में संवाद, सहयोग और साझा लोकतांत्रिक मूल्यों के महत्व पर जोर दिया गया।

ओम बिरला ने एक्स पर पोस्ट किया कि बारबाडोस में 68वें राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन के उद्घाटन समारोह में दुनिया भर के वक्ताओं और नेताओं के साथ शामिल होना वाकई प्रेरणादायक है। 'राष्ट्रमंडल-एक वैश्विक साझेदार' हमें याद दिलाता है कि संवाद, सहयोग और साझा लोकतांत्रिक मूल्यों के माध्यम से हम मिलकर एक अधिक न्यायसंगत और समावेशी विश्व का निर्माण कर सकते हैं।

संवाद, सहयोग और लोकतांत्रिक मूल्यों से विश्व का निर्माण हो सकेगा

समिट की थीम 'राष्ट्रमंडल-एक वैश्विक साझेदार' पर आयोजन



### आयोजन 12 अक्टूबर तक होगा

*68वें राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन का आयोजन 12 अक्टूबर तक होगा। सम्मेलन में शामिल होने के लिए भारतीय प्रतिनिधिमंडल में राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह, सांसद (लोकसभा) अनुराग शर्मा, सांसद (लोकसभा) डी. पुरंदेश्वरी, सांसद (लोकसभा) के. सुधाकर, सांसद (राज्यसभा) रेखा शर्मा, सांसद (राज्यसभा) अजीत माधवराव गोपछड़े, महासचिव, लोकसभा उत्पल कुमार सिंह और महासचिव, राज्यसभा पी.सी. मोदी शामिल हैं।*

### भारतीय प्रवासियों से करेंगे बात

*ओम बिरला ने कहा कि साझा लोकतांत्रिक परंपराओं वाले राष्ट्रों के रूप में, राष्ट्रमंडल एक अधिक समावेशी और सहयोगी वैश्विक व्यवस्था को आकार देने के लिए एक अनूठा मंच प्रदान करता है। अपने प्रवास के दौरान वे बारबाडोस के नेतृत्व से मिलने और प्रवासी भारतीयों के साथ बातचीत करेंगे। इसके अलावा, इस सम्मेलन के दौरान विभिन्न विषयों पर सात कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी।*



## चिंतन

# कांग्रेस का पीछा ही नहीं छोड़ रहे उसके कारनामे

सत्ता में रहने के दौरान किए गए कारनामों को लेकर कांग्रेस लगातार घिर रही है। ये कारनामे बीते 11 सालों से सत्ता से बाहर कांग्रेस का पीछा छोड़ते नजर नहीं आ रहे। बीते दिनों पूर्व गृहमंत्री और कांग्रेस नेता पी. चिदंबरम ने खुलासा किया कि वे मुम्बई हमले के बाद पाकिस्तान पर कार्रवाई करने को तैयार थे, लेकिन बाहरी दबाव के चलते ऐसा नहीं कर पाए। मुंबई में 26/11 को हुए आतंकी हमले ने भारत को हिलाकर रख दिया था। पाकिस्तान आधारित लश्कर-ए-तैयबा के आतंकियों ने 175 लोगों की जान ले ली थी। इस हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई पर विचार किया, लेकिन अंतरराष्ट्रीय दबाव, खासकर अमेरिका के कहने पर भारत ने युद्ध की राह नहीं चुनी। चिदंबरम ने बताया कि हमले के दौरान ही तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के साथ सैन्य कार्रवाई पर चर्चा हुई थी, लेकिन उस समय की अमेरिकी विदेश मंत्री राइस ने उनसे और प्रधानमंत्री से मुलाकात कर भारत को संयम बरतने को कहा। चिदंबरम ने स्पष्ट किया कि यह फैसला सरकार का था, लेकिन अंतरराष्ट्रीय दबाव और कूटनीतिक सलाह ने इसे प्रभावित किया। इससे साफ है कि कांग्रेस सरकार लगातार विदेशी दबाव में थी और उनके अनुसार ही फैसले ले रही थी। आतंकवाद पर तो कांग्रेस की नीति न केवल लचर थी बल्कि कांग्रेस सरकार कड़ा फैसला ही नहीं ले पाई। यही कारण रहा कि देश में आतंकी हमले होते रहे और निर्दोष नागरिक जान गंवाते रहे। जबकि सरकार बदलने के बाद पिछले दो दशकों में आतंकवाद को लेकर भारत की नीति में एक बड़ा बदलाव देखने को मिला है। अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में राष्ट्रवाद की गहराई से जुड़ी भावना के साथ पाकिस्तान के खिलाफ आर्थिक, कूटनीतिक, राजनीतिक और सामरिक, हर मोर्चे पर निर्णायक और घातक वार किया गया। 26 नवंबर 2008 को भारत की आर्थिक राजधानी पर हुआ हमला निस्संदेह सबसे भयानक, घातक और खतरनाक था। मुंबई को दुश्मनों ने घेर लिया था। पाकिस्तान आधारित लश्कर-ए-तैयबा के दस आतंकवादी शहर में घुसे, प्रमुख स्थानों पर फैल गए और लगभग 12 स्थानों पर बम धमाके कर, निर्दोष नागरिकों को बंधक बनाकर, कई दिनों तक आतंक का तांडव मचाया। इसमें 160 से अधिक लोगों की जान गई। पाकिस्तानी आतंकी कसाब जीवित पकड़ा गया। उसने खुद कबूल किया कि इसके पीछे पाकिस्तान था। भारत के पास खुद अपराधी का इकबालिया बयान था। दुनिया देख रही थी, पाकिस्तान कांप रहा था, लोग गुस्से में थे, कांग्रेस सरकार अमेरिका के दबाव में थी। जबकि 2014 के बाद आतंकवाद पर देश की नीति ही बदल गई। पठानकोट में वायुसेना अड्डे पर आतंकी हमला हुआ तो भारत ने निर्णायक रुख अपना लिया। 2019 में पुलवामा में सीआरपीएफ जवानों पर हमला हुआ तो इस बार भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान के बालाकोट में स्थित जैश-ए-मोहम्मद के कैंप पर एयर स्ट्राइक करके जवाब दिया। भारत ने कूटनीतिक स्तर पर भी पाकिस्तान को अलग-थलग कर दिया। 22 अप्रैल 2025 में पहलगाम पयर्टकों पर हमला हुआ तो 7 मई 2025 को भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान में फैले 9 आतंकवादी ठिकानों पर 24 मिसाइल हमले से सैकड़ों आतंकियों को मौत की नींद सुला दिया। इस हमले में आतंकियों के सरगना अजहर के परिवार के 10 सदस्य भी मारे गए। यह है बदले भारत की तस्वीर, जो ईंट का जवाब पत्थर से देना जानता है। अब कोई अमेरिका हमारे फैसले नहीं बदल सकता।



स्वास्थ्य
प्रमोद भार्गव

# सर्दी-खांसी की दवा बनी अभिशाप

> सर्दी-खांसी की दवा के सेवन से 16 बच्चों की मौत हो गई। इन बच्चों को कोल्ड्रिफ कफ सीरप स्वास्थ्य लाभ के लिए दिया गया था, किंतु वह मौत का कारण बन गया। इसकी गुणवत्ता संदेह के दायरे में है। तमिलनाडु सरकार के औषधि प्रशासन विभाग ने कंपनी की उत्पादन इकाई से नमूने लेकर जांच की तो एसआर-13 बैच में हानिकारक रसायन डायथिलीन ग्लायकल (डीईजी) पाया गया। दवा में इसकी निर्धारित मात्रा 0.1 प्रतिशत से अधिक नहीं होनी चाहिए, जबकि इसका प्रतिशत जांच में 48 प्रतिशत से अधिक पाया गया। साफ है, नकली दवा कारोबार बेखौफ जारी है। यही नहीं, ये दवाएं सरकारी अस्पतालों के माध्यम से भी धड़ल्ले से उपयोग में लाई जा रही हैं।

मध्यप्रदेश और राजस्थान में सर्दी-खांसी की दवा के सेवन से 16 बच्चों की मौत हो गई। इन बच्चों को कोल्ड्रिफ कफ सीरप स्वास्थ्य लाभ के लिए दिया गया था, किंतु वह मौत का कारण बन गया। इसकी गुणवत्ता संदेह के दायरे में है। मध्य प्रदेश के खाद्य एवं दवा नियंत्रक दिनेश कुमार मौर्य ने कहा है कि संदिग्ध सिरप को परीक्षण के लिए 1 अक्टूबर को तमिलनाडु भेजा था। इसकी रिपोर्ट तीसरे दिन मिल गई थी, किंतु मप्र में 29 सितंबर से जांच जारी है, जो अभी तक पूरी नहीं हुई। जबकि इसी बीच स्वास्थ्य विभाग का कार्य देख रहे प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने सार्वजनिक बयान दे दिया कि सीरप के नौ नमूनों में हानिकारक तत्व नहीं मिले हैं। यह सीरप श्रीसन कंपनी बनाती है, जिसकी उत्पादन इकाई तमिलनाडु के कांचीपुरम में है। मप्र सरकार के कहने पर तमिलनाडु सरकार के औषधि प्रशासन विभाग ने कंपनी की उत्पादन इकाई से नमूने लेकर जांच की तो एसआर-13 बैच में हानिकारक रसायन डायथिलीन ग्लायकल (डीईजी) पाया गया। दवा में इसकी निर्धारित मात्रा 0.1 प्रतिशत से अधिक नहीं होनी चाहिए, जबकि इसका प्रतिशत जांच में 48 प्रतिशत से अधिक पाया गया। इस रिपोर्ट के बाद प्रदेश सरकार सक्रिय हुई और इसके उपयोग एवं विक्रय पर रोक लगा दी।

मृतक बाल-गोपालों का इलाज करने वाले छिंदवाड़ा के चिकित्सक डॉ. प्रवीण सोनी पर मामला दर्ज करके उन्हें फिलहाल जमानत पर रिहा कर दिया है। इन मौतों और इस रिपोर्ट के बाद सतर्कता बरतते हुए कई राज्य सरकारों ने इस दवा को प्रतिबंधित कर दिया है। केंद्र सरकार ने भी सलाह दी है कि दो वर्ष से छोटे बच्चों को कफ सीरप नहीं पिलाया जाए। इस पूरी प्रक्रिया से लगता है कि प्रदेश में ही नहीं, देश में निगरानी तंत्र कमजोर है। यूपीए सरकार ने जब नकली दवाओं से छुटकारे के नजरिए से औषधीय एवं सौंदर्य प्रसाधन अधिनियम बनाया था तब यह मान लिया गया था कि अब नकली दवाओं पर कमोबेश प्रतिबंध लग जाएगा। क्योंकि इस कानून के तहत न केवल इस धंधे को गैर जमानती बना दिया गया था, बल्कि दवा बनाने वालों से लेकर बेचने वालों तक को दस साल से लेकर आजीवन कारावास का प्रावधान रखा गया था। देखने में आया है कि दवा दुकानों पर लगातार नकली दवाओं के भण्डार बरामद हो रहे हैं और लोग बेमौत मारे जा रहे हैं। साफ है, नकली दवा कारोबार न केवल बेखौफ जारी है बल्कि इसमें बेइंतहा इजाफा भी हो रहा है। यही नहीं, ये दवाएं सरकारी अस्पतालों के माध्यम से भी धड़ल्ले से उपयोग में लाई जा रही हैं। इससे जाहिर होता है कि सरकारी चिकित्सा-तंत्र का एक बड़ा हिस्सा इस कारोबार को ताकत दे रहा है। इसके पहले 2019-20 में जम्मू के रामनगर में भी एक फार्मा कंपनी के बनाए सीरप से 12 बच्चों ने दम तोड़ दिया था। कंपनी पर एफआईआर हुई, लेकिन मामला अभी भी लंबित है। वर्ष 2022 में हरियाणा की दवा कंपनी के सीरप से गांबिया में 70 और उज्बेकिस्तान में 65 बच्चों की मौतें हो गई थीं। सितंबर 2008 में भारत की सबसे बड़ी दवा कंपनी रैनबैक्सी की तीस जेनेरिक दवाओं को अमेरिका ने प्रतिबंधित किया था। रैनबैक्सी की देवास (मध्य प्रदेश) और पांवटा साहिब (हिमाचल प्रदेश) में बनने वाली दवाओं के आयात पर अमेरिका ने रोक लगाई थी।



अमेरिका की सरकारी संस्था फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एफडीए) का दावा था कि रैनबैक्सी की भारतीय इकाइयों से जिन दवाओं का उत्पादन हो रहा है उनका मानक स्तर अमेरिका में बनने वाली दवाओं से घटिया है। ये दवाएं अमेरिकी दवा आचार संहिता की कसौटी पर भी खरी नहीं उतरी थीं। जबकि भारत की रैनबैक्सी ऐसी दवा कंपनी है जो अमेरिका को सबसे ज्यादा जेनेरिक दवाओं का निर्यात करती है। रैनबैक्सी एक साल में कई हजार करोड़ की दवाएं देश व दुनिया में बेचती है। ऐसी ही बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनियां किसी आचार संहिता के पालन के पक्ष में नहीं हैं। किसी बाध्यकारी कानून को अमल में लाने में भी ये रोड़ा अटकाने का काम करती हैं। क्योंकि ये अपना कारोबार विज्ञापनों व चिकित्सकों को मुनाफा देकर ही फैलाये हुए हैं। छोटी दवा कंपनियों के संघ का तो यहां तक कहना है कि चिकित्सकों को उपहार देने की कुप्रथा पर कानूनी तौर से रोक लग जाए तो दवाओं की कीमतें 50 फीसदी तक कम हो जाएंगी। चूंकि दवा का निर्माण एक विशेष तकनीक के तहत किया जाता है और रोग व दवा विशेषज्ञ चिकित्सक ही पर्चे पर एक निश्चित दवा लेने को कहते हैं। दरअसल इस तथ्य की पृष्ठभूमि में यह मकसद अंतर्निहित है कि रोगी और उसके अभिभावक दवाओं में विलय रसायनों के असर व अनुपात से अनभिज्ञ होते हैं, इसलिए वे दवा अपनी मर्जी से नहीं ले सकते। इस कारण चिकित्सक की लिखी दवा लेना जरूरी होती है। इंसान की जीवन-रक्षा से जुड़ा दवा करोबार अपने देश में तेजी से मुनाफे की अमानवीय व अनैतिक हवस में बदलता जा रहा है। चिकित्सकों को महंगे उपहार देकर रोगियों के लिए महंगी और गैर जरूरी दवाएं लिखवाने का प्रचलन लाभ का धंधा हो गया है। इस गोरखधंधे पर लगाम लगाने के नजरिये से कुछ समय पहले केन्द्र सरकार ने दवा कंपनियों से ही एक आचार संहिता लागू कर उसे कड़ाई से अमल में लाने की अपील की थी। लेकिन संहिता का जो स्वरूप सामने लाया गया, वह राहत देने वाला नहीं था। संहिता में चिकित्सकों को उपहार व रिश्वत देकर न तो अनैतिक कारगुजारियों को लेकर कोई साफगोई है और न ही संहिता की प्रस्तावित शर्तें व कानून बाध्यकारी हैं। इन प्रस्तावों को लेकर दवा संघों में भी मतभेद हैं। विज्ञान की प्रगति और उपलब्धियों के सरोकार आदमी और समाज के हितों में निहित हैं। लेकिन हमारे देश में मुक्त बाजार की उदारवादी व्यवस्था के साथ बहुराष्ट्रीय कंपनियों का जब आगमन हुआ, तो जिस तेजी से व्यक्तिगत व व्यवसायजन्य अर्थ-लिप्सा और लूटतंत्र का विस्तार हुआ है, उसके शिकार चिकित्सक तो हुए ही, निगरानी तंत्र भी इसकी चपेट में है। नतीजतन भारत के दवा बाजार में बहुराष्ट्रीय दवा कंपनियों की 70 प्रतिशत से भी ज्यादा की भागीदारी हो गई। इनमें से 25 फीसदी दवा कंपनियां ऐसी हैं जिन पर व्यवसायजन्य अनैतिकता अपनाने के कारण अमेरिका भारी आर्थिक दण्ड दे चुका है। ऐसे हालात में चिकित्सक अनैतिकता और दवा कंपनियां केवल लाभ का दृष्टिकोण अपनाएंगी तो आर्थिक रूप से कमजोर तबका तो स्वास्थ्य चिकित्सा से बाहर होगा ही, जो मरीज दवा ले रहे हैं उनके मर्ज की दवा सटीक दी जा रही हैं अथवा नहीं, इसकी गारंटी भी नहीं रह जाएगी ? इस कारण सरकार ने 2009 के आरंभ में दवा कंपनियों के संघ से स्वयं एक आचार संहिता बनाकर अपनाने को कहा था। वजाहिर है आचार संहिता के बहाने चिकित्सक और उनके परिजनों को विदेश यात्रा की सुविधा को परंपरा बनाने का फरेब संहिता में जानबूझकर डाला गया। एसौचेम के मुताबिक देश में 25 प्रतिशत की दर से हर साल इस कारोबार में इजाफा हो रहा है। बहरहाल भारत सरकार को दवाओं पर निगरानी के लिए मजबूत तंत्र खड़ा करने की जरूरत है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## विश्व डाक दिवस

प्रो. आरके जैन "अरिजीत"




# कागज, स्याही व संवेदनाएं डाक की अनकही कहानी

जब दुनिया की रफ्तार डिजिटल संदेशों, त्वरित सूचनाओं और स्क्रीन की चमक में उलझी हुई है, तब एक दिन ऐसा आता है जो हमें रुकने, ठहरने और उन पलों को याद करने का अवसर देता है, जब एक कागज का टुकड़ा, स्याही की कुछ बूंदें और किसी प्रियजन की लिखावट दिलों को जोड़ने का सबसे मजबूत जरिया बनती थी। 9 अक्टूबर, विश्व डाक दिवस, केवल डाक सेवाओं का उत्सव नहीं है; यह उन अनकही कहानियों, भावनाओं और मानवता के उस अटूट बंधन का सम्मान है, जो समय और दूरी की सीमाओं को लांघकर हमें एक-दूसरे के करीब लाता है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि संचार केवल शब्दों का आदान-प्रदान नहीं, बल्कि दिलों का मिलन, आशा का संदेश और विश्वास का प्रतीक है। एक पत्र, जो किसी अनजान डाकिए के कंधों पर सवार होकर सुदूर गांवों, पहाड़ों या समुद्रों को पार करता है, वह केवल कागज नहीं, बल्कि एक कहानी, एक सपना और एक रिश्ता लेकर चलता है। विश्व डाक दिवस की शुरुआत 9 अक्टूबर 1874 को हुई, जब स्विट्जरलैंड के बर्न में यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन (यू.पी.यू.) की स्थापना हुई। इस संगठन ने विश्व भर की डाक प्रणालियों को एक सूत्र में बांधकर संचार को सरल और सुलभ बनाया। उस समय यह कोई सामान्य उपलब्धि नहीं थी। यह वैश्विक सहयोग का एक ऐसा प्रतीक था, जिसने देशों की भौगोलिक और सांस्कृतिक दूरी को पाटकर एक वैश्विक डाक नेटवर्क की नींव रखी। आज यू.पी.यू. के 192 सदस्य देश इस नेटवर्क का हिस्सा हैं, जो हर साल अरबों पत्रों और पार्सलों को उनके गंतव्य तक पहुंचाता है। डाक सेवाओं का इतिहास मानव सभ्यता के विकास का एक अनोखा दस्तावेज है। भारत में डाक व्यवस्था की जड़ें प्राचीन काल तक जाती हैं, जब राजा-महाराजा अपने संदेशवाहकों के जरिए पत्र भेजते थे। लेकिन आधुनिक डाक प्रणाली की शुरुआत 1854 में ब्रिटिश शासन के दौरान हुई, जब भारत में पहली डाक टिकट जारी की गई। आज भारतीय डाक सेवा दुनिया की सबसे बड़ी डाक प्रणालियों में से एक है, जिसमें 1.55 लाख डाकघर हैं, जिनमें से 89 फीसदी ग्रामीण क्षेत्रों में हैं। ये डाकघर उन लाखों लोगों के लिए संचार का एकमात्र साधन हैं, जहां इंटरनेट और स्मार्टफोन अभी भी एक सपना हैं। भारतीय डाक ने न केवल पत्रों को पहुंचाया, बल्कि स्वतंत्रता संग्राम में क्रांतिकारियों के संदेशों को गुप्त रूप से प्रसारित करने, ग्रामीण शिक्षा को बढ़ावा देने और सरकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। डाक सेवाओं ने मानव इतिहास के सबसे कठिन दौर में भी अपनी जिम्मेदारी निभाई है। प्रथम और द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान, जब दुनिया युद्ध की आग में जल रही थी, डाक सेवाओं ने सैनिकों और उनके परिवारों को जोड़े रखा। एक सैनिक का पत्र, जो खाइयों में लिखा गया और मीलों की दूरी तय करके उसके परिवार तक पहुंचा, वह केवल शब्दों का संग्रह नहीं था। वह पत्र आशा, प्रेम और जीवित रहने की प्रेरणा का प्रतीक था। आज भी, प्राकृतिक आपदाओं और महामारियों के समय, जब अन्य संचार साधन ठप हो जाते हैं, डाक सेवाएं निर्बाध रूप से काम करती हैं। 2020 की कोविड-19 महामारी के दौरान, भारतीय डाक ने दवाइयों, आवश्यक सामग्रियों और सरकारी सहायता को दूरदराज के क्षेत्रों तक पहुंचाया, जिसने लाखों लोगों के लिए जीवन रेखा का काम किया। आज डाकघर केवल पत्र और पार्सल तक सीमित नहीं हैं। भारत में डाक विभाग ने इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक (आई.पी.पी.बी.) के जरिए वित्तीय समावेशन को बढ़ावा दिया है। ग्रामीण क्षेत्रों में, जहां बैंकिंग सुविधाएं दुर्लभ हैं, डाकघर बचत खाते, बीमा और डिजिटल भुगतान की सुविधा प्रदान करते हैं। इसके अलावा, डाक सेवाएं ई-कॉमर्स के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। अमेजन और फ्लिपकार्ट जैसे प्लेटफॉर्म्स के साथ साझेदारी करके भारतीय डाक ने ग्रामीण और शहरी भारत को जोड़ा है, जिससे छोटे व्यवसायों और स्थानीय कारीगरों को वैश्विक बाजार तक पहुंचने का मौका मिला है। डाक टिकटें भी विश्व डाक दिवस का एक अनूठा पहलू हैं। ये छोटे-छोटे कागज के टुकड़े केवल भुगतान का साधन नहीं हैं, बल्कि संस्कृति, इतिहास और विज्ञान की कहानियां बयां करते हैं। यह दिन हमें यह भी सिखाता है कि चाहे दुनिया कितनी भी बदल जाए, कुछ चीजें, जैसे एक प्रियजन का पत्र, डाकिए की घंटी, और डाकघर की वह पुरानी खुशबू—हमेशा हमारे दिलों में जिंदा रहेंगी। विश्व डाक दिवस हमें यह एहसास दिलाता है कि संचार का असली जादू तकनीक में नहीं, बल्कि उन भावनाओं में है, जो समय और दूरी को पार करके हमें एक-दूसरे के करीब लाती हैं।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# वैयक्तिक अहंकार से प्रगति रुक जाती है



संकलित
**दर्शन**

निरन्तर विकसित होते रहना यह जीवन धर्म है। प्रगति जीवन के अस्तित्व की सूचक है। जहां जीवन है वहां प्रगति है, विकास है। जड़ता में जीवन कहां ? मानव ही नहीं पशु पक्षियों में भी विकास की प्रक्रिया गतिमान रहती है। मानव की विकास प्रक्रिया में एक विशेषता है कि वह अपने विकास को सम्यक दिशा दे सकता है। अक्सर प्रत्येक व्यक्ति अपना श्रेष्ठ विकास ही चाहता है किन्तु फिर भी वह उसे पाने में असफल रहता है तो उसका सबसे बड़ा कारण होता है अहंकार। अहंकार व्यक्ति को सही दिशा में बढ़ने नहीं देता। मानव उस दिशा में दो कदम बढ़ा भी देता है तो उसका अहंकार आकर खड़ा हो जाता है। और वो आगे बढ़े हुए कदम वापस पीछे ले जाता है । अर्हम को प्राप्त करने के लिये अहं का त्याग करना होगा। अर्हम परमात्मा का वाचक शब्द है। हम इसके उपासक हैं किन्तु अहम का त्याग किये बिना अर्हम की आराधना कैसे होगी ? आज अधिकांश व्यक्ति बहुत अधिक महत्वाकांक्षी हो गये हैं उन्हें अपनी पूछ और इज्जत चाहिये किन्तु वे औरों को इज्जत नहीं देना चाहते। यह अहंकार ही हमारी सारी विकास योजनाओं को असफल किये जा रहा है। हम ऊंचा लक्ष्य रख कर आगे बढ़ें, यह बुरा नहीं किन्तु अहंकार को छोड़े बिना उस लक्ष्य की प्राप्ति नहीं हो सकती।

# मानव धर्म ही सर्वोपरि



संकलित
**प्रेरणा**

एक विदेशी को अपराधी समझ जब राजा ने फांसी का हुक्म सुनाया तो उसने अपशब्द कहते हुए राजा के विनाश की कामना की। राजा ने अपने मंत्री से, जो कई भाषाओं का जानकार था, पूछा- यह क्या कह रहा है? मंत्री ने विदेशी की गालियां सुन ली थीं, किंतु उसने कहा- महाराज! यह आपको दुआएं देते हुए कह रहा है- आप हजार साल तक जिएं। राजा यह सुनकर बहुत खुश हुआ, लेकिन एक अन्य मंत्री ने जो पहले मंत्री से ईर्ष्या रखता था, आपत्ति उठाई- महाराज! यह आपको दुआ नहीं गालियां दे रहा है। वह दूसरा मंत्री भी बहुभाषी था। उसने पहले मंत्री की निंदा करते हुए कहा- ये मंत्री जिन्हें आप अपना विश्वासपात्र समझते हैं, असत्य बोल रहे हैं। राजा ने पहले मंत्री से बात कर सत्यता जाननी चाही, तो वह बोला- हां महाराज! यह सत्य है कि इस अपराधी ने आपको गालियां दीं और मैंने आपसे असत्य कहा। पहले मंत्री की बात सुनकर राजा ने कहा- तुमने इसे बचाने की भावना से अपने राजा से झूठ बोला। मानव धर्म को सर्वोपरि मानकर तुमने राजधर्म को पीछे रखा। मैं तुमसे बेहद खुश हुआ। फिर राजा ने विदेशी और दूसरे मंत्री की ओर देखकर कहा- मैं तुम्हें मुक्त करता हूं। निर्दोष होने के कारण ही तुम्हें इतना क्रोध आया कि तुमने राजा को गाली दी और मंत्री महोदय तुमने सच इसलिए कहा- क्योंकि तुम पहले मंत्री से ईर्ष्या रखते हो। ऐसे लोग मेरे राज्य में रहने योग्य नहीं। तुम इस राज्य से चले जाओ। वस्तुतः दूसरों की निंदा करने की प्रवृत्ति से अन्य की हानि होने के साथ-साथ स्वयं को भी नुकसान ही होता है।

## सटाका




## आज की पाती

### महिला क्रिकेट टीम की उपलब्धियां

कभी-कभी लड़कियों के अच्छे और हौसले की ऐसी खबरें सुनने को मिलती हैं जो उनके हौसले के बारे में जानकर सभी दांतों तले अंगुली दबा लेते हैं। अभी हाल ही में एशिया कप और आईसीसी महिला वनडे वर्ल्ड कप में हमारे देश में लगातार चौथे रविवार को पाकिस्तान को हरा दिया। सारी दुनिया और पाकिस्तान इस बात को अच्छी तरह समझ गए होंगे कि हमारे देश की महिला क्रिकेट टीम किसी से कम नहीं है। महिला क्रिकेट टीम ने वर्ष 1976 में बैंगलोर के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में डेब्यू टेस्ट मैच वेस्टइंडीज के साथ खेला था। हमारे देश की टीम ने पहली जीत पटना के स्टेडियम मोइन उल हक में वेस्टइंडीज को हराकर हासिल की थी। महिला टीम की और भी कई शानदार उपलब्धियां हैं। *- दीपक पटेल, जगदलपुर*

## करंट अफेयर

# कैलिफोर्निया में दिवाली पर राजकीय अवकाश घोषित

भारतीय प्रवासियों के लिए एक ऐतिहासिक घटनाक्रम में कैलिफोर्निया ने दिवाली पर आधिकारिक राजकीय अवकाश घोषित कर दिया है। इस तरह कैलिफोर्निया अमेरिका का तीसरा राज्य बन गया है जिसने भारत के इस प्रकाश पर्व को आधिकारिक तौर पर अवकाश के रूप में मान्यता दी है। कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूसम ने मंगलवार को घोषणा की कि उन्होंने विधानसभा सदस्य ऐश कालरा द्वारा दिवाली को राजकीय अवकाश घोषित करने वाले विधेयक पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। सितंबर में दिवाली को आधिकारिक राजकीय अवकाश घोषित करने वाला 'एबी 268' नामक विधेयक कैलिफोर्निया विधानमंडल के दोनों सदनों से सफलतापूर्वक पारित हो गया था, जिस पर न्यूसम के अंतिम निर्णय की प्रतीक्षा थी। कालरा ने पिछले महीने कहा था, 'कैलिफोर्निया भारतीय अमेरिकियों की सबसे बड़ी आबादी वाला स्थान है और दिवाली को आधिकारिक राजकीय अवकाश घोषित करने से लाखों कैलिफोर्निया वासियों तक इसका संदेश पहुंचेगा जो इसे मनाते हैं और विविधता से भरे हमारे राज्य में कई लोगों को इसे अपनाने में मदद मिलेगी।' उन्होंने कहा, 'दिवाली सद्भावना, शांति और नवीनीकरण की साझा भावना के संदेश के साथ समुदायों को एक साथ लाती है।



## ऑफ बीट


# क्या एआई अस्तित्व के लिए खतरा है? विशेषज्ञों की राय



एआई दुनिया बदल देगा। एआई 'अद्भुत सफलताएँ' लाएगा। एआई को बहुत ज़्यादा प्रचारित किया जा रहा है, और यह बुलबुला फूटने वाला है। एआई जल्द ही मानवीय क्षमताओं को पार कर जाएगा, और यह 'अति बुद्धिमान' एआई हम सभी को खत्म कर देगा।' एआई के गॉडफादर', कंप्यूटर वैज्ञानिक और नोबेल पुरस्कार विजेता जेफ्री हिंटन ने कहा है कि अगले तीन दशकों में एआई के कारण मानव के विलुप्त होने की 10-20 प्रतिशत संभावना है। यह एक परेशान करने वाला विचार है - लेकिन इस बात पर कोई सहमति नहीं है कि ऐसा होगा या नहीं और कैसे। इसलिए हमने पांच विशेषज्ञों से पूछा: क्या एआई अस्तित्व के लिए खतरा पैदा करता है? पाँच में से तीन ने कहा, 'नहीं"। यहाँ उनके विस्तृत उत्तर दिए गए हैं। असली ख़तरा यह नहीं है कि एआई बहुत ज़्यादा स्मार्ट हो जाए। नहीं। वर्तमान में प्रौद्योगिकी जिस स्थिति में है, उसमें वास्तविक खतरा यह नहीं है कि एआई बहुत अधिक स्मार्ट हो गया है - बल्कि खतरा यह है कि मनुष्य इन उपकरणों के निर्माण और उपयोग के बारे में गलत निर्णय ले रहे हैं। वर्तमान एआई प्रणालियाँ, प्रभावशाली होते हुए भी, मूलतः 'स्टोकेस्टिक पैरट ही हैं। वे परिष्कृत पैटर्न-मिलान में संलग्न हैं जो पूर्वानुमान के माध्यम से बुद्धिमत्ता का अनुकरण करती हैं।


## ट्रेंड

### श्रद्धासुमन अर्पित




भारत रत्न लोकनायक जयप्रकाश नारायण की पुण्यतिथि पर, मैं उस दूरदर्शी नेता को श्रद्धासुमन अर्पित करता हूं जिन्होंने अपना संपूर्ण जीवन लोकतंत्र और न्याय के लिए समर्पित किया। उन्होंने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण योगदान दिय।
-सी. पी. राधाकृष्णन, उपराष्ट्रपति

### नवाचार को बढ़ावा




पिछले दशक में भारत की तकनीकी क्रांति की विशेषता गति, पैमाने और नीतिगत सुधार रहे हैं। हमारी सरकार केवल नियामक बनने के बजाय, नवाचार को बढ़ावा देने वाले सुविधाप्रदाता बनने में विश्वास करती है।
-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### संविधान का अपमान



सुप्रीम कोर्ट के उच्च न्यायाधीश का जो अपमान किया गया, हम उसकी घोर निंदा करते हैं और ऐसी विचारधारा अगर सुप्रीम कोर्ट के वकीलों के पास होती है, तो वो संविधान का अपमान है। जो विचारधारा इंसान को इंसान ना माने, वो मानसिकता संविधान के अनुसार नहीं है।
- मल्लिकार्जुन खड़गे, अध्यक्ष, कांग्रेस

### नई तकनीक के आधार



भविष्य जितना एआई जैसी तकनीकों से जुड़ा है, उतना ही धरती के नीचे के संसाधनों से भी जुड़ा है, न केवल सोना, बल्कि तांबा, एल्युमीनियम, जस्ता, लिथियम आदि हर नई तकनीक के आधार हैं।
- अनिल अग्रवाल, उद्यमी

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# क्यों न ओबीसी आरक्षण से जुड़े मामलों को मध्य प्रदेश हाईकोर्ट वापस भेज दिया जाए

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा, आज फिर होगी सुनवाई

**जबलपुर।** राज्य में ओबीसी आरक्षण बढ़ाकर 27 फ़ीसदी करने के मामले में बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई टल गई। मध्य प्रदेश सरकार ने आरक्षण के प्रकरणों पर बहस के लिए फिर से समय देने का निवेदन किया। इस पर सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस पी नरसिम्हा की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि क्यों न समस्त अंतरिम आदेश वैकेट कर इन मामलों को अंतिम बहस के लिए मध्य प्रदेश हाईकोर्ट को वापस भेज दिया जाए। कोर्ट ने प्रकरणों को 9 अक्टूबर को पुनः सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया। सुप्रीम कोर्ट ने तेलंगाना राज्य के 42 परसेंट रिजर्वेशन की याचिकाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि विधान सभा के बनाए गए कानून का उस राज्य की जनसंख्या, भूगोलिक, सामाजिक परिस्थितियों के अंतर्गत परीक्षण हाईकोर्ट करेगी। सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता, मध्य प्रदेश के एडवोकेट जनरल प्रशांत सिंह, एडिशनल सॉलिसिटर जनरल केएम नटराज और स्पेशल काउंसिल एडवोकेट शशांक रतनू सरकार की ओर से मौजूद थे। इन्होंने बहस के लिए समय मांगा। इस पर कोर्ट ने कहा कि आप फिर वक्त मांगेंगे तो और समय जाएगा। दिक्कतें बढ़ेंगी। अगले हफ्ते दीवाली है, छुट्टियां हैं। कोर्ट ने कहा, हम ये



चाहते हैं कि ये मैटर हाईकोर्ट के फैसले के बाद हमारे पास आए। सुप्रीम कोर्ट में ट्रांसफर पिटीशन पहुंची हैं। इस मामले में हाईकोर्ट का कोई फैसला नहीं हैं। कोर्ट ने यह भी कहा कि जिस तरह छत्तीसगढ़ में अंतरिम लाभ दिया गया था। हो सकता है कि मप्र के मामले में भी अंतरिम राहत दे दें। याचिकाकर्ताओं ने आपत्ति जताई । इस पर कोर्ट ने कहा कि इस मामले पर जो उपयुक्त समाधान हो सकता है, उस पर कल विवेचना करके सुनवाई करेंगे। सामान्य वर्ग के छात्रों का प्रतिनिधित्व वरिष्ठ अधिवक्ता आदित्य संघी ने किया। उन्होंने बताया कि ओबीसी आरक्षण पर मध्य प्रदेश हाईकोर्ट द्वारा 19 मार्च 2019 को आशिता दुबे मामले में ओबीसी आरक्षण बढ़ाने पर रोक लगा दी गई थी। यह रोक सुप्रीम कोर्ट या हाईकोर्ट के फैसले तक जारी रहेगी। ओबीसी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर व अन्य उपस्थित हुए।

### रज्जाक जेल में बंद था, तो उसके खिलाफ अलग-अलग थानों में आपराधिक प्रकरण कैसे दर्ज कर लिए

**जबलपुर व कटनी के पुलिस अधीक्षकों को शपथ पत्र पर 10 अक्टूबर तक स्पष्टीकरण देने के निर्देश**

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट ने पुलिस प्रशासन की कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए पूछा कि जब हिस्ट्रीशीटर अब्दुल रज्जाक अगस्त 2021 से लगातार जेल में बंद था, तो उसी दौरान उसके खिलाफ अलग-अलग थानों में आपराधिक प्रकरण कैसे दर्ज कर लिए गए। जस्टिस विवेक अग्रवाल व जस्टिस एके सिंह की डिवीजन बेंच ने जबलपुर व कटनी के पुलिस अधीक्षकों को शपथ पत्र पर 10 अक्टूबर तक स्पष्टीकरण पेश करने के निर्देश दिए। अगली सुनवाई 14 अक्टूबर को होगी।अब्दुल रज्जाक की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मोहम्मद अली व शारिक अकील फारुकी ने बताया कि सरकार द्वारा उनके मुवक्किल को लगातार परेशान किया जा रहा है। दलील दी गई कि रज्जाक के खिलाफ दर्ज कई मामलों में अभी तक अंतिम रिपोर्ट दाखिल नहीं की गई है। जैसे ही एक मामले में जमानत मिलती है, उसी समय दूसरे प्रकरण में गिरफ्तारी दिखा दी जाती है। यह न्यायिक प्रक्रिया के साथ छलावा है। याचिका में आरोप है कि व्यावसायिक प्रतिद्वंद्विता के कारण उसके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई पूर्व कैबिनेट मंत्री व मौजूदा विधायक के इशारे पर की जा रही है। याचिका में मौजूदा विधायक के नाम का खुलासा नहीं किया गया है।

## यूका की राख के विनिष्टीकरण के लिए ऐसी जगह तलाशें जहां रहवास न हो

**जबलपुर ।** मप्र हाईकोर्ट ने मध्य प्रदेश शासन को यूनियन कार्बाइड के जहरीले कचरे के विनिष्टीकरण से निकली राख की विशेषज्ञों द्वारा की गई जांच की रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए हैं। प्रशासनिक न्यायाधीश अतुल श्रीधरन व जस्टिस प्रदीप मित्तल की डिवीजन बेंच ने सरकार को यह भी कहा है कि राख के विनिष्टीकरण के लिए अन्य कोई ऐसा सुरक्षित स्थान भी तलाशें जहां रहवास नहीं हो। कोर्ट ने अगली सुनवाई तक सरकार को इस संबंध में भी अपना पक्ष रखने कहा है। अगली सुनवाई 20 नवंबर को होगी।उल्लेखनीय है कि वर्ष 2004 में आलोक प्रताप सिंह ने यूनियन कार्बाइड के जहरीले कचरे के विनष्टीकरण की मांग करते हुए हाई कोर्ट में जनहित याचिका दायर की थी। जनहित याचिकाकर्ता की मृत्यु के बाद हाई कोर्ट मामले की सुनवाई संज्ञान याचिका के रूप में कर रही थी। पूर्व में हुई सुनवाई के दौरान राज्य शासन की ओर से पेश रिपोर्ट में बताया गया था कि यूनियन कार्बाइड के जहरीले कचरे का विनष्टीकरण सफलतापूर्वक पीथमपुर स्थित सुविधा केंद्र में कर दिया गया है। जहरीले कचरे से 850 मीट्रिक टन राख व अवशेष एकत्रित हुआ है। एमपीपीसीबी से सीटीओ मिलने के बाद अलग लैंडफिल सेल में उसे नष्ट किया जाएगा। इस दौरान हाई कोर्ट में एक अन्य जनहित याचिका दायर की गयी थी। जिसमें कहा गया था कि यूनियन कार्बाइड के जहरीले कचरे की राख में रेडियो एक्टिव पदार्थ सक्रिय हैं, जो चिंता का विषय है। रखा में मरकरी है, जिसे नष्ट करने की तकनीक सिर्फ जपान व जर्मनी के पास है। याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता नमन नागरथ व अधिवक्ता खालिद नूर फखरुद्दीन ने पैरवी की।



**हाई कोर्ट ने राज्य शासन को राख की विशेषज्ञों द्वारा की गई जांच की रिपोर्ट पेश करने के दिए निर्देश**



## केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का हुआ जबलपुर अल्प प्रवास

**जनप्रतिनिधियों एवं पार्टी पदाधिकारियों ने किया स्वागत**

**जबलपुर।** केंद्रीय कृषि मंत्री और प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का बुधवार को जबलपुर अल्प प्रवास हुआ। श्री चौहान का डुमना विमानतल पर लोक निर्माण राकेश सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, ग्रामीण अध्यक्ष राजकुमार पटेल, विधायक अशोक रोहाणी, सुशील तिवारी इंदु, अभिलाष पांडे, नीरज सिंह, संतोष बारकड़े, अखिलेश जैन, शरद जैन, प्रभात साहू, जीएस ठाकुर, पंकज दुबे रजनीश यादव ने स्वागत किया। कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान जबलपुर एयरपोर्ट से गोटेगांव रवाना हुये जहाँ प्रदेश के ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल की माताजी को श्रद्धांजलि देने के पश्चात पुनः जबलपुर पहुंचे, श्री चौहान ने जबलपुर सर्किट हॉउस में भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओ से भेंट की।

## त्वरित मेंटेनेन्स के लिए बनी टेस्ट बेंच

**जबलपुर।** जबलपुर मंडल के यांत्रिक विभाग द्वारा कोचों ( लाल रंग के कोचों ) में लगे फायर स्मोक डिटेक्शन सिस्टम जो कि कोच में आग लगने या धुएं की स्थिति का पता लगाने की स्वचलित प्रणाली हैं। कोच के अन्दर ऊपरी हिस्से पर लगे फायर स्मोक डिटेक्शन सिस्टम द्वारा ट्रेनों में आगजनी की घटनाओं का पता लगा कर यात्रियों की सुरक्षा कर, जानमाल की हानि को रोके जानें का महत्वपूर्ण कार्य किया जाता हैं। प्रमुख मुख्य यांत्रिक इंजीनियर पश्चिम मध्य रेल जबलपुर श्री एम विजय कुमार एवं मंडल रेल प्रबंधक जबलपुर श्री कमल कुमार तलरेजा के मार्गदर्शन में कोचिंग डिपो जबलपुर में कार्यरत जूनियर इंजीनियर श्री रंजीत कुमार चौहान द्वारा फायर स्मोक डिटेक्शन सिस्टम के त्वरित मेंटेनेन्स के लिए एक ऐसी टेस्ट बेंच विकसित की गई है(



## ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने की विद्युत कंपनियों की समीक्षा

**जबलपुर।**

मध्यप्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने विद्युत कंपनियों के मुख्यालय जबलपुर स्थित शक्ति भवन में मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत कंपनी, मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी व मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी की समीक्षा करते हुए कहा कि आगामी रबी सीजन को दृष्टगित रखते हुए ताप विद्युत गृहों से पर्याप्त विद्युत उत्पादन किया जाए, ट्रांसमिशन नेटवर्क की स्थिरता व निरतंरता बनाई रखी जाए और मैदानी क्षेत्र में आवश्यकतानुसार वितरण ट्रांसफार्मर की उपलब्धता सुनिश्चति की जाए। समीक्षा बैठक में पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक अनय द्विवेदी, मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह, मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध संचालक सुनील तिवारी व तीनों कंपनियों के वरिष्ठ अभियंता उपस्थित थे।ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी आगामी रबी सीजन के पूर्व मैदानी क्षेत्र में ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि एवं अतिरिक्त ट्रांसफार्मर स्थापित करने कार्य समय सीमा से पूर्व कर ले। उन्होंने कहा कि मैदानी क्षेत्र में फेल होने वाले ट्रांसफार्मरों को त्वरित रूप से बदलने के लिए अतिरिक्त ट्रांसफार्मर का प्रबंधन व भंडारण क्षेत्रीय स्टोर में करें। ऊर्जा मंत्री ने किया पालनाघर का उद्घाटन-ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने जबलपुर प्रवास के दौरान पूर्व क्षेत्र विद्युत कंपनी के पालनाघर, स्मार्ट मीटरिंग मानीटरिंग सेंटर, ऑनलाइन परमिट, आईटी पार्क में क्वकि हेल्पडेस्क, वी-मित्र का उद्घाटन किया। ऊर्जा मंत्री ने कॉलसेंटर में नियुक्त दिव्यांग व विधवा महिलाओं को प्रेरणा सम्मान के तहत सम्मानित भी किया।

**रबी सीजन में हो पर्याप्त विद्युत उत्पादन, कारगर पारेषण व्यवस्था और वितरण ट्रांसफार्मरों की उपलब्धता**

# जिले में तीन दिवसीय पल्स पोलियो अभियान की शुरुआत 12 से

**जबलपुर।**

बच्चों को पोलियो जैसी गम्भीर बीमारी से बचाने के लिये जिले में रविवार 12 अक्टूबर से तीन दिनों का पल्स पोलियो अभियान चलाया जाएगा। पल्स पोलियो अभियान के इस अतिरिक्त चरण में 3 लाख 89 हजार 454 बच्चों को पोलियो की दो बूंद दवा पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिये जिले भर में 2 हजार 476 पोलियो बूथ बनाये जा रहे हैं।जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजय मिश्रा ने अभिभावकों पल्स पोलियो अभियान के पहले दिन ही 5 वर्ष तक के बच्चों को नजदीकी बूथ में ले जाकर पोलियो की दवा पिलाने की अपील की है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजय मिश्रा ने कहा कि पल्स पोलियो अभियान एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है।



उन्होंने बताया कि पल्स पोलियों के अभियान के इस अतिरिक्त चरण में रविवार 12 अक्टूबर को जिले में स्थापित पोलियों बूथों पर जीरो से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जायेगी। उन्होंने बताया कि तीन दिन के इस अभियान के पहले दिन यदि कोई बच्चा पोलियो बूथ में दवा पीने से वंचित रह जाता है, तो उसे सोमवार 13 एवं मंगलवार 14 अक्टूबर को घर-घर जाकर दवा पिलायी जायेगी।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मिश्रा ने अभियान से जुड़े सभी चिकित्सा अधिकारियों निर्देशित किया है कि अभियान के अंतर्गत कोई भी बच्चा दवा पीने से वंचित नहीं रहे इस दिशा में सभी जरूरी व्यवस्थायें सुनिश्चित की जायें और अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जायेगा।

### बच्चों को पिलाई जायेगी दवा ...

जिले में पल्स पोलियो अभियान के अतिरिक्त चरण में बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने कुल 2 हजार 476 बूथ स्थापित किये जा रहे हैं। इनमें बी टाईप के 2 हजार 268, सी टाइप के 78 तथा 31 मोबाइल बूथ एवं 99 ट्रांजिट बूथ शामिल हैं। इन बूथों में 5 वर्ष तक की आयु के 3 लाख 89 हजार 454 बच्चों को पोलियो निरोधक दवा पिलाई जायेगी। इसके लिये 4 हजार 952 कर्मचारी तथा 362 सुपरवाइजर की ड्यूटी लगाई गई है।

### जिला स्तरीय प्रशिक्षण ..

पल्स पोलियो अभियान के अतिरिक्त चरण के सफल क्रियान्वयन के मद्देनजर जबलपुर शहरी क्षेत्र की सभी एएनएम, सुपरवाईजर, आशा कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आंगनवाडी सहायिका, नर्सिंग स्टूडेण्ट, वालिंटियर (वेक्सीनेटर) को का प्रशिक्षण आज बुधवार को मानसभवन संपन्न हुआ। प्रशिक्षण जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ विनोद गुप्ता, अर्बन नोडल अधिकारी डॉ अमजद खान, विश्व स्वास्थ्य संगठन के डॉ जलज खरे एवं वीसीसीएम विकास शर्मा के द्वारा दिया गया।

## ई-टोकन जनरेट करने में आने वाली समस्याओं का निराकरण करने कंट्रोल रूम स्थापित

**जबलपुर।** जिले में प्रारंभ हुई उर्वरक वितरण की नई व्यवस्था में किसानों को ई-टोकन जनरेट करने में होने वाली समस्याओं के निराकरण के लिये जिला स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। कंट्रोल रूम सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक चालू रहेगा। कलेक्टर कार्यालय में स्थापित इस कंट्रोल रूम का टोल फ्री नम्बर 0761-181 है।उप संचालक कृषि डॉ एस के निगम ने बताया कि पायलट प्रोजेक्ट के रूप में जबलपुर जिले में हाल ही में लागू "ई-टोकन एवं उर्वरक वितरण प्रणाली" में यदि किसी किसान को ई-टोकन जनरेट करने में समस्या आती है तो वह अपनी समस्या कंट्रोल रूम के टोल फ्री नंबर 0761-181 पर दर्ज करा सकता है, ताकि उसका त्वरित निराकरण करवाया जा सके। उप संचालक कृषि के मुताबिक किसान ई-टोकन जनरेट करने में आने वाली समस्या कंट्रोल रूम के टोल फ्री नम्बर के अलावा उडक स्क्रीन शॉट लेकर व्हाट्स एप नंबर 62699 01001 पर भी भेज सकते हैं।

## स्टेशनों में गंदगी फ़ैलाने वालों से रेलवे ने 13 लाख 88 हजार वसूले

**जबलपुर।** जबलपुर मण्डल के सभी रेलवे स्टेशनों एवं रेलगाड़ियों में नियमित साफ सफाई सुनिश्चित करने लोगों को जागरुक किया जा रहा हैं। बार-बार समझाइश के बावजूद कुछ लोग लापरवाही बरतते हैं, ऐसे लोगों के खिलाफ रेल प्रशासन द्वारा समय-समय पर रेलवे अधिनियम के अंतर्गत आर्थिक दंड की कार्यवाही की जा रही है। रेलवे द्वारा गत 9 माह जनवरी 2025 से सितंबर 2025 तक जबलपुर मंडल के स्टेशन परिसर में गन्दगी फैलाने वालों के विरुद्ध चलाये गए अभियान में कुल 6 हजार 926 व्यक्तियों के मामले पकडे गए, जिनसे कुल 13 लाख 88 हजार 200 रूपये का आर्थिक दंड वसूला गया। अकेले सितंबर माह में गन्दगी फैलाने वालों के विरुद्ध चलाये गए इस अभियान में कुल 576 व्यक्तियों के मामले पकडे गए, जिनसे कुल 1 लाख 15 हजार 200 रूपये का आर्थिक दंड लगाया गया। इसके अलावा आर्थिक दंड के साथ-साथ ऐसे लोगों को समझाईश भी दी जाती है। साथ ही गंदगी से होने वाले नुकसान की जानकारी देते हुए स्टेशन परिसर स्वच्छ रखने के लिए अनुरोध भी किया जा रहा है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ. मधुर वर्मा ने यात्रियों से अनुरोध किया है की रेलवे आपकी अपनी संपत्ति है, रेल परिसर में कृपया गंदगी न फैलाएं। स्टेशन का वातावरण स्वच्छ, सुंदर रखने में रेल प्रशासन द्वारा किये जा रहे प्रयासों में सहभागी बनें। गंदगी करने वालों के विरुद्ध आगे भी ऐसे अभियान निरंतर जारी रहेंगे।

**-होटल संचालक की मनमानी पर फूटा जनाक्रोश, आरोपी को दबोचने पुलिस की छापेमारी जारी**

# बदतमीजी और दबंगई का नतीजा बना अभिनंदन गोलीकांड

**हरिभूमि, जबलपुर।**

**हरिभूमि फॉलोअप**

बस स्टैंड क्षेत्र के बीचों बीच स्थित अभिनंदन होटल में हुए गोलीकांड के आरोपियों को दबोचने पुलिस ने एड़ी-चोटी का जोर लगा दिया है। हालांकि अभी सफलता नहीं मिली है लेकिन दावा किया जा रहा है जल्द आरोपी सींखचों में होंगे। वहीं अब इस कांड के बाद शहरवासी भी मुखर हो गए हैं। सोशल मीडिया में लोग इस घटना को महज एक बदमाश की गुंडागर्दी नहीं बल्कि होटल संचालक और उसके स्टाफ की वर्षों से चली आ रही दबंगई, बदतमीजी और ग्राहकों के साथ अपमानजनक व्यवहार का नतीजा थी।

### ग्राहकों से बदतमीजी, धमकियां और मनमानी

शहर के सबसे व्यस्त बस स्टैंड इलाके में स्थित यह होटल लंबे समय से अपने कर्मचारियों की बदजुबानी और दबंग रवैये के लिए कुख्यात रहा है। कई बार ग्राहकों से विवाद, झगड़े और मारपीट की घटनाएं यहां घट चुकी हैं। सोशल मीडिया पर दर्जनों लोगों ने लिखा है कि होटल संचालक और बंगाली भाई कहलाने वाले उनके साथी आए दिन ग्राहकों से बदसलूकी करते हैं, परिवार सहित आने वालों को अपमानित करते हैं, और शिकायत करने पर धमकी तक दे डालते हैं।


दशहरे की रंजिश में युवक ने की फायरिंग, होटल संचालक की लापरवाही से हुई घटना
परिवार के सामने हुए अपमान का गोली चलाकर लिया बदला
पहले भी हो चुकी हैं मारपीट की घटनाएं, होटल प्रबंधन पर उठे गंभीर सवाल

### असामाजिक तत्वों का जमावड़ा

रात में होटल के बाहर अक्सर असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है। शराब पीकर झूमते और गाड़ियों पर तेज आवाज़ में गाने बजाते युवकों की मौजूदगी से स्थानीय नागरिक महीनों से परेशान हैं। कई बार शिकायतें भी हुईं, मगर होटल संचालक की पहुंच के चलते हर शिकायत ठंडे बस्ते में डाल दी गई।

### बेज्जती का बदला बनी गोलियों की आवाज

मंगलवार को आरोपी गोलू विश्वकर्मा उर्फ कबाड़ी अपने परिवार के साथ होटल में खाना खाने आया था। वहां किसी बात पर विवाद हुआ और कर्मचारियों ने उसके साथ गर्भवती पत्नी और परिवार के अन्य सदस्यों के सामने ही मारपीट कर दी। यह अपमान गोलू के गले नहीं उतरा। शाम 4:23 बजे वह सफेद शर्ट पहने, हाथ में रिवॉल्वर लिए होटल में घुसा और काउंटर पर बैठे संचालक अश्विन पर दनादन चार फायर झोंक दिए। पहला फायर शीशा तोड़ते हुए निकल गया, बाकी फायरों से बचने के लिए अश्विन काउंटर के नीचे दुबक गया। मौके पर अफरातफरी और भगदड़ मच गई। गोली चलाने के बाद गोलू अपने साथी के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर आराम से निकल गया।

### दशहरा में हो चुका था विवाद

होटल संचालक ने भले ही शूटर को न पहचानने की बात कही हो, लेकिन खुद माना कि दशहरा वाले दिन पहले होटल के एक वेटर से गोलू का झगड़ा हुआ था। कर्मचारियों ने उस समय उसे पीट दिया था, मामला शांत कराने का दिखावा किया गया, मगर वही झगड़ा अब गोलीकांड में बदल गया।

### जनता का गुस्साः यह होटल नहीं, दबंगों का अड्डा

घटना के बाद सोशल मीडिया पर जब हरिभूमि ने सीसीटीवी फुटेज जारी किया, तो आधा सैकड़ा से ज्यादा लोगों ने होटल संचालकों के खिलाफ अपने अनुभव साझा किए। लोगों ने लिखा यह होटल नहीं, बदतमीजों का अड्डा है। ग्राहक से गाली-गलौज और मारपीट यहां आम बात है, कई बार पुलिस को बुलाया गया, पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। जनता का कहना है कि यह गोलीकांड बदमाशी का नहीं, बल्कि वर्षों की बदतमीजी का परिणाम है।

### घर पर मोबाईल छोड़कर हुआ फरार

आरोपी गोलू कबाड़ी निवासी घमापुर पर पहले से शराब तस्करी और अन्य अपराधों के प्रकरण दर्ज हैं। घटना के बाद वह अपने साथी अनूप उर्फ बकरी (कांचघर निवासी) के साथ घर पहुंचा, मोबाइल वहीं छोड़कर कुंडम के रास्ते सतना की ओर फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश में लगातार दबिश दे रही है।

### सवाल जनता के मन में

अब शहर पूछ रहा है आखिर कब तक ऐसे होटल संचालक आम नागरिकों को अपमानित कर बचते रहेंगे? क्या प्रशासन उन जगहों पर कार्रवाई करेगा जो असामाजिक तत्वों के ठिकाने बन चुके हैं? अभिनंदन होटल की गोलियों ने सिर्फ दीवारें नहीं छलनी कीं शहर की चुप्पी भी चीर दी है।

## डेयरी प्रक्षेत्र और गौशालाओं का निरीक्षण

**जबलपुर।** पशुपालकों को नस्ल सुधार, पशु आहार एवं पशु स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्रदाय करने एवं इसकी महत्ता समझाने के संबंध में संपूर्ण मध्यप्रदेश में 03अक्टूबर से 09 अक्टूबर तक "दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान" व्यापक स्तर पर चलाया जा रहा है। जिसमें 10 से अधिक गौवंश या भैंसवंश पालने वाले पशुपालकों के घर-घर जाकर पशुपालन विभाग के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा पशुपालकों से संपर्क किया जा रहा है। इसी तारतम्य में पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री श्री लखन सिंह पटेल द्वारा डेयरी प्रक्षेत्र परियट (कंदराखेडा) स्थित बलहारा डेयरी का भ्रमण कर डेयरी मालिक से पशुओं में नस्ल सुधार, डेयरी प्रबंधन, शासन द्वारा प्रस्तावित ब्रीडिंग एसोसिएशन, साइलेज, हराचारा, पशुप्रबंधन, दुग्ध उत्पादन, पशुस्वास्थ एवं पशुपालन से संबंधित अन्य महत्त्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। मंत्री श्री पटेल द्वारा पशु चिकित्सालय कन्दराखेड़ा का भ्रमण निरीक्षण किया गया।पशु चिकित्सालय प्रभारी डॉ. संजय गुप्ता से पशु चिकित्सा संबंधी जानकारी प्राप्त की। तत्पश्चात मंत्री श्री पटेल द्वारा विद्यासागर सेवाश्रम गौशाला गोसलपुर का भी भ्रमण किया गया। पशुपालन मंत्री श्री पटेल द्वारा गोशाला संचालक से गौशाला के संचालन एवं प्रबंधन के संबंध में चर्चा की गई एवं गौशाला के आपातकालीन चिकित्सा कक्ष का भी निरीक्षण किया गया। इस दौरान गौशाला अध्यक्ष एवं अन्य गौरक्षकों द्वारा मृत पशुओं के शव निस्तारण स्थल के संबंध में चर्चा की। भ्रमण कार्यक्रम के दौरान मंत्री श्री पटेल को उपसंचालक पशुपालन एवं डेयरी डॉ प्रफुल्ल मून ने जिले में दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी दी। भ्रमण के दौरान विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

**दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान**

### हाईकोर्ट ने राज्य सरकार सहित अन्य से मांगा जवाब

# शिक्षक भर्ती प्रक्रिया में आरक्षित वर्ग के लिए पात्रता परीक्षा के नियम को चुनौती

हरिभूमि जबलपुर।

प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षक भर्ती प्रक्रिया में आरक्षित वर्ग के लिए पात्रता परीक्षा के निर्धारित अंक के नियम को मप्र हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस डीडी बंसल की डिवीजन बेंच ने स्कूल शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव, ट्रायबल वेलफेयर विभाग के प्रमुख सचिव, आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय व अन्य को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। उक्त नियुक्तियों पर रोक लगाने के आवेदन पर भी कोर्ट ने सरकार से जवाब मांगा है। जवाब आने के बाद स्टे देने की मांग पर विचार होगा। मामला करीब 10 हजार भर्तियों से जुड़ा है।

पन्ना निवासी दीपक गर्ग व अन्य की ओर से भर्ती नियम 2024 के नियम 12.4 की वैधानिकता को चुनौती दी गई है। इस नियम के अनुसार आरक्षित वर्ग के ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने पात्रता परीक्षा में 90 से कम अंक प्राप्त किए हैं, उनकी पात्रता चयन परीक्षा के आरक्षित प्रवर्ग में ही मान्य होगी। चयन परीक्षा में मेरिट में आने पर भी ऐसे अभ्यर्थी अनारक्षित प्रवर्ग में चयन हेतु



पात्र नहीं होंगे। दलील दी गई कि यह प्रावधान सुप्रीम कोर्ट के सौरव यादव बनाम उत्तर प्रदेश , तेज प्रकाश पाठक बनाम राजस्थान उच्च न्यायालय और इंद्रा साहनी बनाम भारत संघ में दिए फैसलों के प्रतिकूल है। इन प्रकरणों में सुको ने यह स्पष्ट किया है कि आरक्षित वर्ग के मेरिटोरियस अभ्यर्थी सामान्य वर्ग में चयन हेतु पात्र होते हैं। उन्होंने बताया कि याचिकाकर्ता के पात्रता परीक्षा 82 अंक थे और चयन परीक्षा में 40 परसेंटाइल थे। वहीं अनारक्षित वर्ग में 12 एवं 17 परसेंटाइल वालों का चयन हुआ क्योंकि उनके पात्रता परीक्षा में 90 अंक से अधिक थे।

### हाईकोर्ट का अंतरिम आदेश

## लीगल एड डिफेंस काउंसिल को पद पर बने रहने की अनुमति

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने प्रदेश के विभिन्न विधिक सेवा प्राधिकरणों में लीगल एड डिफेंस काउंसिल की नियुक्ति के लिए जारी की गई एसओपी को चुनौती के प्रकरण की सुनवाई की। जस्टिस विशाल धगट व जस्टिस अनुराधा शुक्ला की डिवीजन बेंच ने इस सिलसिले में नेशनल लीगल सर्विसेज अथारिटी, केन्द्रीय विधि एवं न्याय विभाग, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण व सम्बंधित जिले के विधिक सेवा प्राधिकरण को नोटिस जारी कर जवाब मांगा। कोर्ट ने अंतरिम आदेश के तहत याचिकाकर्ता काउंसिल को पद पर बने रहने की अनुमति प्रदान की है।

पन्ना निवासी आनंद कुमार त्रिपाठी व अन्य की ओर से अधिवक्ता मोहनलाल शर्मा व जितेंद्र गर्ग ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि प्रदेश के विभिन्न जिलों में नेशनल लीगल सर्विस अथारिटी (नालसा) के द्वारा लीगल एड डिफेंस काउंसिल की नियुक्ति की है। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण ने छह अगस्त, 2025 को इन पदों पर नियुक्ति के लिए नई एसओपी जारी की है। इसके तहत पहले से कार्यरत काउंसिल को कार्यकाल समाप्त होने के बाद दोबारा चयन प्रक्रिया से गुजरना पड़ेगा। यह प्रविधान नालसा के नियमों के विपरीत है। नालसा के नियम के तहत पहले से कार्यरत काउंसेल्स के कार्य का मूल्यांकन करते हुए उन्हें एक्सटेंशन देने का प्रावधान है।

## भाजपा विधायक कंचन तन्वे के जाति प्रमाण पत्र मामले में फैसला सुरक्षित

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने खंडवा से भाजपा विधायक कंचन तन्वे के जाति प्रमाण पत्र की सत्यता की जांच की मांग के मामले में सुनवाई पूरी कर ली। जस्टिस विशाल धगट की सिंगल बेंच ने इसी की साथ ही अपना फैसला सुरक्षित कर लिया। आंबेडकर वार्ड, खंडवा निवासी कुंदन मालवीय की ओर से यह चुनाव याचिका दायर की गई है। इसमें भाजपा विधायक कंचन तन्वे के निर्वाचन को चुनौती दी गई है। याचिकाकर्ता का कहना है कि तन्वे ने खंडवा की भाजपा सीट से वर्ष 2023 में उम्मीदवार थी। उक्त सीट एससी के लिये आरक्षित थी। आरोप है कि अनावेदिका ने जो जाति प्रमाण पत्र पेश किया है, वह फर्जी है।क्योंकि उक्त जाति प्रमाण पत्र का कोई प्रकरण क्रमांक नहीं है। न ही उसकी शासकीय कार्यालय में कोई फाईल है। इतना ही नहीं उक्त प्रमाण पत्र में पिता की जगह पति का नाम दर्ज है। मामले में राहत चाही गई कि झूठा जाति प्रमाण पत्र पेश करने पर तन्वे का निर्वाचन शून्य घोषित किया जाना चाहिए। उक्त मामले में पूर्व में हुई गवाही के बाद आवेदक की ओर से जाति प्रमाण पत्र की सत्यता के लिए प्रकरण तलब किये जाने का आवेदन पेश किया गया था। जिसमें बुधवार को उभयपक्ष के तर्क पूरे होने के बाद न्यायालय ने अपना निर्णय सुरक्षित कर लिया। याचिकाकर्ता का पक्ष अधिवक्ता अतुल चौधरी ने रखा।

## समर्थ भारत—सक्षम अभियान के तहत कौशल यात्रा का शुभारंभ



**पनागर (कुशनेर)।** नई शिक्षा नीति की जानकारी और छात्रों में कौशल विकास को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आईसेक्ट द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी कौशल यात्रा / पुस्तक यात्रा का आयोजन किया गया है। यह यात्रा पूरे भारत में भ्रमण कर रही है और अब जबलपुर जिले के ग्राम कुशनेर में पहुंची।

कार्यक्रम का शुभारंभ माननीय विधायक सुशील तिवारी तहसीलदार गौरव पांडे हाई स्कूल प्रिंसिपल जीएश मार्को प्रधान अध्यापक अरविंद वर्मा सर्वेश मिश्रा विकासखंड भारत मंगरोलिया जबलपुर ई सेक्टर के शाखा प्रबंधक निशांत श्रीवास्तव कंप्यूटर डायरेक्टर मनोज प्रजापति छात्र-छात्राएं एवं की गरिमामयी उपस्थिति में हरी झंडी दिखाकर किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, शिक्षकों एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने नई शिक्षा नीति के महत्व, कौशल विकास, और युवाओं के रोजगार अवसरों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह यात्रा विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की दिशा में जागरूक करने का कार्य करेगी।

आईसेक्ट द्वारा संचालित यह अभियान देश के विभिन्न जिलों में जाकर छात्रों को नई शिक्षा नीति और तकनीकी कौशलों के प्रति प्रेरित कर रहा है।

### सड़क और नाली निर्माण कार्य वर्षों से अधर में

## रामनगर कॉलोनी के नागरिक बुनियादी सुविधाओं से वंचित

**मझौली।** नगरपरिषद मझौली के अंतर्गत आने वाले वार्ड नं. 7 (रामनगर कॉलोनी) तथा वार्ड नं. 13 और 14 के नागरिक पिछले दस वर्षों से भी अधिक समय से बुनियादी सुविधाओं की कमी से जूझ रहे हैं। क्षेत्र में न तो सड़क का निर्माण हुआ है और न ही नाली की समुचित व्यवस्था की गई है। इससे क्षेत्रवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

रामनगर कॉलोनी के रहवासियों का कहना है कि उन्होंने नगर परिषद में कई बार शिकायतें दर्ज कराईं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई। वार्ड नं. 13 और 14 में अधूरे निर्माण कार्य कर छोड़ दिए गए, जिससे सड़कों पर जलभराव की स्थिति बनी रहती है और गंदगी का आलम है।

बजबजाती नालियां, भिनभिनाती मक्खियां और मच्छरों का आतंक लोगों के लिए रोजमर्रा की चुनौती बन चुका है। स्थानीय निवासियों को सर्दी, खांसी, मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा लगातार बना हुआ है।



स्थानीय नागरिकों की मांग है कि शासन एवं प्रशासन इस समस्या का संज्ञान ले और शीघ्रातिशीघ्र सड़क एवं नाली निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाए, जिससे नागरिकों को राहत मिल सके और स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित किया जा सके।

### प्रशासन और बैंक अधिकारी उनकी मांगों पर ध्यान नहीं देंगे, तो होगा व्यापक आंदोलन

## बैंक मित्र और आउटसोर्स कर्मचारी उठाएंगे अपनी मांगों की आवाज

हरिभूमि जबलपुर।

मध्य प्रदेश बैंक मित्र संगठन और आउटसोर्स कर्मचारियों का ऐतिहासिक आंदोलन, समान वेतन, पेंशन, बीमा और बिचोलिये से आज़ादी की मांगों के साथ। मध्य प्रदेश बैंक मित्र संगठन एवं आउटसोर्स कर्मचारियों ने घोषणा की है कि वे 12 अक्टूबर को राजधानी भोपाल के अम्बेडकर पार्क में ऐतिहासिक हला बोल आंदोलन आयोजित करेंगे। उपरोक्तशय की जानकारी देते हुए जबलपुर संगठन की कार्यकारी अध्यक्ष मूर्ति नामदेव ने बताया कि इस आंदोलन का मकसद कर्मचारियों के लंबित अधिकारों और बैंक मित्र पर हो रहे अत्याचार व कई गंभीर समस्याओं को उजागर करना है। प्रदेशभर से बैंक मित्र और आउटसोर्स कर्मचारी इस आंदोलन में शामिल होकर अपनी मांगों की आवाज बुलंद करेंगे।

बैंक मित्र कम्पनी और आउटसोर्स प्रणाली में उनकी उपेक्षा और अनियमितताएँ लगातार बढ़ती जा रही हैं। संगठन ने इस आंदोलन के माध्यम से स्पष्ट किया है कि अब वक्त आ गया है कि प्रशासन उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुने और तुरंत समाधान प्रदान करे।



**प्रमुख मांगें-** बिचोलिये से आज़ादी, बैंक मित्र और बैंक के बीच में बिचोलियों की भूमिका समाप्त हो, समान काम, समान वेतन, समान कार्य करने वाले बैंक मित्र के लिए समान वेतन सुनिश्चित किया जाए, ताकि कार्य में असमानता और अन्याय दूर हो, बैंक मित्र के जान-माल का बीमा काम के दौरान बैंक मित्र की सुरक्षा और उनके जोखिमों के लिए बीमा का प्रावधान अनिवार्य किया जाए, पेंशन का प्रावधान, बैंक मित्र व कर्मचारी भविष्य की आर्थिक सुरक्षा और स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए पेंशन सुविधा की मांग कर रहे हैं, काम के घंटे और छुट्टी के दिन तय हों।

संगठन ने चेतावनी दी है कि अगर प्रशासन और बैंक अधिकारी उनकी मांगों पर ध्यान नहीं देंगे, तो वे और व्यापक आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

### आज कल आज कल के इंतजार में बीत गए 10 महीने

## एक नाम को लेकर खींचतान में अटकी भाजपा कार्यकारिणी

**जबलपुर।** भारतीय जनता पार्टी की जबलपुर नगर कार्यकारिणी का इंतजार कार्यकर्ताओं के लिए लंबा होता जा रहा है। "आज-कल" के भरोसे 10 महीनें बीत चुका है, लेकिन संगठन की घोषणा अब तक अधर में लटकी हुई है। कार्यकारिणी को लेकर तारीख पर तारीख दी जा रही है। कार्यकर्ताओं की उत्सुकता जहां बढ़ती जा रही है, वहीं अंदरखाने की खींचतान नगर कार्यकारिणी की राह में सबसे बड़ी बाधा बनी हुई है।

सूत्रों के मुताबिक, नगर कार्यकारिणी लगभग तैयार हो चुकी है और वरिष्ठों से रायशुमारी भी हो चुकी है, लेकिन एक महामंत्री के नाम को लेकर पेंच फंस गया है। जबकि अधिकांश पदों को लेकर सहमति भी बन चुकी है। यही वजह है कि सूची पर मुहर लगने के बावजूद उसका ऐलान अब तक नहीं हो सका।

### एक नाम को लेकर खींचतान

सूत्रों की माने तो कार्यकारिणी में एक नाम को लेकर जमकर आपत्ति है। कहा जा रहा है कि नगर कार्यकारिणी में जिस नाम को रखा गया है वह पहले एक वरिष्ठ विधायक के खासमखास माने जाते थे और इन दिनों वे दूसरे नेताओं के दरबार में हाजिरी दे रहे है। इस पर विधायक ने नगर अध्यक्ष के समक्ष अपनी आपत्ति दर्ज करा दी। लिहाजा मामला अटक गया है। यही कारण है कि संगठन स्तर पर भी मामला सुलझ नहीं पा रहा है। पार्टी के भीतर चर्चा यह भी है कि जिस नेता को महामंत्री पद पर लेकर असहमति है, उसका राजनीतिक सफर कई खेमों में घूमता रहा है। पहले वह युवा मोर्चा में सक्रिय था और एक वरिष्ठ विधायक के खेमे का हिस्सा माना जाता था। लेकिन बाद में उसने पाला बदल लिया।

### कार्यकर्ताओं में बेचैनी

लगातार टलते ऐलान से कार्यकर्ताओं में बेचैनी बढ़ती जा रही है। संगठन के प्रति समर्पित कार्यकर्ता मानते हैं कि इस देरी से भाजपा की नगर इकाई की सक्रियता प्रभावित हो रही है। कई महत्वपूर्ण कार्यक्रम और रणनीतियाँ ठंडी पड़ गई हैं, क्योंकि कार्यकारिणी के गठन का इंतजार अब भी जारी है।

### कब होगा ऐलान?

भाजपा का नगर नेतृत्व फिलहाल चुप्पी साधे हुए है। हालांकि सूत्रों का कहना है कि उच्च स्तर पर बातचीत के बाद जल्द ही मामला सुलझा लिया जाएगा और नगर कार्यकारिणी का ऐलान किया जाएगा। लेकिन कार्यकर्ताओं के बीच यह चर्चा आम है कि जब तक इस एक नाम पर सहमति नहीं बनती, तब तक ऐलान होना मुश्किल है।

## *638 पाव देशी शराब एवं बाईक जब्त*

**जबलपुर।** गोरखपुर और कटंगी पुलिस ने अवैध शराब के कारोबार में लिप्त दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 638 पाव देशी शराब और परिवहन में प्रयुक्त मोटर सायकल जब्त की है। गोरखपुर थाना प्रभारी नितिन कमल ने बताया कि बुधवार को मुखबिर की सूचना पर टेंडर 2 मांडवा में अपने घर के पीछे नाले के पास देशी शराब बेचने के लिए रखे टेंडर 2 मांडवा रामपुर निवासी 22 वर्षीय सुमित गोंड को गिरफ्तार उसके पास से 340 पाव देशी शराब जब्त की है। उल्लेखनीय है कि पकड़ा गया आरोपी सुमित गौंड़ आपराधिक प्रवृति का है जिसके विरूद्ध थाना गोरखपुर में पूर्व से मारपीट के 8 अपराध पंजीबद्ध हैं। इसी तरह कटंगी थाना प्रभारी श्रीमति पूजा उपाध्याय ने बताया कि गत दिवस मुखबिर की सूचना पर ग्राम थूहा मोड़ ग्राम डुंगरिया में मोटर सायकल क्रमांक एमपी 20 एनएक्स 2015 में शराब रखकर आ रहे ग्राम थूहा निवासी 32 वर्षीय महेंद्र सिंह ठाकुर को गिरफ्तार उसके पास से कुल 298 पाव देशी शराब और बाईक जब्त की है।

## बीना विधायक निर्मला सप्रे के दलबदल के खिलाफ याचिका पर सुनवाई अब 14 अक्टूबर को होगी

**जबलपुर।** बीना से विधायक निर्मला सप्रे के दलबदल के खिलाफ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार की याचिका पर बुधवार को हाईकोर्ट में सुनवाई नहीं हुई। अब 14 अक्टूबर को सुनवाई होगी। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा की अध्यक्षता वाली डिवीजन बेंच इसकी सुनवाई करेगी। कोर्ट के निर्देश पर रजिस्ट्री ने मामले की जांच कर मामले को डिवीजन बेंच के समक्ष लिस्ट किया था। सिंघार ने कांग्रेस की बीना से विधायक निर्मला सप्रे का निर्वाचन शून्य करने की मांग की गई है। याचिका में विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर को भी पक्षकार बनाया गया है। याचिका के अनुसार पूर्व में विधानसभा अध्यक्ष तोमर को शिकायत की गई थी। लेकिन निर्धारित 90 दिन के भीतर कार्रवाई सुनिश्चित नहीं की गई। इसलिए हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई। याचिका में कांग्रेस विधायक सप्रे पर पार्टी विरोधी गतिविधि का आरोप लगाया गया है। लोकसभा चुनाव के दौरान विरोधी दल भाजपा का प्रचार करते नजर आने का तथ्य रेखांकित किया गया है। याचिकाकर्ता का कहना है कि कांग्रेस विधायक सप्रे भाजपा में शामिल हो चुकी हैं। इसके बावजूद उन्होंने विधायक पद से त्यागपत्र नहीं दिया है। दलबदल कानून के प्रकाश में उनका यह रवैया गैर कानूनी है। इसलिए सदस्यता समाप्त की जानी चाहिए।

### भोपाल की व्हिस्परिंग पाम्स कालोनी में अवैध निर्माण का मामला

## पूर्व आइएएस मोहंती व जुलानिया सहित अन्य को नोटिस

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने भोपाल की व्हिस्परिंग पाम्स कालोनी में अवैध निर्माण के मामले में पूर्व आइएएस एसआर मोहंती व आरएस जुलानिया सहित अन्य को नोटिस जारी कर जवाब-तलब किया है। जस्टिस विशाल मिश्रा की सिंगल बेंच ने इसके लिए 24 नवंबर तक का समय दिया है।

याचिकाकर्ता भोपाल निवासी महेश सिंह परिहार व राज बहादुर प्रसाद ने आरोप लगाया है कि कालोनी के निर्माणों में भोपाल विकास योजना-2005 का उल्लंघन हुआ है। कलियासोत बांध के जलसंग्रहण क्षेत्र में सीमा से कई गुना अधिक निर्माण मनमाने तरीके से कर लिया गया है।

याचिकाकर्ताओं की ओर से दलील दी गई कि नियमानुसार अवैध निर्माण रोके जाने चाहिए। साथ ही नियमों का उल्लंघन करने वाले निर्माणों को हटाए जाने की प्रक्रिया अपनाई जानी चाहिए। इसी मांग के साथ हाई कोर्ट आए हैं। इस कालोनी में अवैध शापिंग सेंटर का निर्माण भी कठघरे में है।

### आचार्य विद्यासागर महाराज के जन्म महोत्सव पर दीपों से जगमगायातीर्थ

## गुरु उपकार दिवस पर स्वरों से महकी सांस्कृतिक संध्या

**जबलपुर।** आचार्य प्रवर 108 विद्यासागर जी महामुनिराज एवं आचार्य श्री 108 समय सागर जी के अवतरण दिवस शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर श्री पिसनहारी मढ़िया जी तीर्थ गुरु उपकार महोत्सव के रूप में धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का साक्षी बना। प्रातः 7.30 बजे,महावीर मंदिर जी में आयोजित आचार्य छत्तीसी विधान एवं अन्य धार्मिक क्रियाओं से शुरुआत की गई जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रभु स्तुति कर अपने कर्मों की निर्जरा की ।

### मूलनायक के तैल चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन

पिसनहारी ट्रस्ट कमेटी के अध्यक्ष राजेंद्र जैन मम्मा, उपाध्यक्ष संजय चौधरी, महामंत्री संजय अरिहंत, मंत्री कैलाश चंद्र मट्टू, कोषाध्यक्ष सुबोध कामरेड सहित पूर्व मंत्री शरद जैन, सोशल ग्रुप फेडरेशन के विनय जैन, सुनील घीया, मंजेश जैन,संजय सम्यक, प्रदीप बेटियां, अजीत नायक, पवन भाग्यश्री, शिवनगर सुनील मंगलाहट, शैलेश आदिनाथ,प्रकाश पटेल,नवयुवक सभा के नितिन बेटियां एवं पिसनहारी व्यापारी संघ के राजीव बेटियां,अनिल जैन अन्नू सहित प्रतिष्ठित व्यक्तियों ने पिसनहारी के मूलनायक पदमप्रभु भगवान के तैल चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर आशीष प्राप्त किया।

### सांस्कृतिक संध्याः गुरु उपकार दिवस

*सायंकालीन 7.30 बजे शरद पूर्णिमा की शीतल छाया तले, श्री पिसनहारी परिसर में मंगलाचरण गीत एवं नृत्य कु.खुशी, कु.ईशा, कु.देशना द्वारा प्रस्तुत किया। इस अवसर का आकर्षण गुरु प्रवर आचार्य विद्या सागर जी एवं समय सागर जी के तैल चित्रों के समक्ष 1008 दीपों का अर्पण रहा। स्वस्तिक पर 1008 दीप, गुरु चरणों में अर्पित कर पूरे तीर्थ क्षेत्र को दीपों से जगमगा कर दिया।*

*अमित पडरिया ने संचालन करते हुए गुरु चरणों के संस्मरण से जनमानस को परिचित करवाया। तत्पश्चात जिनेन्द्र भक्ति नृत्य प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक निशा का आयोजन किया गया। सुप्रसिद्ध भजन गायिका सुश्री आस्था जैन ने गुरु स्तुति प्रस्तुत की। महिला परिषद की सदस्यों ने जैन भजनों के साथ लगभग 2 से 3 घंटो तक अनवरत भक्ति नृत्य किया। कार्यक्रम में अखिल भारतीय दि जैन महिला परिषद,चंदना संभाग,सुंदरी संभाग, मनोरमा संभाग चेलना संभाग की क्रमशः मौली जैन अंजली जैन, संध्या कौशल, निशा चौधरी,चित्रा घिया, विजय लक्ष्मी जैन ने सक्रिय भूमिका निभाई।*

*निर्णायक द्वय श्रीमती गरिमा पटवा एवं श्रीमती मानसी विश्वकर्मा ने परिणामों की घोषणा की। समस्त प्रतिभागियों को ट्रस्ट कमेटी के राजू जैन साइकिल,संजय अरिहंत एवं संजय चौधरी ने कैश अवॉर्ड और मोमेंटो से पुरस्कृत किया।*




**श्री रवि शंकर द्विवेदी-** गली नं. 5, शांति नगर दमोहनाका निवासी श्री रवि शंकर द्विवेदी (91) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती चम्पा राजपूत-** महानद्दा खालसा कालेज के पास निवासी श्री मुरारी राजपूत की धर्मपत्नी श्रीमती चम्पा राजपूत (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री राम कुमार पाली-** शक्ति नगर भोले कुटि के पास निवासी श्री राम कुमार पाली (86) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती शांति बाई साहू-** छोटी ओमती निवासी श्री खुमान सिंह साहू की धर्मपत्नी श्रीमती शांति बाई साहू (87) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती धनवंती देवी-** सीओडी कॉलोनी सुहागी निवासी श्री रणवीर सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती धनवंती देवी (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती राधा नेचलानी-** आईडियल स्टेट गौरीघाट रोड निवासी श्री किशन चंद नेचलानी की धर्मपत्नी श्रीमती राधा नेचलानी (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री नर्मदा प्रसाद विश्वकर्मा-** अवधपुरी कॉलोनी गौरीघाट रोड निवासी श्री नर्मदा प्रसाद विश्वकर्मा (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**कु. कल्पना जाट-** चांदमारी ओम कला मंदिर रोड लालमाटी निवासी श्री राम आसरे जाट की पुत्री कु. कल्पना जाट (37) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती सीता बाई सिपाही-** सदर वाजपेयी कम्पाउंड निवासी श्री रमेश सिपाही की धर्मपत्नी श्रीमती सीता बाई सिपाही (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कृष्णा दुबे-** गौतमगंज गढ़ा निवासी श्री श्यामा कांत दुबे की धर्मपत्नी श्रीमती कृष्णा दुबे (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री राहुल गायकवाड़-** एलआईसी इंद्रा बस्ती मदनमहल निवासी श्री किशन दास गायकवाड़ के पुत्र श्री राहुल गायकवाड़ (21) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती विमला देवी लोधी-** बदनपुर शक्तिनगर निवासी श्री पीएल लोधी की धर्मपत्नी श्रीमती विमला देवी लोधी (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती गुलाबवती मेहले-** एलआईसी इंद्रा बस्ती मदनमहल निवासी श्री दुलीचंद मेहले की धर्मपत्नी श्रीमती गुलाबवती मेहले (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अयोध्या सिंह ठाकुर-** नवनिवेश कॉलोनी गंगा नगर गढ़ा निवासी श्री अयोध्या सिंह ठाकुर (81) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
रंगीन 300/-
रंगीन 400/-
रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-

# पीएम ने कांग्रेस में मोबाइल से लेकर चिप में निवेश का
# डिजिटल क्षेत्र में भारत की बड़ी तरक्की
# एक जीबी डेटा एक कप चाय से सस्ता: मोदी


*प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को मोबाइल से लेकर सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में निवेश और विनिर्माण का आह्वान करते हुए कहा कि लोकतांत्रिक ढांचा, कारोबार सुगमता और अनुकूल नीतियों से भारत एक निवेश अनुकूल गंतव्य के रूप में उभरा है।*

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

उन्होंने डिजिटल बुनियादी ढांचा क्षेत्र में हुई तरक्की का जिक्र करते हुए कहा कि देश में आज एक जीबी डेटा की लागत एक कप चाय से भी कम है।

प्रधानमंत्री ने यहां इंडिया मोबाइल कांग्रेस के उद्घाटन के मौके पर अपने संबोधन में कहा, ''डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे में हमारी सफलता इस बात का प्रमाण है कि सरकार 'सबसे पहले डिजिटल' मानसिकता के प्रति कितनी प्रतिबद्ध है...यह भारत में निवेश, नवोन्मेष और 'मेक इन इंडिया' का सबसे अच्छा समय है।''

- भारत लोकतांत्रिक ढांचा, कारोबार सुगमता के रूप में उभरा
- डेटा खपत के मामले में हम दुनिया में सबसे आगे
- भारत के पास दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा दूरसंचार बाजार



### डेटा खपत में हम अग्रणी

*मोदी ने कहा, ''डेटा खपत के मामले में, हम दुनिया के अग्रणी देशों में से एक हैं। इसका मतलब है कि भारत में डिजिटल संपर्क सुविधा अब एक विशेषाधिकार या विलासिता नहीं है बल्कि यह भारतीय जीवन का एक अभिन्न अंग है। 'भारत में एक जीबी वायरलेस डेटा एक कप चाय की कीमत से भी सस्ता है।*

### दूसरा सबसे बड़ा 5जी बाजार

पीएम ने कहा, ''भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था, सरकार के स्वागतपूर्ण दृष्टिकोण और कारोबार सुगमता की नीतियों ने देश को एक निवेशक-अनुकूल गंतव्य की छवि बनाने में मदद की है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के पास दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा दूरसंचार बाजार, दूसरा सबसे बड़ा 5जी बाजार, नेतृत्व करने के लिए जनशक्ति,

### यूटेलसैट वनवेब अपनी सेवाएं शुरू करने को उत्सुक

भारती एंटरप्राइजेज के चेयरमैन सुनील भारती मित्तल ने बुधवार को कहा कि यूटेलसैट वनवेब सरकार से हरी झंडी मिलते ही अपनी सेवाएं शुरू करने को उत्सुक है। भारत में उपग्रह संचार पेशकश को लेकर बढ़ती सार्वजनिक प्रत्याशा के बीच मित्तल ने यह बात कही है। इंडिया मोबाइल कांग्रेस से इतर यहां मित्तल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत के लिए विनिर्माण से आगे बढ़कर संप्रभु डेटा क्षेत्र, कृत्रिम मेधा (एआई) और डेटा केंद्रों में आत्मनिर्भरता का मार्ग प्रशस्त किया है।

### सरकार राष्ट्रीय उपग्रह संचार निगरानी केंद्र बनाएगा

संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि सरकार ने जरूरी आंकड़ों और स्पेक्ट्रम परिसंपत्तियों की सुरक्षा के लिए राष्ट्रीय उपग्रह संचार निगरानी प्रणाली स्थापित करने के लिए लगभग 900 करोड़ रुपये निर्धारित किए हैं। सिंधिया ने सैटकॉम पर एक सत्र के दौरान कहा कि दूरसंचार और प्रसारण को शामिल करते हुए भारतीय सैटकॉम बाजार का मूल्य पिछले साल लगभग 4.3 अरब डॉलर था और 2033 तक इसके तीन गुना होकर लगभग 14.8 अरब डॉलर तक पहुंचने की संभावना है।

### देश को डिजिटल क्रांति में आगे रखने तत्पर: आकाश अंबानी

रिलायंस जियो के चेयरमैन आकाश अंबानी ने कहा कि भारत को डिजिटल क्रांति में सबसे आगे रखने के लिए तत्पर हैं। उन्होंने कहा कि कंपनी नवाचार और यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि भारत डिजिटल क्रांति में अग्रणी बना रहे। अंबानी ने कहा कि इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2025 देश की उपलब्धियों को प्रदर्शित करने की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने इस कार्यक्रम से इतर कहा, ''आज हमने सेमीकंडक्टर से लेकर धोखाधड़ी प्रबंधन और 6जी तक पूरी मूल्य श्रृंखला देखी...हम नवाचार करने और भारत को डिजिटल क्रांति में सबसे आगे रखने के लिए तत्पर हैं।''

### आज हर जिले में 5जी की पहुंच

पीएम ने कहा, ''जो देश कभी 2जी से जूझ रहा था, आज लगभग हर जिले में 5जी पहुंच रहा है।'' प्रधानमंत्री ने डेटा (निजी जानकारी और सूचना) संप्रभुता का जिक्र करते हुए कहा कि दुनिया पहले से कहीं ज्यादा डेटा उत्पन्न कर रही है, जिससे भंडारण, सुरक्षा और संप्रभुता के मुद्दे बेहद महत्वपूर्ण हो गए हैं। उन्होंने कहा, ''हम सुधारों की गति बढ़ा रहे हैं।''

# वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनियां उपयोग में आसान: मल्होत्रा

एजेंसी ⏭ मुंबई



- सर्व सुलभ उत्पाद और डिजाइन बनाएं
- 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने में मददगार होगा

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बुधवार को वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनियों से उपयोग में आसान और सभी के लिए सुलभ उत्पाद डिजाइन करने को कहा। उन्होंने कहा कि यह भारत को वित्तीय समावेश हासिल करने और 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने में मददगार होगा। मल्होत्रा ने 'ग्लोबल फिनटेक फेस्ट' 2025 को संबोधित करते हुए बढ़ते डिजिटल धोखाधड़ी के मुद्दे का भी उल्लेख किया और इस समस्या पर अंकुश लगाने के लिए प्रयास तेज करने की वकालत की।

मल्होत्रा ने एप्पल के संस्थापक स्टीव जॉब्स का हवाला देते हुए कहा, ''अपने ग्राहकों के पहले से कहीं अधिक करीब पहुंचिए, इतना करीब कि उन्हें यह पता चलने से पहले ही बता दीजिए कि उन्हें क्या चाहिए।' सभी के लिए सुलभ हों और सहायक प्रौद्योगिकी के साथ हों। आरबीआई गवर्नर ने इस क्षेत्र से विश्वास और अनुपालन को प्राथमिकता देने के साथ-साथ प्रत्येक उत्पाद और सेवा में उपभोक्ताओं के लिए मजबूत 'डाटा' सुरक्षा, पारदर्शिता और सुरक्षा उपायों को शामिल करने का भी आग्रह किया। इसके अलावा, मल्होत्रा ने उनसे 'स्थानीय को प्राथमिकता देते हुए वैश्विक सोच' का आह्वान किया। 'अंतरराष्ट्रीय साझेदारों के साथ जुड़ें, सीख साझा करें, वैश्विक सर्वोत्तम गतिविधियों को अपनाएं और डिजिटल वित्त के भविष्य को आकार देने में भारत की भूमिका को मजबूत करें।' उन्होंने कहा कि इन सिद्धांतों को अपनाकर और भारत की डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे (डीपीआई) की अनूठी खूबियों का उपयोग करके, एक जीवंत परिवेश, डिजिटल रूप से जुड़ी आबादी, सक्षम नीतियों और गहन तकनीकी प्रतिभा के साथ, फिनटेक डिजिटल अंतर को पाट सकता है।

### 40 अरब डॉलर से अधिक निवेश वाली 10,000 संस्थाएं

गवर्नर ने कहा कि भारत में एक जीवंत वित्तीय प्रौद्योगिकी परिवेश है और फिनटेक उद्योग ने बड़े पैमाने पर और किफायती लागत पर वित्तीय सेवाएं प्रदान करना संभव बनाया है। देश में पिछले एक दशक में 40 अरब डॉलर से अधिक के निवेश वाली लगभग 10,000 संस्थाएं हैं। मल्होत्रा ने कहा कि इस क्षेत्र ने अभूतपूर्व वृद्धि देखी है और भविष्य की संभावनाएं इस क्षेत्र की कई खूबियों पर आधारित हैं।

# सोना 2,600 रुपए बढ़कर 1,26,600 रुपए प्रति 10 ग्राम के उच्चतम स्तर पर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



- अमेरिका में शटडाउन के कारण वित्तपोषण में आ रही दिक्कतें

अमेरिका में वित्तपोषण की दिक्कतों के कारण कुछ विभागों में कामकाज ठप रहने (शटडाऊन) से उत्पन्न भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के बीच मजबूत वैश्विक रुझानों के अनुरूप, राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बुधवार को सोने की कीमतों में लगातार तीसरे दिन तेजी रही और यह 2,600 रुपये की तेजी के साथ 1,26,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गईं। वैश्विक जोखिम से बचने की धारणा की वजह से निवेशकों के सुरक्षित निवेश विकल्पों की ओर रुख करने के कारण पिछले तीन दिन में सोने में 6,000 रुपये की वृद्धि हुई है। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना सोमवार को 2,700 रुपये की भारी वृद्धि दर्ज करने के एक दिन बाद मंगलवार को 700 रुपये बढ़कर 1,24,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। बुधवार को स्थानीय सराफा बाजार में 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोने की कीमत 2,600 रुपये बढ़कर 1,26,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) के सर्वकालिक उच्च स्तर को छू गई। पिछले बाजार सत्र में यह 1,23,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। विश्लेषकों ने कहा कि अमेरिकी सरकार के मौजूदा शटडाऊन और बढ़ते वैश्विक भू-राजनीतिक तनाव ने सुरक्षित निवेश वाली इस परिसंपत्ति में निवेश को बढ़ावा दिया है।

इसके अलावा, बुधवार को चांदी की कीमतें 3,000 रुपये बढ़कर 1,57,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) के अपने रिकॉर्ड उच्चस्तर के करीब पहुंच गईं।

### विदेशी बाजार में सराफा तेज

मंगलवार को यह 1,54,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। सोमवार को चांदी 1,57,400 रुपये प्रति किलोग्राम के रिकॉर्ड उच्च स्तर को छू गई थी। विदेशी बाजारों में सर्राफा कीमतों में जोरदार तेजी देखी गई। हाजिर सोना लगभग दो प्रतिशत बढ़कर 4,049.59 डॉलर प्रति औंस के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया।

## आरबीआई शुरू कर रहा पायलट प्रोजेक्ट

# डिजिटल टोकन में बदल जाएगी आपकी बैंक में जमा रकम

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक अब बैंक जमा रकम को डिजिटल टोकन में बदलने की दिशा में बड़ा कदम उठाने जा रहा है। आरबीआई जल्द ही 'डिपॉजिट टोकनाइजेशन' का पायलट प्रोजेक्ट शुरू करेगा। यह प्रयोग शुरू में कुछ चुनिंदा बैंकों के साथ किया जाएगा। माना जा रहा है कि इस प्रक्रिया से बैंकिंग ट्रांजैक्शन तेज और ज्यादा सुरक्षित होगा।

यह जानकारी आरबीआई के वरिष्ठ अधिकारी ने दी। उन्होंने बताया कि डिपॉजिट टोकनाइजेशन का मतलब है कि बैंक में जमा रकम को डिजिटल टोकन में बदल देना, जिसे ब्लॉकचेन पर सुरक्षित रूप से रखा जाएगा। यह टोकन असली जमा राशि के बराबर मूल्य का होगा और इसका इस्तेमाल बैंकिंग सिस्टम में भुगतान, हस्तांतरण और निपटान के लिए किया जा सकेगा।

### प्रयोग कुछ चुनिंदा बैंकों के साथ किया जाएगा

### 2022 में की थी डिजिटल मुद्रा की शुरुआत

*आरबीआई ने इससे पहले 1 नवंबर 2022 को अपनी डिजिटल मुद्रा का थोक पायलट शुरू किया था, ताकि सरकारी प्रतिभूतियों के लेनदेन को डिजिटल बनाया जा सके। इसके बाद 1 दिसंबर 2022 को खुदरा क्षेत्र के लिए पायलट शुरू किया, जिससे व्यक्ति-से-व्यक्ति और व्यक्ति-से-व्यवसाय लेनदेन की सुविधा मिली। मार्च 2024 तक खुदरा डिजिटल मुद्रा का इस्तेमाल 6 करोड़ रुपए से बढ़कर 234 करोड़ रुपए तक पहुंच गया, जिससे पता चलता है कि डिजिटल मुद्रा को लेकर लोगों का भरोसा लगातार बढ़ रहा है।*




### ब्लॉकचेन तकनीक क्या है?

यह एक ऐसी डिजिटल तकनीक है, जिसमें सभी लेनदेन डिजिटल रजिस्टर प्रारूप में दर्ज किए जाते हैं। हर नया लेनदेन एक ब्लॉक के रूप में जुड़ता है, इसलिए इसे ''ब्लॉक-चेन'' कहा जाता है। इसकी खासियत यह है कि इसमें किसी भी रिकॉर्ड को बदला या मिटाया नहीं जा सकता। डाटा पूरी तरह सुरक्षित रहता है। इसमें सेंध लगाना भी लगभग नामुमकिन होता है।

### रक्षा मानक तैयार किए

इसका मकसद भविष्य की डिजिटल बैंकिंग प्रणाली को और मजबूत बनाना है। आरबीआई अधिकारी ने यह भी बताया कि टोकनाइजेशन की प्रक्रिया में पारदर्शिता और वैधानिकता बनाए रखना जरूरी है। इससे जुड़े जोखिम पूरी तरह नियंत्रित हैं और आरबीआई ने इसके लिए आवश्यक सुरक्षा मानक तैयार किए हैं।

## इलेक्ट्रिक कारों की खुदरा बिक्री सितंबर में दोगुना से

**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रिक कारों की खुदरा बिक्री सितंबर में दो गुना से अधिक हो गई। वाहन डीलरों के संगठन फाडा द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, इस क्षेत्र में टाटा मोटर्स सबसे आगे रही, जिसने 6,216 इकाइयों की बिक्री की। पिछले महीने कुल इलेक्ट्रिक यात्री वाहनों की बिक्री बढ़कर 15,329 इकाइयां हो गई, जबकि पिछले वर्ष इसी महीने यह संख्या 6,191 इकाइयां थी। टाटा मोटर्स ने पिछले वर्ष यानी 2024 के सितंबर माह में 3,833 इकाइयों की खुदरा बिक्री की थी, जो इस साल सितंबर में 62 प्रतिशत बढ़कर 6,216 इकाइयां हो गई। जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर ने पिछले महीने 3,912 इकाइयां बेचीं, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की 1,021 इकाइयों की तुलना में तीन गुना है। महिंद्रा एंड महिंद्रा ने सितंबर में 3,243 इकाइयां बेचीं, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में कंपनी ने 475 इकाइयां बेची थीं।


## कार्यालय कलेक्टर जिला सिवनी एवं पदेन उपसचिव मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग

क्रमांक / 4807/ जि.भू.अ./2025 — **प्रारंभिक अधिसूचना** — सिवनी दिनांक 30/09/2025

चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि, इसमें संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (14) में उल्लेखित वर्णित भूमि की शेर सिंचाई कॉम्पलेक्स परियोजना के बांध क्रमांक – 3 के निर्माण हेतु सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है अत: भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा 11 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार एतद् द्वारा सभी संबंधित हितबद्ध व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है कि, राज्य शासन इसके द्वारा कार्यपालन यंत्री पेंच व्यपवर्तन बांध जल संसाधन संभाग क्रमांक 1 चौरई जिला छिंदवाडा को संबंधित भूमि के संबंध में भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा – 12 मे दी गई शक्तियों के प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता है। अर्जित की जाने वाली प्रस्तावित भूमि के संबंध में भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा – 6 के अंतर्गत सिचाई परियोजनाओं की बाबत जहां तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि के उपबंधो के अधीन पर्यावरणीय समाघात निर्धारण की प्रक्रिया की अपेक्षा की जाती है, इस अधिनियम के सामाजिक समाघात निर्धारण उपबंध लागू नहीं होगे। उपरोक्त के संबंध में पर्यावरण स्वीकृति प्रस्ताव क्रमांक SIA/MP/RIV/544856/2025 राज्य स्तरीय पर्यावरणीय प्रभाव मूल्यांकन प्राधिकरण के समक्ष प्रस्तुत की गई है। अत: अधिनियम की धारा 11 ( 3 ) के अंतर्गत सामाजिक सामाघात निर्धारण रिपोर्ट का सारांश प्रकाशित नही किया जा रहा है। अर्जन हेतु प्रस्तावित भूमि का विवरण निम्नानुसार है :-

1- ग्राम का नाम :- खूबी रै. प.ह.नं.45 रा.नि.म. :-आदेगांव तहसील :-लखनादौन जिला :-सिवनी 2-अर्जन हेतु प्रस्तावित भूमि का क्षेत्रफल :-0.290 हेक्टेयर

| स. क्र. | सर्वेक्षण संख्या | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्र. हे. में | हितबद्ध व्यक्ति का नाम और पता | सीमाऐं उत्तर | दक्षिण | पूर्व | पश्चिम | वृक्ष किस्म | संख्या | संरचनाऐं प्रकार | प्लिथ एरिया |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
| 1 | 3/1/1 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.090 | फुल्लू पिता ईमरत जाति गोड पता लखनादौन जिला सिवनी मध्य प्रदेश भूमि स्वामी | खसरा 34 की भूमि | खसरा 3/1/2की भूमि | खसरा 34 की भूमि | खसरा 3/1/2की भूमि | - | - | - | - |
| 2 | 3/1/2 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.020 | सुदामाबाई पिता ईमरत जाति गोड पता लखनादौन जिला सिवनी मध्य प्रदेश भूमि स्वामी | खसरा 3/1/1 की भूमि | खसरा 3/1/3 की भूमि | खसरा 10/1/2की भूमि | खसरा 1, 2 की भूमि | - | - | - | - |
| 3 | 3/1/2 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.070 | सरस्वती बेवा देवीलाल, कृष्णा, परसवती, प्रभा मेमोबाई, रामबाई, रूक्मणी, वैजन्ती, सत्ताबाई पिता देवीलाल जाति गौंड पता खूबी रै. लखनादौन सिवनी मध्य प्रदेश भूमि स्वामी | खसरा 1 की भूमि | खसरा 42/1/1 की भूमि | खसरा 42/1/1 की भूमि | खसरा 34 की भूमि | - | - | - | - |
| 4 | 42/1/1 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.010 | सोमती बेवा धनाराम, संतोष, संतराम, सतिया पिता धनाराम जाति गौंड पता खूबी रै. लखनादौन सिवनी मध्य प्रदेश भूमि स्वामी | खसरा 1 की भूमि | खसरा 41/5 की भूमि | खसरा 42/2 की भूमि | खसरा 34 की भूमि | - | - | - | - |
| 5 | 42/7 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.010 | हीरालाल पिता देवकरन जाति गौड पता खूबी है. लखनादौन सिवनी मध्य प्रदेश भूमि स्वामी | खसरा 44, 1 की भूमि | खसरा 42/6 की भूमि | खसरा 44 की भूमि | खसरा 42/6 की भूमि | - | - | - | - |
| 6 | 46/1 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.090 | अठ्ठू पिता फूलसिंह जाति गोड पता खूबी लखनादौन सिवनी मध्य प्रदेश भूमि स्वामी | खसरा 46/6 की भूमि | खसरा 44 की भूमि | खसरा 46/2 की भूमि | खसरा 44 की भूमि | - | - | - | - |
| कुल योग:- | | | | 0.290 | | | | | | | | | |

1. अर्जित की जाने वाली उल्लेखित प्रस्तावित भूमि का नक्शा ( प्लान) का निरीक्षण कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं भू-अर्जन अधिकारी लखनादौन जिला सिवनी के कार्यालय में किया जा सकता है। 2. अर्जित की जाने वाली उल्लेखित प्रस्तावित भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण कार्यालय कार्यपालन यंत्री पेंच व्यपवर्तन बांध जल संसाधन संभाग क्रमांक 1 चौरई जिला छिंदवाडा के कार्यालय में किया जा सकता है। 3. अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई भी व्यक्ति कलेक्टर के पूर्व अनुमोदन के बिना किसी ऐसी अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से भूमि का कोई भी संव्यवहार नही करेगा या कोई भी संव्यवहार नही होने देगा अर्थात कय / विक्रय आदि नही करेगा या ऐसी भूमि पर कोई विल्लंगम सृजित नही करेगा। 4. अर्जित की जाने वाली उल्लेखित प्रस्तावित भूमि के बारे में हितबद्ध कोई भी व्यक्ति भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा- 15 (1) के अधीन इस अधिसूचना प्रकाशन के 60 दिनों के अंदर भूमि अर्जन के बारे में कलेक्टर के समक्ष आक्षेप यदि कोई हो, फाईल किए जा सकेगे।

(संस्कृति जैन)
मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार
कलेक्टर सिवनी एवं पदेन उपसचिव
मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग जिला सिवनी (म.प्र.)
G-19735/25 "पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार"

## कार्यालय कलेक्टर जिला सिवनी एवं पदेन उपसचिव मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग

क्रमांक / 4810/ भू.अर्जन/2025 — **प्रारंभिक अधिसूचना** — सिवनी दिनांक 30/09/2025

चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि, इसमें संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (14) में उल्लेखित वर्णित भूमि की शेर सिंचाई कॉम्पलेक्स परियोजना के बांध क्रमांक 4 के निर्माण हेतु सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है अत: भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा 11 की उपधारा (1) के उपबंधो के अनुसार एतद् द्वारा सभी संबंधित हितबद्ध व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है कि, राज्य शासन इसके द्वारा कार्यपालन यंत्री पेंच व्यपवर्तन बांध जल संसाधन संभाग क्रमांक 1 चौरई जिला छिंदवाडा को संबंधित भूमि के संबंध में भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा - 12 मे दी गई शक्तियों के प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता है। अर्जित की जाने वाली प्रस्तावित भूमि के संबंध में भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा - 6 के अंतर्गत सिचाई परियोजनाओं की बाबत जहां तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि के उपबंधो के अधीन पर्यावरणीय समाघात निर्धारण की प्रक्रिया की अपेक्षा की जाती है, इस अधिनियम के सामाजिक समाघात निर्धारण उपबंध लागू नहीं होगे। उपरोक्त के संबंध में पर्यावरण स्वीकृति प्रस्ताव क्रमांक SIA/MP/RIV/544816/ 2025 राज्य स्तरीय पर्यावरणीय प्रभाव मूल्यांकन प्राधिकरण के समक्ष प्रस्तुत की गई है। अत: अधिनियम की धारा 11 (3) के अंतर्गत सामाजिक सामाघात निर्धारण रिपोर्ट का सारांश प्रकाशित नही किया जा रहा है। अर्जन हेतु प्रस्तावित भूमि का विवरण निम्नानुसार है :-

1- ग्राम का नाम :- अटारी रै. प.ह.नं. 62 रा.नि.म. :-आदेगांव तहसील :-लखनादौन जिला :-सिवनी 2-अर्जन हेतु प्रस्तावित भूमि का क्षेत्रफल :-13.45 हेक्टेयर

| स. क्र. | सर्वेक्षण संख्या | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्र. हे. में | हितबद्ध व्यक्ति का नाम और पता | सीमाऐं उत्तर | दक्षिण | पूर्व | पश्चिम | वृक्ष किस्म | संख्या | संरचनाऐं प्रकार | प्लिथ एरिया |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
| 1 | 3/2 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.65 | पीतम पिता सुम्मी जाति गोड पता अटारी रै. लखनादौन सिवनी मध्यप्रदेश भूमिस्वामी | खसरा 2/1 की भूमि | खसरा 35 की भूमि | खसरा 6/2 की भूमि | खसरा 35 की भूमि | - | - | - | - |
| 2 | 36/1 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.08 | | खसरा 35 की भूमि | खसरा 37/2 की भूमि | खसरा 35 की भूमि | खसरा 1 की भूमि | - | - | - | - |
| 3 | 3/3 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.56 | धनाराम पिता दुकाली जाति गोड पता अटारी रै लखनादौन सिवनी मध्यप्रदेश भूमिस्वामी | खसरा 2/1 की भूमि | खसरा 35 की भूमि | खसरा 6/2 की भूमि | खसरा 35 की भूमि | - | - | - | - |
| 4 | 3/5 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.10 | | खसरा 2/1 की भूमि | खसरा 35 की भूमि | खसरा 6/2 की भूमि | खसरा 35 की भूमि | - | - | - | - |
| 5 | 36/3 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.32 | | खसरा 35 की भूमि | खसरा 37/2 की भूमि | खसरा 35 की भूमि | खसरा 1 की भूमि | - | - | - | - |
| 6 | 3/4 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.50 | फागूलाल पुत्र शोभाराम, पंजोबाई पुत्री शोभाराम, जाति गोंड पता निवासी अटारी तहसील लखनादौन सिवनी मध्यप्रदेश भूमिस्वामी | खसरा 2/1 की भूमि | खसरा 35 की भूमि | खसरा 6/2 की भूमि | खसरा 35 की भूमि | - | - | - | - |
| 7 | 36/4 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.12 | | खसरा 35 की भूमि | खसरा 37/2 की भूमि | खसरा 35 की भूमि | खसरा 1 की भूमि | महुआ | 1 | - | - |
| 8 | 4/1 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.52 | इंदर पिता रहमानसिंग जाति गोड, पता अटारी रै लखनादौन सिवनी मध्यप्रदेश भूमिस्वामी | खसरा 4/3 की भूमि | खसरा 5 की भूमि | खसरा 6/1 की भूमि | खसरा 4/2 की भूमि | सबबूल महानीम बेर | 19 4 1 | कच्चा मकान 2 | - |
| 9 | 37/3 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.84 | | खसरा 37/2 की भूमि | खसरा 37/1 की भूमि | खसरा 35 की भूमि | खसरा 1 की भूमि | बेर, आम लेंडिया नीम | 3,1,1,1 | कच्चा कुआ 1 | - |
| 10 | 4/2 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.60 | बसंतीबाई पिता चंदर जाति गोंड पता अटारी रै लखनादौन सिवनी मध्यप्रदशे भूमि स्वामी | खसरा 4/3 की भूमि | खसरा 4/2 की भूमि | खसरा 6/5 की भूमि | खसरा 3/4 की भूमि | बेर, बबूल सुबबूल मुनगा महानीम | 8,2,2, 1,1 | कच्चा कुआ 1 कच्चा मकान 2 पक्का मकान 2 | - |
| 11 | 37/2 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.50 | | खसरा 36 की भूमि | खसरा 37/3 की भूमि | खसरा 35 की भूमि | खसरा 1 की भूमि | आम कटहल बेर | 4,3,1 | कच्चा कुआ 1 | - |
| 12 | 4/3 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.48 | दशरथ, दर्शन पिता गुलाब, गुलाब, ईंदर, प्रेमवती, चंद्रा पिता रहमान, दसिया पिता चंदर, बसंतोबाई पिता चदर, जाति गोंड, पता अटारी रै. लखनादौन सिवनी मध्यप्रदेश भूमिस्वामी | खसरा 3/5 की भूमि | खसरा 4/2 की भूमि | खसरा 6/5 की भूमि | खसरा 3/4 की भूमि | नीम आम महुआ छिवला माहानीम | 1,1,1,4, 1 | - | - |
| 13 | 5 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.81 | दशरथ, दर्शन पिता गुलाब जाति गोड पता अटारी रै. लखनादौन सिवनी मध्यप्रदेश भूमिस्वामी | खसरा 6/1 की भूमि | खसरा 7 की भूमि | खसरा 6/4 की भूमि | खसरा 35 की भूमि | - | - | - | - |
| 14 | 37/1 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.97 | | खसरा 37/3 की भूमि | खसरा 38 की भूमि | खसरा 35 की भूमि | खसरा 1 की भूमि | सूबबूल महुआ | 1 3 | कच्चा कुआ 1 कच्चा मकान 3 पक्का मकान 2 | - |
| 15 | 38 | भूमिस्वामी | कृषि | 2.32 | | खसरा 5 की भूमि | खसरा 5 की भूमि | खसरा 39 की भूमि | खसरा 1 की भूमि | महुआ सागौन अमरूद | 4 1 1 | - | - |
| 16 | 6/1/2 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.08 | मंगलवती पिता टेकचंद जाति गोंड पता अटारी रै लखनादौन सिवनी मध्य प्रदेश भूमि स्वामी | खसरा 6/5 की भूमि | खसरा 5 की भूमि | खसरा 6/1/1 की भूमि | खसरा 6/1/3 की भूमि | - | - | - | - |
| 17 | 6/1/2 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.11 | ग्यारसो पिता टेकचंद जाति गोंड पता अटारी रै लखनादौन सिवनी मध्य प्रदेश भूमि स्वामी | खसरा 6/5 की भूमि | खसरा 5 की भूमि | खसरा 6/1/2 की भूमि | खसरा 6/1/4 की भूमि | - | - | - | - |
| 18 | 6/1/4 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.11 | द्वारका पिता टेकचंद जाति गोंड पता अटारी रै लखनादौन सिवनी मध्य प्रदेश भूमि स्वामी | खसरा 6/5 की भूमि | खसरा 5 की भूमि | खसरा 6/1/3 की भूमि | खसरा 4/1 की भूमि | - | - | - | - |
| 19 | 6/1/1 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.05 | बजारी पिता टेकचंद जाति गोंड पता अटारी रै लखनादौन सिवनी मध्यप्रदेश भूमि स्वामी | खसरा 6/2 की भूमि | खसरा 5 की भूमि | खसरा 6/5 की भूमि | खसरा 6/1/2की भूमि | - | - | - | - |
| 20 | 6/4 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.02 | | खसरा 6/1/5 की भूमि | खसरा 8/1/1 की भूमि | खसरा 8/1/1 की भूमि | खसरा 5 की भूमि | छिवला | 2 | पक्का मकान 1 | - |
| 21 | 7 | भूमिस्वामी | कृषि | 1.25 | ओमकार पिता धुन्धी जाति गोड, पता अटारी रै लखनादौन सिवनी मध्यप्रदेश भूमिस्वामी | खसरा 5 की भूमि | खसरा 8/2 की भूमि | खसरा 8/1/1 की भूमि | खसरा 35 की भूमि | - | - | तलाब 1 | - |
| 22 | 8/1/1 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.30 | झिन्नाबाई, मुनोबाई, सरदार, सुराजी पिता वीरन जाति गोंड पता अटारी रै. लखनादौन सिवनी मध्यप्रदेश भूमिस्वामी | खसरा 8/1/2की भूमि | खसरा 8/1/3 की भूमि | खसरा 4,8/3 की भूमि | खसरा 6/4 की भूमि | मुनगा | 1 | - | - |
| 23 | 8/1/3 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.25 | सरदार पिता वीरन जाति गोंड, पता लखनादौन सिवनी मध्यप्रदेश भूमिस्वामी | खसरा 8/1/1 की भूमि | खसरा 8/2 की भूमि | खसरा 8/3 की भूमि | खसरा 7 की भूमि | - | - | - | - |
| 24 | 8/2 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.04 | कालीचरन पिता मिहीलाल जाति गोड पता अटारी रै. लखनादौन सिवनी मध्यप्रदेश भूमि स्वामी | खसरा 8/3 की भूमि | खसरा 1 की भूमि | खसरा 33 की भूमि | खसरा 7 की भूमि | - | - | - | - |
| 25 | 40 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.02 | | खसरा 1 की भूमि | खसरा 41/1 की भूमि | खसरा 1 की भूमि | खसरा 39 की भूमि | - | - | - | - |
| 26 | 36/2 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.60 | चन्नू पिता दुकाली जाति गोड पता अटारी रै. लखनादौन सिवनी मध्यप्रदेश भूमिस्वामी | खसरा 35 की भूमि | खसरा 37/2 की भूमि | खसरा 35 की भूमि | खसरा 1 की भूमि | - | - | - | - |
| 27 | 39 | भूमिस्वामी | कृषि | 1.25 | गोपाल पिता ओमकार जाति गोड पता अटारी रै लखनादौन सिवनी मध्यप्रदेश भूमिस्वामी | खसरा 35 की भूमि | खसरा 1 की भूमि | खसरा 40 की भूमि | खसरा 1 की भूमि | - | - | [illegible] | - |
| कुल योग:- | | | | 13.45 | | | | | | वृक्ष | 74 | क. मकान 8 प. मकान 5 क. कुंआ 5 तलाब 1 | |

1. अर्जित की जाने वाली उल्लेखित प्रस्तावित भूमि का नक्शा ( प्लान) का निरीक्षण कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं भू-अर्जन अधिकारी लखनादौन जिला सिवनी के कार्यालय में किया जा सकता है। 2. अर्जित की जाने वाली उल्लेखित प्रस्तावित भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण कार्यालय कार्यपालन यंत्री पेंच व्यपवर्तन बांध जल संसाधन संभाग क्रमांक 1 चौरई जिला छिंदवाडा के कार्यालय में किया जा सकता है 3. अधिनियम की धारा 11( 4 ) के अधीन कोई भी व्यक्ति कलेक्टर के पूर्व अनुमोदन के बिना किसी ऐसी अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से भूमि का कोई भी संव्यवहार नही करेगा या कोई भी संव्यवहार नही होने देगा अर्थात कय / विक्रय आदि नही करेगा या ऐसी भूमि पर कोई विल्लंगम सृजित नही करेगा। 4. अर्जित की जाने वाली उल्लेखित प्रस्तावित भूमि के बारे में हितबद्ध कोई भी व्यक्ति भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा - 15 ( 1 ) के अधीन इस अधिसूचना प्रकाशन के 60 दिनों के अंदर भूमि अर्जन के बारे में कलेक्टर के समक्ष आक्षेप यदि कोई हो, फाईल किए जा सकेगे।

(संस्कृति जैन)
मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार
कलेक्टर सिवनी एवं पदेन उपसचिव
मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग जिला सिवनी (म.प्र.)
G-19723/25 "पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार"

## डॉ. यादव ने कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में कलेक्टर्स-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस में किया संबोधित

# सिंहस्थ से पहले पूर्ण करें राम-वन-गमन पथ कृष्ण पाथेय का निर्माण: मुख्यमंत्री डॉ. यादव

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सिंहस्थ-2028 मध्यप्रदेश की आध्यात्मिक, धार्मिक और सांस्कृतिक सम्पन्नता को दुनिया के सामने लाने का बहुत बड़ा अवसर है। सिंहस्थ में आने वाला हर श्रद्धालु मध्यप्रदेश के वैभव को देखे, इसके लिए हमें अभी से प्रयास करने होंगे। सभी जिलाधिकारी अपने-अपने जिलों में सांस्कृतिक और धार्मिक विरासतों के उद्धार एवं सौंदर्याकरण पर ध्यान दें।

जिन जिलों में धार्मिक लोक, राम-वन-गमन पथ, कृष्ण पाथेय का निर्माण होना है, वह सिंहस्थ से पहले पूर्ण हों। दूर-दूर से आए श्रद्धालु उज्जैन के साथ प्रदेश के अन्य स्थलों का भी भ्रमण करेंगे। उन्होंने कहा कि यह अवसर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को गति प्रदान करेगा। स्थानीय स्तर पर रोजगार एवं आय के ऐतिहासिक स्त्रोत बनेंगे। डॉ. यादव कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में कलेक्टर्स-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस के शुभारंभ के बाद अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे।



**आठ समूह में बांटे गए कलेक्टर्स-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस में चर्चा के बिंदु**

**शीघ्र लांच होगा विजन @>2047संबंधी दस्तावेज: मुख्य सचिव जैन**

### कमियों को दूर करने के लिए कलेक्टर्स करें अस्पतालों का सतत निरीक्षण

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि कलेक्टर्स स्वास्थ्य सेवाओं में गुणात्मक सुधार सुनिश्चित करें और हॉस्पिटल में सतत विजिट करें, जिससे हॉस्पिटल की कमियों को दूर किया जा सके। उन्होंने जिला कलेक्टर्स से कहा कि आयुष्मान कार्ड धारकों को पूरा लाभ दिलाएं और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता एवं पहुंच को आसान बनाया जाए, जिससे आमजन को सहज रूप से बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें। डॉ. यादव कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस के प्रथम दिन द्वितीय सत्र 'स्वास्थ्य एवं पोषण' को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि वर्तमान में तीस से अधिक मेडिकल कॉलेज हैं। शीघ्र इनकी संख्या 50 हो जाएगी। जिन जिलों में मेडिकल कॉलेज के लिए भूमि आवंटन की कार्यवाही प्रचलन में है, उसे अंतिम रूप देकर भूमि आवंटन का कार्य पूर्ण किया जा रहा है। बालाघाट ने शिशु एवं मातृ मृत्यु दर नियंत्रण पर, झाबुआ ने स्वास्थ्य एवं पोषण सुधार प्रयासों और मंदसौर ने सम्पूर्ण स्वास्थ्य मॉडल पर प्रेजेन्टेशन देते हुए अपने अनुभव साझा किए।

#### *प्रमुख सचिव स्वास्थ्य ने की कलेक्टर्स से चर्चा*

*प्रमुख सचिव स्वास्थ्य संदीप यादव ने राज्य में स्वास्थ्य एवं पोषण की स्थिति को सुदृढ़ करने कलेक्टर्स के साथ विस्तृत चर्चा की। सत्र में मातृ-शिशु स्वास्थ्य, गैर-संचारी रोग (एनसीडी), क्षय उन्मूलन और सिकल सेल उन्मूलन के लिए ठोस रणनीति पर विमर्श किया गया। यादव ने कहा कि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य की दिशा में एनीमिया मुक्त भारत अभियान के तहत शिशुओं, किशोरियों, गर्भवती और धात्री महिलाओं की नियमित हीमोग्लोबिन जांच सुनिश्चित की जाए। उन्होंने प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान (पीएमएसएमए) के तहत उच्च जोखिम गर्भवती महिलाओं की समय पर पहचान, उपचार और बर्थ वेटिंग होम्स में सुरक्षित प्रसव की अनिवार्यता पर जोर दिया।*

### विकसित मध्यप्रदेश @>2047 पर हो रहा कार्य: सीएस अनुराग

मुख्य सचिव अनुराग जैन ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के मार्गदर्शन में विकसित मध्यप्रदेश @2047 पर कार्य हो रहा है, जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन से प्रेरित है। विजन संबंधी दस्तावेज शीघ्र ही लॉन्च होने वाला है। उन्होंने कहा कि सुखद एवं सांस्कृतिक मध्यप्रदेश, विजन डॉक्यूमेंट का ध्येय है। कॉन्फ्रेंस में विजन के कार्य बिंदु निकाले गए हैं। चर्चा को 8 समूहों में बांटा गया है। सभी को मिलकर काम करना होगा, तभी प्रदेश आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि हमें संपूर्णता से देखना होगा। अलग- अलग सेक्टर बनाए गए हैं। गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी पर केंद्रित, ज्ञान मिशन पर केन्द्रित विजन डॉक्यूमेंट पर क्रियान्वयन महत्वपूर्ण है।

#### प्रत्येक माह में दो बार होगी वर्चुअल कॉन्फ्रेंस

मुख्य सचिव जैन ने कहा कि शासन की प्राथमिकताओं को हाइलाइट किया जाएगा। ओपन हाउस का समय बढ़ाया गया है। हो सकता है कोई एक समस्या से जूझ रहा है और किसी और के पास उस समस्या का समाधान है, इसमें फॉलोअप की व्यवस्था की जाएगी। प्रत्येक माह में दो बार वर्चुअल कॉन्फ्रेंस होगी। जैन ने कहा कि जिले का बेहतर परिणाम तभी सुनिश्चित होगा, जब सभी स्तर के अधिकारी-कर्मचारी मिलकर टीम के रूप में काम करेंगे। अच्छा संवाद होगा तो अच्छा हल निकलेगा। जिले में समस्याओं को हल करने के लिए, आम जनता के मध्य संवाद बनाएं रखना सुनिश्चित हो। किसी तरह की समस्या होने पर अपने नीचे के अधिकारियों से भी संवाद करना चाहिए। जैन ने कहा कि प्रशासनिक तंत्र, जनता को संवेदनशीलता के साथ सुने आधुनिक तकनीक का उपयोग करें एवं नवाचार की दिशा में भी आगे बढ़ें। जैन ने कहा कि कम से कम दो शासकीय दिवसों का उपयोग क्षेत्रीय भ्रमण सेक्टोरल टूरिंग में करें। रात्रि विश्राम करें एवं रिचार्ज होकर क्षेत्र में क्रियान्वयन करें। अपर मुख्य सचिव सामान्य प्रशासन संजय शुक्ल ने व्यवस्थाओं पर जानकारी दी।

### सीएम ने ईडब्ल्यूएस आवास आवंटन में हो रही देरी पर व्यक्त की चिंता

#### वर्ष 2047 को ध्यान में रख कर बनाएं नगरीय क्षेत्रों के विकास की कार्ययोजना



डॉ. यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विजन-2047 में आबादी के हिसाब से नगरों के सुनियोजित विकास पर विशेष ध्यान देने के लिए कहा है। उनकी मंशा के अनुरूप नगरीय क्षेत्रों का विकास भी सुनियोजित तरीके से हो सके जिलों में भी कार्ययोजना तैयार कर क्रियान्वयन किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने बिल्डर्स द्वारा कॉलोनी डेवलपमेंट के समय तैयार किए गए ईडब्ल्यूएस आवास आवंटन में हो रही देरी पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने निर्देश दिए कि कलेक्टर्स निर्णय लेकर इनका शत-प्रतिशत आवंटन सुनिश्चित करें।

#### *धार्मिक स्थलों का तैयार हो मास्टर प्लान*

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि सतना जिले में चित्रकूट के समग्र विकास के लिए कार्ययोजना मंजूर की गई है। इसी तरह प्रदेश के अन्य धार्मिक स्थलों का भी मास्टर प्लान तैयार किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि ओंकारेश्वर समेत अनेक धार्मिक स्थलों के विकास पर भी कार्य किया जा रहा है। इन धार्मिक स्थलों पर आवश्यक है कि इनका समग्र विकास निर्धारित समय में पूरा हो। राज्य सरकार ने नगरीय क्षेत्रों में गीता भवन तैयार करने का निर्णय लिया है। यह भवन धार्मिक रूप से तैयार नहीं किए जा रहे हैं, बल्कि इनका निर्माण आधुनिक टाउन हॉल के तौर पर किया जा रहा है। प्रदेश में भोपाल इंदौर मेट्रोपालिटन क्षेत्र तैयार करने का निर्णय लिया है। कलेक्टर्स प्लान तैयार करें कि कैसे रोजगार, एजुकेशन, मेडिकल हब में क्षेत्र को विकसित किया जा सकता है।*

### *कॉन्फ्रेंस के दूसरे दिन लॉ एंड ऑर्डर पर जोनल स्तर पर हुई आईजी और एसपी से चर्चा, ट्राइबल इलाकों में अपराधों पर समीक्षा*

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर भोपाल में दो दिवसीय कमिश्नर-कलेक्टर कॉन्फ्रेंस के दूसरे दिन बुधवार 8 अक्टूबर को कानून व्यवस्था सहित ग्रामीण जन-जीवन से जुड़े बिन्दुओं पर विमर्श हुआ। कॉन्फ्रेंस में प्रत्येक क्षेत्र में राज्य सरकार की प्राथमिकताएं बताई गईं। कॉन्फ्रेंस में 8 अक्टूबर को 3 सत्र हुए और प्रत्येक सेक्टर के लिए 75 मिनट का सत्र समय रखा गया। बुधवार को कांफ्रेंस की शुरूआत सुबह 9:30 से हुई। मुख्य सचिव अनुराग जैन के अलावा मुख्यमंत्री कार्यालय में अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलोई और आयुक्त जनसंपर्क दीपक सक्सेना द्वारा मुख्यमंत्री के प्राथमिकता के बिंदुओं के अलावा जनसंपर्क की अपेक्षाओं पर चर्चा की गई। शिक्षा सत्र में प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा, जनजातीय कार्य और आयुक्त राज्य शिक्षा द्वारा चर्चा की गई। अगला सत्र ग्रामीण विकास एवं जनजातीय कार्यों पर केंद्रित हुआ, जिसमें अपर मुख्य सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास, प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी और प्रमुख सचिव जनजातीय ने विमर्श किया। अंतिम सत्र में मध्यप्रदेश की कानून व्यवस्था से जुड़े बिन्दुओं पर चर्चा की गई।

## जिले की औद्योगिक और आर्थिक संभावनाओं का अध्ययन कर बनाएं कार्ययोजना: डॉ. यादव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कलेक्टर्स को निर्देश दिए हैं कि जिले की औद्योगिक और आर्थिक संभावनाओं का गहराई से अध्ययन कर ठोस कार्ययोजना बनाएं। ऐसे प्रयास हों कि जिले में उद्योगों के साथ रोजगार के अवसर सृजित हों, जिससे जिले आत्मनिर्भर बन सकें। उन्होंने कहा कि धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विशेष पहल करें और स्थानीय स्तर पर निर्मित उत्पादों की बिक्री को प्रोत्साहित किया जाए, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिले। उन्होंने स्वास्थ्य और शिक्षा को भी रोजगार से जोड़ने की बात कही, जिससे युवाओं के लिए व्यापक अवसर उपलब्ध हों। खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना को प्राथमिकता देने पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस क्षेत्र में निवेश बढ़ाने से ग्रामीण और अर्धशहरी क्षेत्रों में रोजगार के नए द्वार खुलेंगे। डॉ. यादव कलेक्टर्स-कॉन्फ्रेंस में रोजगार, उद्योग एवं निवेश संवर्धन सत्र को संबोधित कर रहे थे। प्रमुख सचिव औद्योगिक विकास एवं निवेश प्रोत्साहन राघवेंद्र कुमार सिंह, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग तथा एमएसएमई विभाग के अधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से प्रेजेंटेशन दिया गया।

**जिलों की बंद औद्योगिक इकाइयों के प्रकरणों का हो शीघ्र निराकरण**

**मुख्यमंत्री ने रोजगार, उद्योग एवं निवेश संवर्धन सत्र को किया संबोधित**

#### मुख्यमंत्री देर रात दिल्ली रवाना, आज वरिष्ठ मंत्रियों से करेंगे मुलाकात

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ग्वालियर की जेसी मिल, रतलाम की सज्जन मिल और उज्जैन की विनोद मिल से संबंधित समस्याओं का समाधान जिस तत्परता से किया गया है, उसी तरह अन्य जिलों में बंद औद्योगिक इकाइयों का भी शीघ्र निराकरण किया जाए। मुरैना जिले की कैलारस स्थित शुगर मिल से जुड़े मामले का समाधान भी प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के औद्योगिक विज़न को ज़मीनी स्तर पर साकार करने में कलेक्टर्स की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। शहरी क्षेत्रों में उपलब्ध अनुपयोगी भूमि का उपयोग कर लैंड बैंक विकसित किए जाएं। जिलों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं और स्व-सहायता समूहों को एमएसएमई सेक्टर से जोड़ने की दिशा में प्रभावी पहल की जाए, जिससे स्थानीय उत्पादन और विपणन गतिविधियों में वृद्धि हो। इधर, मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार देर रात दिल्ली रवाना हो गए, वें बुधवार को वहां वरिष्ठ मंत्रियों से भेंट करेंगे।

**हत्या के आरोपी की पत्नी ने प्रहरियों पर लगाए गंभीर**

## जेल से फरार कैदी ने सरेंडर करने के बाद खा लिया जहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

हत्या के अपराध में सजा काट रहे जेल से फरार एक आरोपी ने प्रहरियों पर कई आरोप लगाते हुए जहर खा लिया है। अपराधी मुकेश कांत को सिम्स में भर्ती कराया गया है, जहां पर उसका उपचार चल रहा है। बता दें कि जहर खाने वाला अपराधी मुकेश कांत बिलासपुर के मल्हार का निवासी है। वह अंबिकापुर जेल में हत्या के आरोप में आजीवन सजा काट रहा था। इसे फरवरी 2025 में इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां से वह फरार हो गया था।

**अपराधी को सिम्स में इलाज के लिए भर्ती कराया**

फरारी के आठ महीने बाद अपनी पत्नी के साथ आकर अपराधी मुकेश ने बिलासपुर जिला कलेक्टर के सामने आत्म समर्पण कर दिया। इस दौरान मुकेश की पत्नी ने कलेक्टर को एक आवेदन भी दिया, जिसमें बताया कि मुकेश के साथ अंबिकापुर जेल में मारपीट और उगाही की जाती है। जेल प्रहरी उसे गाली देते हैं और उसे प्रताड़ित किया जाता है। मुकेश की पत्नी ने यह भी आरोप लगाया कि उसने कई बार जेल प्रहरियों के खाते में रुपए भी डाले। इसका प्रमाण भी आवेदन के साथ दिया। कलेक्टर के आदेश पर मुकेश को सिविल लाइन पुलिस ने जेल दाखिल कराया, लेकिन किसी कारण रात को जेल प्रहरियों ने उसे सिविल लाइन थाने में लाकर छोड़ दिया। तब सिविल लाइन पुलिस ने उसे अपने पास रखने से इनकार कर दिया। कुछ देर तक वह थाने के सामने टहलता रहा। इसके बाद वह अपने रिश्तेदारों के साथ चला गया। देर रात उसने जहर खा लिया। परिजनों को इसकी जानकारी होने पर उसे आनन-फानन में सिम्स अस्पताल में भर्ती करवाया गया। बता दें कि मल्हार में रहने वाले मुकेश कांत को कोर्ट ने हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा दी। वह बिलासपुर जेल में अपनी सजा काट रहा था। बिलासपुर जेल में हुए मारपीट के मामले के बाद उसे अंबिकापुर जेल शिफ्ट कर दिया गया। अंबिकापुर जेल में वह अपनी सजा काट रहा था। जेल में बीमार होने पर उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान वह पांच फरवरी को प्रहरी को चकमा देकर भाग निकला। इसके बाद वह फरारी काट रहा था। मंगलवार को वह अपनी पत्नी अमरीका बाई कुर्रे के साथ कलेक्टर कार्यालय पहुंचा। उसने अंबिकापुर जेल के प्रहरियों पर वसूली और मारपीट के आरोप लगाए।

### मोबाइल चोरी कर उड़ाए 72 हजार रुपए

**रायपुर।** डीकेएस अस्पताल में इलाज के दौरान मोबाइल चोरी होने और फिर उसके जरिए ऑनलाइन ठगी किए जाने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार, रायपुर निवासी देबाराज बेहरा, मूलतः ओडिशा के रहने वाले हैं, नया रायपुर स्थित एक चश्मे की दुकान में काम करते हैं। 27 जून 2025 को काम करते समय उन्हें ब्रेन हेमरेज हुआ और वे अचेत होकर गिर पड़े। उन्हें इलाज के लिए डीकेएस अस्पताल में भर्ती कराया। इलाज के दौरान 29 जून को उनके भाई लोकनाथ बेहरा और हेमराज बेहरा ओडिशा से रायपुर पहुंचे। उसी दौरान देबाराज का मोबाइल और पर्स हेमराज ने मेडिसिन टेबल की दराज में रख दिया था। शाम करीब 6 बजे संतोषी साहू जब उन्हें देखने पहुंचीं तो मोबाइल गायब मिला। जांच करने पर पता चला कि अज्ञात व्यक्ति ने मोबाइल चोरी कर उनके खाते से 72,800 रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर कर लिए।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिवंगत कर्मचारी रामगोपाल अहिरवार के निवास पर पहुंचे

***शोक संवेदना व्यक्त कर परिजनों को दी आर्थिक सहायता***

## अहिरवार की पेंशन और बेटी की पढ़ाई का भार उठाएगा भाजपा संगठन : खंडेलवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने मंगलवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय के दिवंगत कर्मचारी रामगोपाल अहिरवार के निवास पहुंचकर उनके निधन पर शोक संवेदना व्यक्त कर परिजनों को सांत्वना प्रदान की। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष ने संगठन की तरफ से परिवार को आर्थिक सहायता राशि भी प्रदान कर कहा कि भाजपा परिवार सदैव अपने प्रत्येक सदस्य के सुख-दुख में सहभागी होता है और इस कठिन समय में पार्टी पूरे परिवार के साथ है। पार्टी की ओर से परिवार को हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा।

रामगोपाल अहिरवार के परिवार को आगामी पांच वर्षों तक उनके मासिक वेतन का 50 प्रतिशत पेंशन स्वरूप दिया जाएगा। इससे परिवार को आर्थिक रूप से स्थिरता और सुरक्षा प्राप्त होगी। इस अवसर पर भोपाल की महापौर मालती राय, प्रदेश कार्यालय मंत्री डॉ. राघवेन्द्र शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।



#### प्रत्येक कार्यकर्ता, कर्मचारी की भूमिका महत्वपूर्ण

खंडेलवाल ने रामगोपाल अहिरवार के परिजनों से भेंटकर कहा कि उनकी बेटी की आगे की शिक्षा का संपूर्ण खर्च भाजपा संगठन वहन करेगा। इसके अलाव अहिरवार के वेतन का 50 प्रतिशत आगामी पांच वर्षों तक पेंशन स्वरूप उनके परिवार को दिया जाएगा। भाजपा परिवार यह सुनिश्चित करेगा कि परिवार को किसी भी प्रकार की असुविधा या अभाव का सामना न करना पड़े। खंडेलवाल ने कहा कि भाजपा एक विचार परिवार है, जहां प्रत्येक कार्यकर्ता और कर्मचारी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। जो व्यक्ति लंबे समय तक संगठन से जुड़ा रहता है, वह पार्टी की संस्कृति और विचारों का जीवंत उदाहरण बन जाता है। प्रत्येक कर्मचारी हमारे संगठन की मजबूत रीढ़ हैं। इसलिए भाजपा परिवार का दायित्व है कि वह अपने सभी सदस्यों और उनके परिवारों का सम्मान, सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करे।

#### *भाजपा नेत्री सरिता देशपांडे से मिले प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल*

*भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने मंगलवार को भोपाल में भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ नेत्री सरिता देशपांडे के निवास पहुंचकर उनसे भेंट की एवं उनका कुशलक्षेम जाना। इस अवसर पर प्रदेश कार्यालय मंत्री डॉ. राघवेन्द्र शर्मा उपस्थित रहे।*

### मुख्यमंत्री साय ने जताया आभार

## 2,223 करोड़ में बनेगी गोंदिया-डोंगरगढ़ चौथी रेललाइन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

केंद्र सरकार ने गोंदिया-डोंगरगढ़ चौथी रेललाइन परियोजना को मंजूरी दे दी है। 84 किमी लंबी परियोजना राजनांदगांव और महाराष्ट्र के गोंदिया से होकर गुजरेगी। इस परियोजना को 2,223 करोड़ रुपए की लागत से अगले पांच वर्षों में पूरा करने का लक्ष्य तय किया गया है।

परियोजना के तहत 15 प्रमुख पुल, 123 लघु पुल, एक सुरंग, तीन रोड ओवर ब्रिज (आरओबी) और 22 रोड अंडर ब्रिज (आरयूबी) का निर्माण प्रस्तावित है। आकांक्षी जिला राजनांदगांव के लिए यह परियोजना यात्री सुविधाओं में सुधार के साथ स्थानीय व्यापार, निवेश और रोजगार के नए अवसर प्रदान करेगी।



#### छत्तीसगढ़ के विकास की दिशा में ऐतिहासिक कदम

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय न केवल छत्तीसगढ़ के विकास की दिशा में ऐतिहासिक कदम है, बल्कि इस परियोजना से संपूर्ण मध्य भारत की अर्थव्यवस्था को भी नई ऊर्जा मिलेगी। नई रेललाइन के माध्यम से रायगढ़ मांड, कोरबा और इब घाटी की खदानों से कोयला परिवहन की गति बढ़ेगी, जिससे महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, कर्नाटक और तेलंगाना के थर्मल पावर प्लांटों को नियमित आपूर्ति सुनिश्चित होगी। उन्होंने कहा कि इससे प्रदेश की खनिज अर्थव्यवस्था और लाजिस्टिक तंत्र दोनों को स्थायित्व मिलेगा। यह परियोजना प्रदेश के लोगों को बेहतर आवागमन सुविधा, औद्योगिक प्रगति और पर्यावरणीय संतुलन का सशक्त आधार प्रदान करेगी।

#### *प्रतिवर्ष करीब 30.6 मिलियन टन अतिरिक्त माल यातायात*

*परियोजना पूर्ण होने पर प्रतिवर्ष करीब 30.6 मिलियन टन अतिरिक्त माल यातायात संभव हो सकेगा। इससे रेलवे की आय में वृद्धि होगी और राज्य की औद्योगिक इकाइयों को कच्चे माल और तैयार उत्पादों के परिवहन में सुगमता मिलेगी। इसके अलावा यह परियोजना पर्यावरण के लिहाज से भी बेहद फायदेमंद साबित होगी। अनुमानित तौर पर इससे हर साल करीब 23 करोड़ किलोग्राम कार्बन डाइआक्साइड उत्सर्जन में कमी आएगी, 4.6 करोड़ लीटर डीजल की बचत होगी और करीब 514 करोड़ रुपए की लाजिस्टिक लागत घटेगी। यह लाभ हर वर्ष एक करोड़ पेड़ों के बराबर कार्बन कटौती के समान है, जो सतत विकास की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है।*

### अधीक्षक के 55 पदों के लिए होगी भर्ती

**रायपुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत अधीक्षक (बाल देखरेख संस्था) के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किया गया। कुल 55 पदों पर भर्ती होगी। इसके लिए दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। आवेदन 10 अक्टूबर से आठ नवंबर तक किए जा सकेंगे। परीक्षा की तिथि संभावित रूप से 18 जनवरी 2026 होगी। वहीं परीक्षा केंद्र संभवतः रायपुर, बिलासपुर, अंबिकापुर, दुर्ग और जगदलपुर होंगे। जानकारी के अनुसार अभ्यर्थियों का आवेदन केवल ऑनलाइन एवं निर्धारित तिथि तक ही स्वीकार किए जाएंगे। किसी भी प्रकार के मैनुअल व डाक द्वारा भेजे गए आवेदन पत्र आयोग द्वारा स्वीकार नहीं किए जाएंगे। परीक्षा के लिए अभ्यर्थी द्वारा परीक्षा शुल्क व पोर्टल शुल्क का भुगतान ऑनलाइन माध्यम से किया जाना है। परीक्षा शुल्क के भुगतान के लिए किसी बैंक के ड्राफ्ट व चेक स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

## हरियाणा से बिहार जा रही 426 कार्टून अवैध अंग्रेजी शराब जब्त, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुर नगर

हरियाणा से तस्करी कर बिहार ले जाई जा रही अंग्रेजी शराब की एक बड़ी अवैध खेप को जशपुर पुलिस ने जब्त किया है। इस मामले में पंजाब के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेज दिया है। एसएसपी शशि मोहन सिंह ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि बड़ी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब लेकर एक ट्रक अंबिकापुर की ओर से जशपुर होते हुए झारखंड की ओर जा रहा है।

सूचना पर पुलिस की टीम ने कोतवाली थाना क्षेत्र के आगडीह गांव में ट्रक क्रमांक आरजे 09 जीई 0123 को घेराबंदी कर रोका। ट्रक की तलाशी लिए जाने पर पुलिस को वाहन के डाले में अंग्रेजी शराब के 426 कार्टून मिले। मामले में कार्रवाई करते हुए कोतवाली पुलिस ने ट्रक और शराब के अवैध जखीरे को जब्त कर वाहन में मौजूद चालक व परिचालक को पूछताछ के लिए थाने ले आई। पूछताछ में आरोपियों की पहचान पंजाब के तरणताल जिले के कांग गांव के निवासी रणवीर सिंह और इसी जिले के चमकीनगर के निवासी जगदीप सिंह के रूप में की गई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट की धारा 34 (1), (2) के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध किया है। अंतरराज्यीय शराब तस्करी के विरुद्ध जशपुर पुलिस की यह चौथी बड़ी कार्रवाई है। इन मामलों में जशपुर पुलिस ने अब तक 2734 कार्टून में 24 हजार 440 लीटर शराब जब्त की है।



#### *बड़े सिंडिकेट के शामिल होने की आशंका*

*एसएसपी शशि मोहन सिंह ने बताया कि अंग्रेजी शराब की इस अंतरराज्यीय तस्करी में बड़े तस्कर सिंडिकेट के शामिल होने की संभावना है। पकड़े गए ट्रक चालक ने पूछताछ में बताया है कि उसे एक अज्ञात व्यक्ति ने हरियाणा के रोहतक में ट्रक सौंपते हुए झारखंड के रांची तक पहुंचाने के लिए 50 हजार रुपये दिए थे। रांची से आगे बिहार तक ट्रक ले जाने के लिए कोई और ड्राइवर तैनात था। एसएसपी सिंह के अनुसार, इससे पहले भी जो तीन मामले पकड़े गए थे, उनमें इसी पैटर्न पर तस्करी की जा रही थी। तस्करों के चालक बदलने के पीछे सिंडिकेट को पुलिस से सुरक्षित रखना है। पुलिस का कहना है कि पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ में सिंडिकेट के संबंध में अहम सुराग मिले हैं। इसकी जांच की जा रही है। जल्द ही सिंडिकेट का पर्दाफाश किया जाएगा।*

## कोयलांचल में पीड़ितों के परिवारों से मिलने पहुंचे डिप्टी सीएम और स्वास्थ्य मंत्री, हरसंभव मदद करने का दिया आश्वासन

# जहरीला सिरप: नागपुर में पांच बच्चे लड़ रहे हैं जिंदगी की जंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

कोयलाचंल क्षेत्र परासिया में जहरीला सिरप पीने से किडनी फेल होने की वजह से अब तक 19 बच्चों की मौत हो चुकी है और पांच बच्चे अभी भी जिंदगी की जंग लड़ रहे हैं और इन सबकी हालत भी गंभीर बनी हुई है। शासन के निदेर्शानुसार, इन सभी बच्चों की देखरेख के लिए छिंदवाड़ा से अधिकारी और डॉक्टरों की ड्यूटी लगाई गई है।कोयलाचंल से अविका विश्वास नागपुर के न्यू हेल्थ सिटी में उपचाररत है और हर्ष वदुवंशी, कुणाल यदुवंशी एम्स में भर्ती है, जिनका इलाज चल रहा है। कोयलाचंल के ही गर्भित पवार और मयंक सूर्यवंशी का इलाज नागपुर के मेडिकल कॉलेज में चल रहा है। सभी के इलाज पर छिंदवाड़ा जिला प्रशासन पूरी तरह निगरानी रखे हुए है। बता दें कि इस साल की अगस्त की 17 तारीख से कोलड्रिफ सिरप का तांडव शुरू हुआ था। परासिया ब्लाक के ग्राम डुड्डी के बालक को ये सिरप दिया गया था। इसके बाद उसकी तबीयत बिगड़ी और 2 सितंबर को उसकी मौत हो गई। इसके बाद बच्चों की किडनी खराब होने का सिलसिला चल पड़ा। लगातार बच्चे बीमार होते रहे और उनकी मौतों की कतार लग गई है। इस जहरीले सिरप से अब 19 वच्चों की मौत हो गई है। मध्य प्रदेश के उपमुख्यमंत्री और मध्य प्रदेश के स्वस्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ल बुधवार को 1:30 बजे उमरेठ के रिधोरा पहुंचे। किडनी फेल होने से मृत बच्चों के परिजनों से उन्होंने चर्चा की। संवेदनाएं व्यक्त करने के बाद उन्होंने कहा की परिजनों से मिलकर उन्होंने संवेदनाएं व्यक्त की है। एक महीने तक बच्चे ने जिंदगी और मौत से संघर्ष किया। इस दौरान जो भी व्यय हुआ है उसके लिए निर्देश दिए गए है। उमरेड के रिधोरा के कापिल पवार के पुत्र वेदाश पवार की मगलवार की मौत हो गई थी. नागपुर में पोस्टमार्टम के बाद बुधवार को अंतिम संस्कार किया गया। इसके बाद प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ल उनके निवास पर पहुंचे जिले के सांसद विवेक बंटी साहू, पूर्व विधायक ताराचंद बावरिया, ज्योति डेहरिया और भाजपा से जुड़े लोग इस दौरान उपस्थित रहे। स्वास्थ्य मंत्री ने परिवार से सभी बातों पर चर्चा की। इस वध के दौरान उन्होंने जहरीले कफ सिरप की घर में मौजूद बोतल।

### रिधोरा पहुंचे प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ल

सिरप से किडनी फेल होने से मृत बच्चों के परिजनों से मुलाकात कीको बुलाकर देखा। एसडीएम को निर्देश दिए की सभी आशा कार्यकताओं और जमीनी कार्यकताओं को गांद में भेजकर जिन भी लोगों के पास इस प्रतिबंध सिरप की बोतले घर में है उसे जाम किया जाए। परिजनों को एक पंचनामा बनाकर दिया जाए कि उनके घर से बोतल जात हुई है। उन्होंने बताया की नागपुर में जिन पांच लोगों के परिजनों से वह मिले हैं सभी के घर में अभी भी कफ सिरप मौजूद है। स्वास्थ मंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि कई बच्चों को हम बचा नहीं पाए उनके प्रति हमारी संवेदना है जो बच्चे अस्पताल में भती है उनके उपचार के लिए मुख्यमंत्री जी ने सभी अस्पतालों को निर्देश दिया है की उनसे व्यय की मांगना की जाए प्रदेश सरकार का भुगतान करेगी रिधौरा के बाद स्वास्थ्य मंत्री मोरडोंगरी डूडडी और तामिया पहुंचे। इससे पहले उन्होंने किडनी फेल होने से मृत बच्चे चंचलेश पवार के परिजनों से मुलाकात की।

### ये हड़ताल का नही सहयोग का वक्त है

स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ला ने इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के पदाधिकारियों से बात की। सर्किट हाउस में हुई मुलाकात में श्री शुक्ला ने कहा कि डॉक्टरों का ऐसे समय में हडताल पर जाना ठीक नहीं है। बातचीत के बाद इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने हड़ताल खत्म करने पर विचार करने का आश्वासन दिया।

### छिंदवाड़ा में उपमुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री का दौरा

राजेंद्र शुक्ला ने औषधी विक्रेता संघ से मुलाकात की। श्री शुक्ला ने औषधी विक्रेता संघ की समस्याओं को सुना और कहा कि दवाओं की जांच के दौरान सभी व्यापारी सहयोग करें। साथ ही यह आश्वासन दिया कि व्यापारियों के सहयोग से ही कारणों का सही विशेषण होस्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ला ने कलेक्ट्रेट में जनप्रतिनिधियों व प्रशासनिक अधिकारियों की बैठ्या ली और मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण किया। उन्होंने मेडिकल की आपतकालीन व्यवस्थाओं को देखकर आने वाले समय में अलर्ट रहने को कहा। साथ ही सभी को हाई अलर्ट पर रहने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह समय हड़ताल आदि का नहीं है।प्रदेश के उपमुख्यमंत्री श्री शुक्ला ने छिंदवाड़ा में जहरीला सिरप पीकर जान गवाने वाले बच्चों के परिवारों से मुलाकात की। दोपहर बाद वे परासिया के सिविल अस्पताल पहुंचे और निरीक्षण किया।

## धानी के परिजनों से मिलने पहुंचे स्वास्थ मंत्री राजेन्द्र शुक्ल

**तामिया।** कोलड्रिफ़ सिरफ से हुई नन्नी धानी की मौत के बाद परिजनों से मिलने उनके निवास पर डिप्टी सीएम (स्वास्थ मंत्री ) राजेंद्र शुक्ल परिजनों से मिले उन्हें हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। किडनी फेल होने से मृत डेढ़ वर्षीय नन्ही धानी पिता नवीन डेहरिया के परिजनों से मिलने प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एंव स्वास्थ मंत्री राजेन्द्र शुक्ल तामिया के जुन्नारदेव रोड स्थित भरियाढाना पहुंचे उनके साथ जिले के सांसद विवेक साहू सहित अन्य शामिल थे। तामिया निवासी नवीन डेहरिया ने 15 दिन पहले परासिया में डॉ प्रवीण सोनी के निजी क्लिनिक में अपनी डेढ़ वर्षीय बालिका धानी का उपचार कराया था। रविवार को पीएम के बाद नागपुर से शव लाने के बाद मंगलवार रात्री में मृत बालिका धानी का अंतिम संस्कार हुआ। परिजनों से बातचीत करते हुए स्वास्थ मंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि बच्ची को खोने के दुख में पूरी सरकार आपके साथ है। सरकार ने दवा कंपनी पर कार्यवाही शुरू कर दी है उन्होंने 4 लाख की सहायता के अतिरिक्त उपचार के दौरान खर्च राशि के लिए निर्देश दिए संबंधित अधिकारी ने बताया कि 1 लाख की राशि दी गई है शेष का प्रकरण बना रहे है। नवीन डेहरिया ने बताया कि मेरी बेटी धानी की भले मृत्यु हो गई लेकिन अब दूसरी बेटियों की ऐसे मौत नही होनी चाहिए। स्वास्थ मंत्री श्री शुक्ल ने बीएमओ को स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए निर्देशित किया । उल्लेखनीय है कि स्वास्थ्य मंत्री श्री शुक्ल के आने से पूर्व मंगलवार रात्री में बीएमओ ने रोगी कल्याण समिति के माध्यम से 5700/- एंबुलेंस किराया का भुगतान कराया।



### मेडिकल स्टोर्स की जांच, मोनू मेडिकल सील, मिली एक्सपायरी दवाईयां

पांढुर्ना। आज कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ के निर्देश पर एसडीएम अलका एक्का और बीएमओ दीपेंद्र सलामे के दल ने शहर के मेडिकल स्टोर्स का आकस्मिक निरीक्षण किया। कारवाई के दौरान गुजरी बाजार स्थित मोनू मेडिकल स्टोर्स को लाइसेंस नहीं होने के कारण सील कर दिया गया। निरीक्षण के दौरान गुजरी स्थित नरेंद्र मेडिकल से यूरोजोन और स्थेलीन नामक दो कफ सिरप जो एक्सपायर हो चुके थे जब्त कर लिए गए। ज्ञात हो कि मोनू मेडिकल स्टोर्स का लाइसेंस एक साल पहले ही एक्सपायर हो चुका था।

### अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, परासिया ने डॉ. प्रवीण सोनी की जमानत अर्जी खारिज

स्थानीय अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (एएसजे) के न्यायालय से डॉक्टर प्रवीण सोनी को कोई राहत नहीं मिली है। किडनी रोग के उपचार से जुड़े एक अत्यंत गंभीर और संवेदनशील मामले में गिरफ्तार डॉ. सोनी की जमानत याचिका को न्यायालय ने खारिज कर दिया है। इस फैसले के बाद, डॉ. सोनी को अभी जेल में ही रहना होगा।गंभीर आरोप और मामलाडॉ. प्रवीण सोनी पर किडनी रोग के उपचार के दौरान हुई बच्चों की मृत्यु से संबंधित गंभीर आरोप लगे हैं। सूत्रों के अनुसार, यह मामला स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही और अनियमितताओं से जुड़ा हुआ है, जिसके कारण कई परिवारों को अपूरणीय क्षति हुई है। अभियोजन पक्ष ने न्यायालय के समक्ष यह दलील दी कि मामले की संवेदनशीलता और आरोपों की गंभीरता को देखते हुए, आरोपी को जमानत देने से पीड़ितों के साथ न्याय प्रभावित हो सकता है।न्यायालय का सख्त रुखन्यायालय ने मामले की गहनता, बच्चों की मृत्यु जैसे संवेदनशील बिंदुओं और पुलिस द्वारा पेश किए गए साक्ष्यों पर विचार किया। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश ने टिप्पणी की कि वर्तमान साक्ष्यों और आरोपों की प्रकृति को देखते हुए, डॉ. सोनी को जमानत पर रिहा करना उचित नहीं होगा। न्यायालय ने इस बात पर बल दिया कि इस तरह के गंभीर मामलों में त्वरित और निष्पक्ष न्याय सुनिश्चित करना आवश्यक है।आगे की कानूनी प्रक्रियाजमानत याचिका खारिज होने के बाद, डॉ. प्रवीण सोनी के पास अब कानूनी तौर पर केवल माननीय उच्च न्यायालय (हाई कोर्ट) में इस फैसले को चुनौती देने का विकल्प शेष है। न्यायिक प्रक्रिया के तहत अब मामले की सुनवाई निचले न्यायालय में जारी रहेगी, जबकि डॉ. सोनी न्यायिक हिरासत में रहेंगे।

### आज सीएम और प्रदेशाध्यक्ष के साथ नागपुर जाएंगे सांसद

छिन्दवाड़ा। बीमार बच्चों से मिलने के लिए आज 9 अक्टूबर को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और भाजपा प्रदेशाध्यक्ष हेंमत खंडेलवाल के साथ सांसद बंटी विवेक साहू नागपुर जायेंगे। वे नागपुर के शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, एम्स और न्यू हेल्थ सिटी हॉस्पिटल में जाकर उपचार प्राप्त कर रहे बच्चों की स्वास्थ्य स्थिति की जानकारी लेंगे और चिकित्सकों से विस्तृत चर्चा भी करेंगे। सांसद श्री साहू ने बताया कि प्रदेश सरकार ने नागपुर के चिकित्सकों को निर्देश दिए कि बच्चों को सर्वोत्तम चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जाये। उन्होंने कहा कि बच्चों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे

## अस्पताल में सुविधा उपलब्ध कराने हेतु डिप्टी सी एम को सौंपा मांग पत्र



**परासिया** : परासिया क्षेत्र में दूषित कफ सिरप से बीमार हुए सैकड़ों बच्चों के उपचार हेतु शासकीय चिकित्सालय में सर्वसुविधायुक्त बाल - चिकित्सा वार्ड की स्थापना की मांग को लेकर आज स्थानीय भाजपा जनप्रतिनिधियों ने मध्य प्रदेश शासन के उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ल को मांग पत्र सौंपा गया । यह मांग पत्र जिला योजना समिति के सदस्य एवं नगर पालिका परिषद परासिया के पार्षद अनुज शंकरलाल पाटकर, जिला पंचायत सदस्य श्री अरुण यदुवंशी एवं वार्ड पार्षद पवन सूर्यवंशी के द्वारा सौंपा गया । इस दौरान भाजपा नेता शम्मी बत्रा भी विशेष रूप से उपस्थित रहे ।जनप्रतिनिधियों ने कहा , कि यदि परासिया शासकीय चिकित्सालय में पूर्व से ही आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होतीं, तो अभिभावकों को अपने बच्चों को निजी अस्पतालों में भेजने की आवश्यकता नहीं पड़ती । इसलिए आवश्यक है , कि परासिया सिविल अस्पताल को आधुनिक संसाधनों से सुसज्जित किया जाए । जिससे क्षेत्र के प्रभावित बच्चों को स्थानीय स्तर पर ही समुचित एवं निःशुल्क उपचार मिल सके ।

**नपाध्यक्ष ने भी अस्पताल के लिए मांगी सुविधाएं :-** पीड़ति परिवारों से मिलने आए प्रदेश के डिप्टी सी एम और स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ला से परासिया सिविल अस्पताल में सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग रखी । डिप्टी सी एम सुदूर ग्राम डुड्डी - बुड्ढी भी पहुंचे जहां वे मृतक दिव्यांश यदुवंशी के पिता प्रकाश यदुवंशी और दिव्यांश की माता से मिले उनकी पीड़ा जानी । उन्हें सांत्वना दी और मदद का भरोसा दिलाया ।

### पीड़ितों से मिले नेता प्रतिपक्ष उमंग



**न्यूटन / परासिया :-** विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बुधवार को किडनी फेलियर से मरने वाले बच्चों के परिजनों से मिले । वे दमुआ , जामई , बड़कुही , परासिया , न्यूटन में पीड़ति परिवारों के घर पहुंचे । परिजनों को सांत्वना दी । उन्होंने बताया की विधायक सोहन वाल्मीकि के अनशन के बाद सरकार नींद से जागी । उन्होंने यह भी कहा , कि प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के आने की खबर सुनने के बाद मुख्यमंत्री पीड़तिों से मिलने आए । उमंग सिंगार के साथ जुन्नारदेव विधायक सुनील उइके , पांढुर्ना विधायक निलेश उइके , जिला कांग्रेस अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे , जनपद उपाध्यक्ष जमील खान , आशीष सिकंदरपुरे , न्यूटन नगर अध्यक्ष राजेश डेहरिया , नगर पंचायत अध्यक्ष अनुपमा राय , उपाध्यक्ष संतलाल यादव , पार्षद नीरू चंदेल , रेखा डेहरिया , कविता यदुवंशी , कांग्रेस नेता अजय चंदेल , सुरेश जावरकार , अमित पुरोहित सहित बड़ी संख्या में कोंग्रेसी मौजूद रहे ।

### दवा विक्रेताओं ने उठाई, निर्माता कंपनी पर कड़ी करवाई की मांग



**परासिया :-** किडनी फेलियर से बच्चों की मौत के बाद एक और जहां पूरे देश में हड़कंप मचा हुआ है , वहीं परासिया में दवा विक्रेता और डॉक्टर्स हड़ताल पर है । दवा विक्रेताओं ने तथाकथित सिरप निर्माता कंपनी के खिलाफ कड़ी कार्यवाई की मांग रखी है , तो वहीं डॉक्टर्स ने डॉ प्रवीण सोनी की गिरफ्तारी को अनुचित बताते हुए एस डी एम को ज्ञापन सौंपा है ।बुधवार को परासिया में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के तत्वाधान में स्थानीय डॉक्टर द्वारा एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया है और चिकित्सा सेवाएं बंद रखी गई । वहीं दूसरी तरफ स्थानीय दवा विक्रेताओं ने भी डॉक्टर की गिरफ्तारी का विरोध किया है । साथ ही यह भी कहा है , कि हम हमेशा से ही लोगों की सेवा में तत्पर रहते हैं । कंपनी दवा के रूप में क्या दे रही है यह ना तो हमें पता होता है और ना ही डॉक्टर को पता होता है । दवा विक्रेता संजय श्रीवास्तव और राकेश राय ने कहा , कि कोरोना काल में भी हमने अपनी जान की परवाह किए बगैर अपनी दुकाने खुली रखी और लोगों को सेवाएं दी । उन्होंने कहा , कि जो कंपनियां गलत दवाई बना रही हैं उनकी निष्पक्ष जांच होकर कार्रवाई होनी चाहिए । इधर डॉक्टर एस एस ठाकुर , चंद्र प्रकाश सिंह और मधु बत्रा का कहना है , कि कोई भी डॉक्टर कभी किसी का गलत इलाज नहीं करता है , जो दवाइयां अधिकृत होती है उन्हें ही डॉक्टर प्रिसक्राइब करता है । दवा गलत बनकर आ रही है या सही उसके मानक की जांच करना संबंधित अधिकारियों की जवाबदारी होती है । उन्होंने डॉक्टर प्रवीण सोनी की गिरफ्तारी को गलत बताया है डॉक्टर के समर्थन में क्षेत्र के व्यापारियों ने भी रैली में हिस्सा लेकर शासन से निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है , साथ ही मृत बच्चों के प्रति संवेदना व्यक्त की । दवा विक्रेताओं ने भी मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की ।

## विषैले कफ सिरप से मासूमों की मौत पर जुन्नारदेव में फूटा जनआक्रोश



**जुन्नारदेव।** विषैले कफ सिरप के सेवन से हुई मासूम बच्चों की दर्दनाक और हृदयविदारक मौतों के विरोध में आज ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जुन्नारदेव द्वारा गांधी चौक पर विशाल धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया। इस धरने में हजारो की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, वरिष्ठ पदाधिकारी और स्थानीय नागरिक शामिल हुए।धरना प्रदर्शन एवं श्रद्धांजलि सभा में मध्यप्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष श्री उमंग सिंगार एवं जुन्नारदेव विधायक श्री सुनील उईके मुख्य रूप से उपस्थित रहे । दोनों नेताओं की उपस्थिति में धरना स्थल पर जबरदस्त जनसमूह उमड़ा और शासन-प्रशासन के प्रति भारी आक्रोश व्यक्त किया गया।धरना समाप्ति के बाद कांग्रेस नेताओं ने महामहिम राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) जुन्नारदेव को सौंपा, जिसमें मृतक बच्चों के परिवारों को मुआवज़ा, दोषियों पर कठोर कार्रवाई, और विषैले दवाओं की जाँच कर जिम्मेदार अधिकारियों को दंडित करने की माँग की गई। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि यह मौतें आपदा नहीं, अपराध हैं! धरना स्थल पर उपस्थित नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार ने कहा मासूम बच्चों की जो हृदयविदारक मौतें हो रही हैं, वे किसी प्राकृतिक आपदा का परिणाम नहीं हैं, बल्कि यह भाजपा सरकार और स्वास्थ्य मंत्रालय की आपराधिक लापरवाही का नतीजा हैं। इतने निर्दोष बच्चों की जान जाने के बाद भी सरकार चुप है, मंत्री मौन हैं । यह संवेदनहीनता नहीं, बल्कि अपराध की साझेदारी है। अगर यह सरकार ज़रा भी शर्म रखती है तो तुरंत स्वास्थ्य मंत्री को बर्खास्त करे और पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाए।”वहीं विधायक सुनील उईके ने कहा कि शासन-प्रशासन जनता के जीवन से खिलवाड़ कर रहा है। बच्चों की मौतें हो रहीं हैं और सरकार अपनी छवि बचाने में लगी है। यह बेहद निंदनीय और अमानवीय है। कांग्रेस पार्टी हर उस परिवार के साथ खड़ी है जिसने अपना लाल खोया है। यह आंदोलन सिर्फ विरोध नहीं, बल्कि उन माताओं की चीख़ का प्रतीक है जिन्होंने अपने बच्चों को खोया है। जब तक दोषियों को सज़ा नहीं मिलती, कांग्रेस चैन से नहीं बैठेगी।”मासूमों को दी गई भावपूर्ण श्रद्धांजलिधरना स्थल पर कांग्रेसजनों ने पुष्पांजलि अर्पित कर दो मिनट का मौन धारण किया और सभी मृत मासूमों को श्रद्धांजलि अर्पित की।इस दौरान वातावरण गमगीन हो उठा, अनेक कार्यकर्ताओं की आँखें नम हो गईं। उपस्थित जनसमूह ने “मासूमों को न्याय दो, लापरवाहों को सज़ा दो” और “शर्म करो सरकार, बच्चों की मौतों के जिम्मेदारों को दंड दो” जैसे वक्तव्य कहे।कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जुन्नारदेव अध्यक्ष अरुण साहू, नगर कांग्रेस अध्यक्ष अरुणेश जयसवाल उन्होंने कहा कि धरना प्रदर्शन में मुख्य रूप से जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विश्वनाथ ओक्ते, चोरई विधायक सुजीत चौधरी, बैतूल के जिला अध्यक्ष और पूर्व विधायक निलय डागा सहित हज़ारो की संख्या में कांग्रेसजन, महिला संगठन, युवा कार्यकर्ता और आम नागरिक उपस्थित रहे।अंत में ज्ञापन सौंपते हुए कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने शीघ्र कार्रवाई नहीं की, तो कांग्रेस प्रदेशव्यापी आंदोलन करेगी।

## मानवता को शर्मसार कर देने वाली घटना

# महिला को साड़ी से बांधकर मोटर साइकिल से घसीटा

मैहर।

मैहर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गोरैइया खुर्द (कुटाई) में 6 अक्टूबर को शाम करीब 4 बजे मानवता को झकझोर देने वाली वारदात सामने आई है।

लगभग 45से 50वर्ष की महिला आशा केवट को उसके ही देवरानी के लड़के बंकट केवट ने मोटरसाइकिल पर साड़ी से हाथ बांधकर करीब आधा किलोमीटर दूर तक घसीटा। घायल महिला को गंभीर अवस्था में एंबुलेंस से मैहर सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है,जहां उनका उपचार चल रहा है।



### क्या है मामला?

घायल महिला आशा केवट ने बताया कि उनके बेटे के साथ बंकट केवट ने मारपीट की थी। जब वह बंकट की मां से शिकायत करने गईं तो उनकी देवरानी अपने बेटे का पक्ष लेकर लड़ने लगी। इतने में बंकट केवट आया,उन्हें जोर से लात मारकर गिरा दिया और फिर साड़ी से हाथ बांधकर मोटरसाइकिल से घसीटने लगा। वह चिल्लाती रहीं,लेकिन बंकट केवट को दया नहीं आई और वह बेहोश हो गईं। आशा केवट के पुत्र पिंकू केवट ने बताया कि चाचा का लड़का बंकट केवट पूर्व में उनके घर में चोरी करने के संबंध में घुसा था,जिसे लेकर रंजिश थी। 6 अक्टूबर को दोपहर में बंकट ने पिंकू से मारपीट की थी,जिसकी रिपोर्ट उन्होंने थाने में दर्ज कराई थी। शाम को जब वह घर लौटे,तो मां को घायल अवस्था में पाया। पिंकू ने बताया कि बंकट ने उनकी मां को गाली दी,लात मारकर गिराया और फिर हाथ बांधकर घसीटा। बंकट ने यह भी धमकी दी कि अगर दोबारा दिखे या विवाद किया,तो जान से खत्म कर देगा। मारपीट से आशा केवट के दोनों पैर और बदन में चोटें आई हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

# शहडोल मेडिकल कॉलेज में लापरवाही का ज़हर

### ऑपरेशन से पहले लगा सॉल्यूशन अब झुलसा रहा मरीजों की स्किन!

### प्रबंधन आंकड़ों की बाजीगरी में व्यस्त, खरीदी और जांच प्रक्रिया पर पर्दा डालने की कोशिश

### महीने में 30 से 40 केस, फिर भी सब ठीक का दावा!

**शहडोल।** संभाग मुख्यालय के मेडिकल कॉलेज अस्पताल में स्वास्थ्य तंत्र की एक और शर्मनाक तस्वीर सामने आई है। ऑपरेशन से पहले संक्रमण से बचाव के लिए लगाए जाने वाले एंटीसेप्टिक सॉल्यूशन से मरीजों की स्किन झुलस रही है, फफोले पड़ रहे हैं और घाव बन रहे हैं। लेकिन मेडिकल कॉलेज प्रबंधन है कि लापरवाही पर परदा डालने में जुटा है। डीन का कहना है कि यह मामूली एलर्जी थी, लेकिन वार्डों में भर्ती मरीजों की हालत और उनके परिजनों के दर्द भरे बयान कुछ और ही कहानी कह रहे हैं। अस्पताल के सूत्रों की मानें तो महीने भर में करीब 30 से 40 मरीजों को इस सॉल्यूशन के उपयोग के बाद स्किन रिएक्शन हुआ है। कई प्रसूताओं के शरीर पर फफोले पड़ गए हैं, जिनसे रिसाव और जलन लगातार बनी हुई है। इन मरीजों का इलाज तो जारी है, लेकिन अस्पताल की कार्यशैली सवालों के घेरे में है, आखिर जांच रिपोर्ट क्यों दबाई जा रही है और खरीदी से जुड़ी जानकारी क्यों छिपाई जा रही है?



### एक ही बैच से फैला रासायनिक जहर

खबर है कि सभी प्रभावित मरीजों पर एक ही बैच के सॉल्यूशन का उपयोग किया गया था। उस बैच को अब वापस ले लिया गया है, लेकिन सवाल यह है कि क्या उस सॉल्यूशन का उपयोग शुरू करने से पहले उसकी उपयोगिता प्रमाण पत्र और टेस्टिंग रिपोर्ट जांची गई थी या नहीं? ड्रग कंट्रोलर को रिपोर्ट भेजने का दावा तो किया गया है, लेकिन अब तक यह स्पष्ट नहीं हुआ कि सॉल्यूशन में कौन सा रासायनिक घटक एलर्जी का कारण बना। डीन ने कहा यह स्पोरेडिक केस है, यानी कभी-कभी होने वाली हल्की प्रतिक्रिया, लेकिन यह बयान तब और संदिग्ध लगता है जब हर हफ्ते 10 से ज्यादा केस सामने आने लगे हैं। सवाल उठता है कि क्या यह कभी-कभी है या फिर लगातार होने वाली लापरवाही?

### प्रबंधन के आंकड़े बनाम ज़मीन की हकीकत

डीन का दावा है कि सालभर में करीब 5 हजार मरीजों पर यह सॉल्यूशन लगाया गया और केवल 10-12 को हल्की एलर्जी हुई, लेकिन मेडिकल कॉलेज के भीतर की स्थिति इससे बिल्कुल उलट है। नर्सिंग स्टाफ और कुछ चिकित्सकों का कहना है कि केवल पिछले दो महीनों में ही तीन दर्जन से ज्यादा मरीजों को स्किन रिएक्शन हुआ है। फिर सवाल यह भी उठता है कि अगर मामला मामूली था तो इतने मरीज अब भी भर्ती क्यों हैं? स्थानीय सूत्रों ने खुलासा किया है कि प्रबंधन ने पूरे विभाग को चुप रहने के मौखिक निर्देश दिए हैं। डॉक्टरों और कर्मचारियों से कहा गया है कि मीडिया से कुछ न कहें, मामले को बढ़ावा न दें। वहीं सॉल्यूशन खरीदी से जुड़ी फाइलें भी गायब बताई जा रही हैं।

### खरीदी प्रक्रिया पर उठ रहे सवाल

मेडिकल कॉलेज प्रबंधन यह बताने से बच रहा है कि यह सॉल्यूशन किस कंपनी से खरीदा गया, उसका सप्लायर कौन है और क्या मेडिकल स्टोर वेंडर ने वैध टेस्टिंग रिपोर्ट दी थी। सूत्र बताते हैं कि मेडिकल कॉलेज में एंटीसेप्टिक, ड्रेसिंग सामग्री और सर्जिकल दवाओं की खरीद अक्सर स्थानीय ठेकेदारों के माध्यम से बिना गहन जांच के की जाती है। इस बार भी ऐसा ही हुआ प्रतीत होता है, जहां सबसे सस्ता सामान खरीदने के नाम पर मरीजों की त्वचा दांव पर लगा दी गई।वार्डों में भर्ती कई महिलाओं ने बताया कि उन्हें प्रसव के आठ-दस दिन बाद स्किन पर लाल चकत्ते और फफोले हुए।

## लोक निर्माण मंत्री ने वीयू में किया राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन

# ग्रामीण आजीविका की रक्षा में पशु चिकित्सकों की महत्वपूर्ण भूमिका

जबलपुर।

नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय (एन.डी.वी.एस.यू.), जबलपुर, मध्यप्रदेश के पशु चिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालय में "पशु आंतरिक एवं रोग निरोधक चिकित्सा विषयक छठा वार्षिक अधिवेशन – 2025"एवं तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन मुख्य अतिथि लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, विशिष्ट अतिथि लखन पटेल, पशु पालन एवं डेयरी मंत्री तथा कार्यक्रम के अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. मंदीप शर्मा , आयोजक अधिष्ठाता डॉ आरके शर्मा, आयोजन सचिव डॉ देवेंद्र गुप्ता, वीआईपीएम के अध्यक्ष डॉ एयू भीकाने तथा वीआईपीएम के सचिव डॉ नीलेश शर्मा की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंचासीन अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं वंदन से हुआ, तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ ,अंग वस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर किया गया।



### पशु चिकित्सक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे : राकेश सिंह

मुख्य अतिथि लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने इस अवसर पर पशु चिकित्सकों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि वे ग्रामीण आजीविका की रक्षा एवं पशुधन स्वास्थ्य संवर्धन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने शैक्षणिक संस्थानों, शासन एवं उद्योगों के बीच सहयोग बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया, जिससे तकनीकी नवाचार आधारित पशु स्वास्थ्य सेवा को बढ़ावा मिल सके।

### पशुपालन एक अच्छा विकल्प : पटेल

विशिष्ट अतिथि पशु पालन मंत्री लखन पटेल ने नवाचार एवं शिक्षा की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि युवा पशु चिकित्सकों को आधुनिक वैज्ञानिक तकनीकों को अपनाकर पशु उत्पादन एवं कल्याण के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करने चाहिए।उन्होंने कहा कि किसानों की आय दुगनी करने के लिए पशुपालन एक बहुत अच्छा विकल्प है उन्होंने पशुपालन विभाग की पशुपालकों हेतु चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं से अवगत कराया।

### पशु रोगों से निपटने अनुसंधान आवश्यक : प्रो.शर्मा

अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कुलगुरु प्रो मनदीप शर्मा ने कहा कि उभरते और पुनः उभरते पशु रोगों से निपटने के लिए पशु चिकित्सा अनुसंधान एवं व्यवहार में कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डेटा विश्लेषण एवं उन्नत तकनीकों का समावेश अत्यंत आवश्यक है।उन्होंने इस सम्मेलन के विषयों को आज के परिवेश के लिए उपयुक्त बताते हुए कहा कि आज सम्मेलन में विभिन्न राज्यों से वैज्ञानिक आए हुए हैं निःसंदेह सभी अपने-अपने जगह पर हो रहे रिसर्च कार्य को आपस में साझा करेंगे और क्लाइमेट चेंज की चुनौतियों को निपटाने के लिए कोई हाल अवश्य ही निकलेगा। इस अधिवेशन में देशभर के विभिन्न राज्यों से 400 शोधार्थी, वैज्ञानिक, शिक्षक एवं विशेषज्ञ भाग ले रहे हैं, जो पशु आंतरिक एवं रोग निरोधक चिकित्सा में हो रहे नवीन अनुसंधान एवं तकनीकी प्रगति पर अपने विचार साझा करेंगे। वीआईपीएम लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड सेवा निवृत्त प्रोफेसर एंड हेड डॉ पी के शुक्ला को दिया गया। वीआईपीएम फैलोशिप 2025 अवार्ड डा एम चंद्रशेखर चेन्नई, वीआईपीएम एसोसिएट फैलोशिप 2025डॉ अनिल कुमार पटना बिहार ,तीन वीआईपीएम गोल्ड मेडल दिए गए जिसमें स्टीफन एक्टिंगर गोल्ड मेडल केनाइन मेडिसिन के लिए डॉ पंकज भानु दास मुंबई वेटरनरी कॉलेज महाराष्ट्र, थॉमस गौरडन हंगरफॉरड गोल्ड मेडल बोवाइन मेडिसिन 2025 डॉ विजय कुमार परमार कामधेनु यूनिवर्सिटी गुजरात, हेलिन गोल्ड मेडल डॉ आशीष श्रीवास्तव मथुरा को दिया गया।वीआईपीएम अप्रिशिएसन अवार्ड 2025 डॉ शशि प्रधान जबलपुर ,डॉ मनोहर सेन बीकानेर, डॉ आलोक सिंह अयोध्या, डॉ आदित्य प्रताप जबलपुर को दिया गया।



# सीजेआई गवई का अपमान करने वाले अधिवक्ता पर मामला दर्ज हो

### गढ़ा गोंडवाना संरक्षण संघ ने राष्ट्रपति, रजिस्ट्रार, प्रधानमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**जबलपुर।** गढ़ा गोंडवाना संरक्षण संघ संभाग जबलपुर द्वारा एक ज्ञापन कलेक्टर जबलपुर के माध्यम से राष्ट्रपति, रजिस्ट्रार उच्चतम न्यायालय एवं प्रधानमंत्री के नाम सौंपा गया। ज्ञापन में मांग की गई कि 06 अक्टूबर को उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति बीआर गवई के न्यायालय में अधिवक्ता राकेश किशोर द्वारा उनके ऊपर जूता फेंकने का प्रयास कर शासकीय कार्य में बाधा डाली गई अतः मामला पंजीबद्ध किया जाए, वहीं ग्वालियर जिले के अधिवक्ता अनिल मिश्रा द्वारा बाबा साहब भीमराव आम्बेडकर पर अशोभनीय टिप्पणी करने व न्यायालय के आदेश के बावजूद वैमनस्यता फैलाने वालों पर रासुअ का मामला दर्ज किया जाए। ज्ञापन के दौरान संभागीय अध्यक्ष किशोरीलाल भलावी, बालकिशन चौधरी, नेमसिंह मरकाम, उत्तम सिंह ताराम, गयाप्रसाद धुर्वे, गोपी चौधरी, नोखेलाल बरकड़े, अजय झारिया, दिशा इनवाती, अंजना इनवाती, डीएल कोरचे, एड. सम्यक बौद्ध, एड. सूरज चौधरी सहित अन्य उपस्थित रहे।

# छिंदवाड़ा सिरप कांड पर सपा का विरोध, स्वास्थ्य मंत्री के पोस्टर जलाए

**जबलपुर।** छिंदवाड़ा में सिरप से बच्चों की मौत के विरोध में समाजवादी पार्टी ने जबलपुर के मालवीय चौक पर प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ल के पोस्टर जमीन पर चिपकाकर जलाए और इस्तीफे की मांग की। सपा प्रदेश सचिव आशीष मिश्रा ने कहा कि प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है और आम जनता का भरोसा उठ चुका है। उन्होंने बताया कि गंभीर हालत में बच्चे भी नागपुर में इलाज करवा रहे हैं, जिससे मध्यप्रदेश की चिकित्सा व्यवस्था की हकीकत सामने आती है। प्रदर्शन के दौरान सपा नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि मंत्री ने इस्तीफा नहीं दिया, तो जबलपुर में उनका पिंडदान किया जाएगा। इस दौरान आशीष मिश्रा, कमलेश पटेल, दिनेश चंद्र यादव, राजेंद्र पटेल सहित कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




## सफाई कर्मियों ने आश्वासन के बाद कामबंद हड़ताल वापस ली

**जबलपुर।** पूर्व पार्षद राजेश यादव ने बताया कि सफाई कर्मचारियों को विगत तीन माह का वेतन नहीं मिलने के कारण आज रांझी जोन के सभी वार्डों में कामबंद करके मस्ताना चौक में एकत्रित होकर रैली निकालकर दर्शन सिंह तिराहा पर निगम प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की गई। इस दौरान सभी सफाई कर्मचारी तिराहा पर कचरा फेंककर धरना पर बैठ गए। मौके पर थाना प्रभारी रांझी, सीएसपी रांझी, तहसीलदार रांझी, एड. कमिश्नर ब्रह्मानंद वाजपेयी, स्वास्थ्य अधिकारी अंकिता बर्मन आदि अधिकारी उपस्थित हुए और धरना समाप्त करने की बात कही, तो पूर्व पार्षद राजेश यादव की अधिकारियों से बहस हो गई और बिना वेतन के धरना समाप्त नहीं करने की बात कही गई और नारेबाजी की गई कि जब तक वेतन का निराकरण नहीं किया जाता तब तक धरने से नहीं उठेंगे। दोपहर 01 बजे तक चले धरने में पुनः सभी अधिकारी मौके पर पहुंचे और आश्वासन दिया कि शनिवार को एक माह और दीपावली के पहले एक माह का वेतन दिया जाएगा, तो सभी कर्मचारियों ने लिखित में देने कहा जिस पर सीएसआई अनिल मिश्रा द्वारा लिखित में आश्वासन दिया गया कि शनिवार एवं दीपावली के पूर्व दो माह का वेतन दिया जाएगा, इस बात पर धरना समाप्त किया गया। इस प्रदर्शन में पूर्व पार्षद राजेश यादव, एड. राजेन्द्र मिश्रा, राजीत यादव, महेश, अनिल सोनकर, अनिल मिश्रा, निर्मलचंद जैन, जग्गोबाई, राजकुमार सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे।



# अ.भा.रा.शै.म. का 9वाँ अधिवेशन जयपुर में सम्पन्न

जबलपुर।

जयपुर में अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ का तीन दिवसीय 9वाँ राष्ट्रीय अधिवेशन सम्पन्न हुआ। जबलपुर से मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष आशीष तिवारी सहित कई पदाधिकारियों ने भाग लिया। अधिवेशन का उद्घाटन राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व RSS पदाधिकारियों की उपस्थिति में हुआ। मप्र शिक्षक संघ के महामंत्री राकेश गुप्ता ने शिक्षक हितों से जुड़े मुद्दे जैसे पुरानी पेंशन बहाली, नियुक्ति तिथि से वरिष्ठता, TET अनिवार्यता समाप्ति आदि पर प्रस्ताव रखे, जिन्हें सर्वसम्मति से पारित किया गया। संत अवधेशानंद गिरि जी ने गुरू के महत्व पर प्रकाश डाला, वहीं सांसद सुदांशु त्रिवेदी ने "राष्ट्रीय सुरक्षाः सीमा से समाज तक" विषय पर व्याख्यान दिया।



## डॉ. उमा वी.पी. श्रीवास्तव डी.लिट. उपाधि से सम्मानित

**जबलपुर।** जबलपुर नगर के लिए यह गर्व की बात है कि डॉ. उमा वी.पी. श्रीवास्तव, जो डॉ. वी.पी. श्रीवास्तव एवं बेला श्रीवास्तव की सुपुत्री हैं, को वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर द्वारा 6 अक्टूबर 2025 को प्रबंधन संकाय में सर्वोच्च शैक्षणिक उपाधि डी.लिट. (डॉक्टर ऑफ लिटरेचर) से सम्मानित किया गया है। यह उपाधि राज्यपाल आनंदीबेन पटेल द्वारा उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय, राज्य मंत्री (उच्च शिक्षा) रजनी तिवारी तथा कुलपति प्रो. वंदना सिंह की उपस्थिति में प्रदान की गई।उनका शोध कार्य "अतिथि सत्कार सुविधाओं के विशेष संदर्भ में वन्यजीव पर्यटन की समस्याओं एवं संभावनाओं का एक समीक्षात्मक अध्ययन" विषय पर आधारित है। यह अध्ययन प्रो. मनस पांडे (वी.वी.एस.पी.यू., जौनपुर) के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ है। वे डॉ. जितेन्द्र की पत्नी एवं वसुधा की माता हैं।

# वाल्मीकि समाज ने श्रद्धा, उत्साह से मनाई महर्षि वाल्मीकि जयंती

जबलपुर।

वाल्मीकि समाज जबलपुर द्वारा संस्कृति थिएटर, भंवरताल गार्डन में महर्षि वाल्मीकि जयंती का भव्य एवं ऐतिहासिक आयोजन श्रद्धा और उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ रामायण पाठ एवं दीप प्रज्ज्वलन से हुआ, जिसमें समाज के सैकड़ों बंधु सपरिवार सम्मिलित हुए। दीप प्रज्ज्वलन अशोक रोहाणी (विधायक, जबलपुर) द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि रिंकू विज (अध्यक्ष, नगर निगम जबलपुर) एवं सोनू बचवानी की उपस्थिति ने समारोह की गरिमा को और बढ़ाया। रामायण पर आधारित नृत्य की शानदार प्रस्तुति से प्रभावित होकर अशोक रोहाणी ने प्रत्येक बच्चे को 2000 रुपये की राशि विधायक निधि से प्रदान करने की घोषणा की, जिससे बच्चों और अभिभावकों में अत्यंत उत्साह का माहौल बना। इस अवसर पर वर्ष 2025 में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण विद्यार्थियों, समाजसेवियों,



### सैकड़ों सामाजिकजन हुए शामिल

शिक्षकों, पुलिस कर्मियों एवं सेवानिवृत्त सैनिकों को समाज की ओर से सम्मानित किया गया। समाज के बच्चों ने गीत, नृत्य, कविताएँ और धार्मिक प्रस्तुतियाँ देकर सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर अध्यक्ष रूपकिशोर चौहान, दिनेश मछंदर, राजेंद्र पथरोल, बलराम सपेरा, गोविंद डागोर, धर्मदास बघेल, राजेश मट्टू, जीत सिंह महरौलिया सहित अनेक गणमान्य सामाजिकजन उपस्थित रहे।

## समिति अध्यक्ष पद पर पुनः महंत आशीष दास

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश की प्रमुख समाजसेवी संस्था श्री राम जानकी जन कल्याण समिति सोसायटी, गुरदा सुहागी, थाना आधारताल, जिला जबलपुर की आम बैठक में सर्वसम्मति से महंत आशीष दास को पुनः संस्था का अध्यक्ष चुना गया। महंत आशीष दास ने जानकारी देते हुए बताया कि यह संस्था सरकारी नियमों के अंतर्गत विधिवत कार्यरत है।

# अबॉक्स एवं संयुक्त पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन



**जबलपुर।** अबॉक्स एवं संयुक्त पिछड़ा वर्ग मोर्चा द्वारा अम्बेडकर चौक पर चार सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के पश्चात महामहिम राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन एसडीएम को सौंपा गया।ज्ञापन में मुख्य रूप से सुप्रीम कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश बी.आर. गवई पर अधिवक्ता द्वारा जूता फेंकने की घटना को षड्यंत्र बताया गया और दोषी पर सख्त कार्रवाई की मांग की गई। साथ ही लद्दाख के गांधीवादी कार्यकर्ता सोनम बागचुंग पर एनएसए की कार्रवाई को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए उनकी रिहाई की मांग की गई।इसके अतिरिक्त, ग्वालियर हाईकोर्ट के एक अधिवक्ता द्वारा डॉ. अंबेडकर के प्रति अभद्र भाषा का प्रयोग करने पर धारा 153-ए के तहत कार्रवाई की मांग की गई। वहीं, मुख्यमंत्री मोहन यादव के आरक्षण संबंधी बयान के बाद फर्जी संत आनंद स्वरूप द्वारा की गई अभद्र टिप्पणियों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की माँग की गई।इस अवसर पर देवेश चौधरी, रामरतन यादव, डॉ. घनश्याम यादव, शिवनाथ चौधरी आलम, डॉ. बालमुकुंद यादव, तरुण रोहितास, धर्मेन्द्र कुशवाहा, धूमन सिंह यादव, मनोज वाघमारे, बैजनाथ पटेल, चंद्रकला वासनिक, सुनंदा बसोंनकर, सम्यक बौद्ध, सुरेश वैद्य सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

In The Court Of VII District Judge, District Court, Damoh
Presiding Officer : अमर गोयल
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु).
(RCA/0000035/2021)
मोह. कलीम उर्फ कल्लू-3.............वादी Vs
शहादत बख्श-17 फौत................ प्रतिवादी
TID/3415/2025
Process Id- 29/2025
प्रेषिती- पेशी दिनांक :- 10/11/2025
(1) सेहरबानो पति अल्ताफ भाइ पता- ग्वाल बाबा मंदिर ग्वाल चौक रोशनपुरा भोपाल म प्र
(2) शबनम पति जाहिद उर्फ जानू पता- केला गोदाम के पीछे रफीक भाइ का मकान रददी चैक जबलपुर म प्र.
यह कि प्रार्थी मोह. कलीम उर्फ कल्लू-३ ने आपके विरूद्ध दावा वास्ते के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात /हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन मुजरा के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें ।
यह आज तारीख 08 October 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है ।
अमर गोयल
सप्तम जिला न्यायाधीश जिला दमोह (म.प्र.)
कृपया ध्यान दें:-1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

# एमपी फार्मासिस्ट एसोसिएशन ने कमिश्नर को सौंपा ज्ञापन

### छिंदवाड़ा की दर्दनाक घटना को लेकर ड्रग विभाग पर उठाए सवाल

जबलपुर।

मध्य प्रदेश फार्मासिस्ट एसोसिएशन (MPPA) जबलपुर टीम द्वारा आज कमिश्नर महोदय को एक ज्ञापन सौंपा गया। यह ज्ञापन छिंदवाड़ा जिले में हाल ही में घटित हृदय विदारक घटना के संदर्भ में दिया गया है, जिसमें अब तक 19 मासूम बच्चों की असमय मृत्यु हो चुकी है।एसोसिएशन ने इस घटना को एक "जघन्य हत्याकांड करार देते हुए इसकी पूरी जिम्मेदारी ड्रग विभाग पर डाली है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि जिले में बड़ी संख्या में मेडिकल स्टोर्स बिना फार्मासिस्ट के संचालित हो रहे हैं, जिससे अयोग्य व्यक्तियों द्वारा दवाओं का क्रय-विक्रय किया जा रहा है। यह न केवल मेडिकल नियमों का उल्लंघन है, बल्कि जनता की जान से सीधा खिलवाड़ भी है।ज्ञापन की प्रमुख मांगें: प्रत्येक दवा दुकान पर फार्मासिस्ट की अनिवार्य उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। "जहाँ दवा, वहाँ फार्मासिस्ट" की नीति लागू हो। दवा वितरण में मोनोपॉली समाप्त की जाए, जिससे आम जनता को उचित मूल्य पर सही दवाएं मिल सकें। ड्रग विभाग में व्याप्त लापरवाही और संभावित भ्रष्टाचार की जांच कर कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। ज्ञापन सौंपने वालों में MPPA जबलपुर टीम के प्रमुख सदस्य अमित, अशोक, अभिषेक, धर्माधिकारी, आशीष एवं अभिजीत शामिल थे।





गरीब नवाज कमेटी ने कराया अंतिम संस्कार

## खंडहरनुमा भवन में 6 दिन से मृत पड़ा था हरीश नायडू

जबलपुर।

गुप्तेश्वर कृपाल चौक मदन महल स्थित द्वारका मिश्रा के मकान के बाजू में पिछले छह दिनों से एक खंडहरनुमा भवन में हरीश नायडू उम्र 42 वर्ष की दुर्गंध मारती लाश पड़ी थी, असहनीय दुर्गंध की सूचना मोहल्ले के लोगों ने गढ़ा पुलिस को दी तो घटना का खुलासा हुआ। घटना की जानकारी जब पुलिस ने मृतक के परिजनों को बताई तो मृतक की भाभी एड. सुनंदा नायडू ने गरीब नवाज कमेटी को सूचना दी। कमेटी के सदस्यों ने बताया कि मृतक की लाश इतनी सड़-गल गई थी कि कोई पास आने तैयार नहीं था। सूचना पर पहुंचे गरीब नवाज कमेटी सदस्यों ने प्रशासनिक प्रक्रिया के बाद मृतक का अंतिम संस्कार रानीताल मुक्तिधाम में किया। इस कार्य में मानवीय संवेदना दिखाते हुए कमेटी के आसिफ खान, अरबाज खान, मुशाहिद मंसूरी, अबरार खान, दीपक निगम, वसीम मंसूरी, मो. करीम मंसूरी ने सहयोग दिया।

## खबर संक्षेप

### ई-स्टॉक ब्रोकिंग को मर्चेंट बैंकर के रूप में मंजूरी मिली

पुणे। मर्चेंट बैंकर के रूप में कार्य करने के लिए भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ने ई-स्टॉक ब्रोकिंग लिमिटेड को मंजूरी दी है। कंपनी ने घोषणा क, कि उसके बोर्ड ने 20 लाख कन्वर्टिबल वारंट्स का आवंटन विभिन्न प्रवर्तक और गैर-प्रवर्तक समूह संस्थाओं को वरीयता के आधार पर स्वीकृत किया है। वित्तीय वर्ष 2024-25 (संयुक्त) के लिए कंपनी ने कुल राजस्व 7664.38 लाख रुपए दर्ज किया। कंपनी का कर पूर्व लाभ 49.17 फीसदी बढ़कर 1671.10 लाख से 2492.92 लाख रुपए हो गया। वहीं, कर पश्चात लाभ 51.58 फीसदी बढ़कर 1265.60 लाख से 1918.50 लाख पर पहुंच गया।

### टूरिज्म बोर्ड ने दी विशेष टर्म शीट में प्रवेश को मंजूरी

**नई दिल्ली।** टूरिज्म फाइनेंस कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड ने कहाकि निदेशक मंडल ने आयोजित बैठक में, कोस्मिया इन्वेस्टमेंट होल्डको प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक विशेष टर्म शीट में प्रवेश करने को सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है। यह मंजूरी कोस्मिया इन्वेस्टमेंट प्राइवेट लिमिटेड की 100 फीसदी हिस्सेदारी के प्रस्तावित अधिग्रहण के लिए दी गई है, जिसमें इसकी नामित पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनियां, चरणबद्ध सहायक कंपनियाँ और ट्रस्ट शामिल हैं।

### सर्वेश्वर को 329 मिलियन का बड़ा निर्यात ऑर्डर मिला

**नई दिल्ली।** सर्वेश्वर फूड्स लिमिटेड ने घोषणा की कि उसे सिंगापुर स्थित मोनार्दा कमोडिटीज प्राइवेट लिमिटेड से 329 मिलियन का एक महत्वपूर्ण निर्यात ऑर्डर प्राप्त हुआ है। यह ऑर्डर कंपनी की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी ग्रीन पॉइंट प्राइवेट लिमिटेड, सिंगापुर के माध्यम से हासिल किया गया है। कंपनी के अंतरराष्ट्रीय विस्तार को और सशक्त बनाती है और बड़े पैमाने पर मूल्य प्रदान करने की उसकी क्षमता को दर्शाती है। यह नया ऑर्डर सर्वेश्वर फूड्स की विदेशी बाजारों में बढ़ती ताकत को दर्शाता है ।

### एचईसी को 47.98 करोड़ के पावर व वाटर इंफ्रा ऑर्डर

**अहमदाबाद।** एचईसी इंफ्रा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड एचईसी इंफ्रा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड ने दो महत्वपूर्ण ऑर्डर्स प्राप्त किए हैं, जिससे इसकी मजबूत ऑर्डर बुक और भी सशक्त हुई है। इन दो नए ऑर्डरों के साथ, एचईसी इंफ्रा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड ने पावर इंफ्रास्ट्रक्चर और जल आपूर्ति परियोजनाओं जैसे विभिन्न ईपीसी क्षेत्रों में अपनी स्थिति को और अधिक मजबूत किया है।

जियो ब्लैकरॉक चीफ क्लाइंट ऑफिसर कोमल नारंग ने कहा

# आंकड़ों पर आधारित निवेश: सिस्टमैटिक एक्टिव इक्विटी ही भविष्य का रास्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुंबई

सिस्टमैटिक एक्टिव इक्विटी एक डेटा-आधारित निवेश दर्शन है, जो भारतीय निवेशकों के लिए कई अलग-अलग और विशेष अवसरों को आगे बढ़ा सकता है।



कोमल नारंग, चीफ क्लाइंट ऑफिसर, जियोब्लैकरॉक, एसेट मैनेजमेंट कंपनी का कहना है कि सिस्टमैटिक एक्टिव इक्विटी ही भविष्य का रास्ता है। सिस्टमैटिक एक्टिव इक्विटी एक ऐसा निवेश का तरीका है, जो सोच में एक्टिव (सक्रिय) है, लेकिन लागू करने में सिस्टमैटिक (व्यवस्थित) है। पारंपरिक एक्टिव फंड ज्यादातर व्यक्तिगत अनुभव और निर्णय पर निर्भर करते हैं, जबकि पैसिव फंड सिर्फ एक इंडेक्स की नकल करते हैं। लेकिन सिस्टमैटिक एक्टिव इक्विटी एक अलग रास्ता अपनाता है। यह एक क्वांटिटेटिव, डेटा-आधारित प्रक्रिया का इस्तेमाल करके ऐसा एक्टिव पोर्टफोलियो बनाता है, जो जानबूझकर बेंचमार्क से अलग हो। उदाहरण के लिए, अगर किसी इंडेक्स में 500 शेयर हैं, तो सिस्टमैटिक एक्टिव इक्विटी उन सबको रखने के बजाय लगभग 120–130 शेयर चुन सकता है। यह चुने हुए स्टॉक के मार्केट कैपिटलाइजेशन \के वजन को एक तय सीमा के अंदर बदलने की छूट देता है। इस तरीके की सबसे बड़ी खासियत है रीयल-टाइम और वैकल्पिक डेटा का उपयोग, जैसे क्रेडिट कार्ड लेन-देन, नौकरी की घोषणाएं और ऑनलाइन गतिविधियां। ऐसे संकेत निवेशकों को जल्दी यह समझने में मदद कर सकते हैं कि कंज्यूमर का व्यवहार कैसा बदल रहा है, कंपनियों का प्रदर्शन कैसा है, या किसी सेक्टर में नया ट्रेंड क्या है, वो भी तिमाही नतीजों से पहले। हालांकि भारत में सिस्टमैटिक एक्टिव इक्विटी की शुरुआत हमारे जियोब्लैकरॉक फ्लेक्सी कैप फंड से होगी, लेकिन इसका विचार इससे कहीं बड़ा है। यही तरीका फैक्टर-आधारित फंड्स या फिर सेक्टर-फोकस्ड फंड्स पर भी लागू किया जा सकता है। ब्लैकरॉक के अलादीन प्लेटफॉर्म को भारत में लाकर और इसे जियो के डिजिटल-फर्स्ट डिस्ट्रीब्यूशन इकोसिस्टम के साथ जोड़कर, हम ऐसे अनोखे स्थान पर हैं, जहां बड़े पैमाने पर हाई क्वालिटी और कम लागत वाले प्रोडक्ट्स निवेशकों को दिए जा सकते हैं। यह साझेदारी संचालन को और अधिक प्रभावी बनाती है और निवेश समाधान पहले से कहीं अधिक लोगों तक पहुंचाने में मदद करती है।




# सोनालीका ने ट्रैक्टरों की अब तक सर्वाधिक मासिक बिक्री कर पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़े

नई दिल्ली।

भारत से ट्रैक्टर एक्सपोर्ट में नंबर 1 ब्रांड, सोनालीका ट्रैक्टर्स ने अपने हैवी ड्यूटी ट्रैक्टरों के साथ देश भर के किसानों का एक बार फिर त्योहारों में उत्साह बढ़ाया है और कंपनी ने सितंबर 2025 में 20,786 ट्रैक्टरों की अब तक की सर्वाधिक मासिक बिक्री दर्ज की है। यह उल्लेखनीय प्रदर्शन मज़बूत घरेलू माँग और सोनालीका की प्रतिबद्धता से प्रेरित है जो भारतीय किसानों के लिए उत्पादकता बढ़ाने हेतु अनुकूलित ट्रैक्टर निर्माण करता है। त्योहारों की शुरुआत के साथ, सोनालीका ने अगस्त 2025 से ही अपने सबसे बड़े वार्षिक ऑफर ''हैवी ड्यूटी धमाका'' पेश कर दिया है, जिससे किसानों को सर्वोत्तम तकनीक और उत्तम मूल्य पर ट्रैक्टर उपलब्ध कराने में मदद मिली है। केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में ट्रैक्टरों पर जीएसटी में 12 प्रतिशत से कटौती करके 5 प्रतिशत कर दिया है जिसने किसानों के आत्मविश्वास को और मज़बूत किया है और देशभर में हैवी ड्यूटी ट्रैक्टरों को और भी किफ़ायती और सुलभ बनाया है। दुनिया के नंबर 1 एकीकृत ट्रैक्टर प्लांट द्वारा समर्थित, सोनालीका पूरे देश में बेहतर गुणवत्ता वाले ट्रैक्टरों और समय पर डिलीवरी की गारंटी देता है। अपने ख़ास बाज़ार दृष्टिकोण और मज़बूत ट्रैक्टर श्रृंखला द्वारा किसानों को सशक्त बनाने पर ध्यान केंद्रित करते हुए, सोनालीका पूरे देश में विकास, समृद्धि और त्योहारी खुशियों को नई ऊँचाइयों पर ले जा रहा है।

अपने विचार साझा करते हुए, रमन मित्तल, जॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर, इंटरनेशनल ट्रैक्टर्स लिमिटेड, ने कहा, 'सितंबर 2025 में कुल 20,786 ट्रैक्टरों की अब तक की सर्वाधिक बिक्री द्वारा बहुत खुश हैं। यह हमारी प्रगति में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो कृषक समुदाय को सर्वोत्तम कृषि तकनीकों के साथ सर्विस प्रदान करने के हमारे दम को दर्शाता है।

जीएसटी कटौती से खरीदारों और कारोबारियों में उत्साह

# इस दीवाली रिकॉर्ड 4.75 लाख करोड़ रु.कारोबार का अनुमान

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

त्योहारों पर जीएसटी कटौती और स्वदेशी उत्पादों के बढ़ते रुझान ने बाजार में खरीदारी का उत्साह बढ़ाया और इस साल भोपाल , मध्यप्रदेश सहित देशभर में रिकॉर्ड कारोबार की संभावना जताई जा रही है। कारोबारी संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के अनुसार इस साल कारोबारियों के लिए दीवाली खास रहने वाली है क्योंकि रिकॉर्ड कारोबार होने का अनुमान है। कारोबारियों के मुताबिक इस समय बाजारों में खरीदारी का माहौल है। इस त्योहारी सीजन में रिकॉर्ड बिक्री की वजह हाल में जीएसटी दरों में की गई कटौती से खपत बढ़ने की उम्मीद है। संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने कहाकि विभिन्न राज्यों के 35 शहरों में कारोबारी संगठनों से सर्वे कराया है। जिसमें नवरात्रि से शुरू हुआ बंपर खरीदी का माहौल दीवाली तक बाजार में रहेगा।

इस सीजन के दौरान देशभर में 4.75 लाख करोड़ रुपए का कारोबार होने का अनुमान है, जो अब तक का रिकॉर्ड कारोबार है और यह पिछले साल की तुलना में करीब 12 फीसदी अधिक है। कैट के मुताबिक पिछले साल दीवाली वाले त्योहारी सीजन के दौरान 4.25 लाख करोड़ रुपए का कारोबार हुआ था। बीते 4 वर्षों के दौरान यानी कोरोना के बाद से त्योहारी बिक्री तेजी से बढ़ रही है। 2021 में 1.25 लाख करोड़ रुपए का कारोबार हुआ था। इसके अगले यह बढ़कर 2.5 लाख करोड़ रुपए हो गया। 2023 में यह कारोबार और बढ़कर 3.75 लाख करोड़ रुपए हो गया। 2024 में त्योहारी कारोबार 4.25 लाख करोड़ और इस साल 4.75 लाख करोड़ रुपए होने का अनुमान है। इस तरह देखा जाए तो बीते 4 साल के दौरान दीवाली वाले त्योहारी सीजन का कारोबार 3.5 से अधिक बढ़ चुका है।



### जीएसटी कटौती के प्रभाव ने कारोबारी और उपभोक्ता दोनों में नया उत्साह

*मध्यप्रदेश इकाई के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र मिश्रा ने कहाकि जीएसटी दरों में कटौती के प्रभाव ने कारोबारी और उपभोक्ता दोनों में नया उत्साह पैदा कर दिया है। जीएसटी कटौती से लोगों की बचत होने वाली है। जिसका उपयोग उपभोक्ता त्योहारों पर खरीदारी में कर सकते हैं। जीएसटी घटने से काफी सामान सस्ते हो गए हैं। जिससे इस साल त्योहारों पर बिक्री बढ़ने को बल मिल रहा है। प्रधानमंत्री के स्वदेशी सामानों पर जोर के आह्वान से इस साल स्वदेशी सामान का दबदबा रहने की संभावना है और चीनी सामान पर चोट पड़ने वाली है।*

### व्यापारी बना रहे मोदी के आत्मनिर्भर भारत के विजन को सशक्त

*व्यापारियों ने बताया है कि इस बार उपभोक्ता विदेशी वस्तुओं की बजाय स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता दे रहे हैं। इससे न केवल स्थानीय उद्योगों को बल मिल रहा है बल्कि यह प्रवृत्ति प्रधानमंत्री मोदी के आत्मनिर्भर भारत के विजन को सशक्त बना रही है।*

### व्यापार त्यौहार और दिवाली तक सीमित नहीं

दिवाली के उत्सवों का प्रभाव केवल व्यापार तक सीमित नहीं है। देशभर में हो रहे हजारों कार्यक्रमों, समारोहों और आयोजनों के कारण होटल, रेस्टोरेंट, बैंक्वेट हॉल, कैटरिंग, इवेंट मैनेजमेंट, टैक्सी सेवाएं, डेकोरेटर, संगीतकार और कलाकारों को भी बड़े पैमाने पर काम और कारोबार मिल रहा है। व्यापारी नेता और सांसद खंडेलवाल ने कहा, ´दिवाली केवल दीप जलाने का पर्व नहीं, बल्कि भारत की पूरी आर्थिक व्यवस्था को ऊर्जा देने का पर्व है।

### विभिन्न क्षेत्रों में खर्च का अनुमान

13 फीसदी खाद्य सामग्री और किराना, 3 फीसदी फल और ड्राई फ्रूट, 4 फीसदी मिठाई और नमकीन, 12फीसदी वस्त्र और परिधान, 4 फीसदी इलेक्ट्रिकल सामान, 8 फीसदी इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद, 3 फीसदी बिल्डर्स हार्डवेयर, 3 फीसदी होम डेकोर, 6 फीसदी कॉस्मेटिक्स और पर्सनल केयर, 3फीसदी बर्तन और किचनवेयर, 3 फीसदी पूजा सामग्री, 2 फीसदी कन्फेक्शनरी और बेकरी उत्पाद, 4 फीसदी फर्निशिंग और फर्नीचर, 8 फीसदी गिफ्ट आइटम तथा 24 फीसदी विविध वस्तुएं और सेवाएं जिनमें ऑटोमोबाइल, खिलौने, पैकेजिंग, स्टेशनरी, ट्रैवल आदि शामिल हैं।

# मेहनत और ईमानदारी से तोड़ें हर रुकावट : गवर्नर देवव्रत

## आदाणी विद्या मंदिर में कार्यक्रम आयोजित




**अहमदाबाद।** आदाणी विद्या मंदिर (एवीएम), अहमदाबाद का कैंपस आज जीवंत हो उठा जब गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने विद्यार्थियों को हौसला, मूल्यों और उम्मीद का संदेश दिया। आदाणी फाउंडेशन की चेयरपर्सन डॉ. प्रीति आदाणी और ट्रस्टी श्रीमती शिलिन आदाणी ने उनका स्वागत किया। विद्यार्थियों ने राज्यपाल का गार्ड ऑफ ऑनर और पारंपरिक समारोह के साथ अभिनंदन किया।प्रेरणादायी संबोधन में राज्यपाल ने विद्यार्थियों से कहा, जब बच्चे छोटी उम्र से ही मेहनत करते हैं, बुरी आदतों से दूर रहते हैं और आगे बढ़ने का संकल्प लेते हैं, तब दुनिया की कोई ताकत उन्हें रोक नहीं सकती। ऐसे बच्चों के लिए हमेशा नए रास्ते खुलते हैं।

उन्होंने विद्यार्थियों को याद दिलाया कि कठिन पृष्ठभूमि से आना कभी बाधा नहीं होता, अगर इंसान मेहनत और ईमानदारी को अपना ले। उन्होंने अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन और भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम जैसे महान लीडर्स के जीवन का उदाहरण दिया, जिन्होंने कठिनाइयों से ऊपर उठकर दुनिया पर अपनी छाप छोड़ी। एवीएम के अनोखे मॉडल जैसे निःशुल्क और मूल्य आधारित शिक्षा की सराहना करते हुए श्री आचार्य देवव्रत ने आदाणी फाउंडेशन की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि यह संस्था वंचित बच्चों को सशक्त बना रही है ताकि वे आईआईटी, आईआईएम और एम्स जैसे भारत के सर्वोच्च संस्थानों तक पहुँच सकें।

रिपोर्ट के अनुसार उद्योगों के हिसाब से वृद्धि अलग-अलग होगी

# भारत में अगले साल वेतन नौ प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद

एजेंसी ▶▶ मुंबई

भारत में अगले साल वेतन वृद्धि नौ प्रतिशत तक रहने की संभावना है, जो इस साल हुई 8.9 प्रतिशत की औसत वृद्धि से थोड़ा अधिक है। एक सर्वेक्षण रिपोर्ट में यह अनुमान जताया गया है। रिपोर्ट कहती है कि वैश्विक आर्थिक वृद्धि अनिश्चितताओं के बावजूद वेतन वृद्धि का यह रुझान मजबूत घरेलू खपत, निवेश और नीतिगत समर्थन के चलते बना रहेगा। वैश्विक पेशेवर सेवा कंपनी एऑन की सर्वेक्षण रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ष 2026 में औसत वेतन वृद्धि नौ प्रतिशत रहने का अनुमान है लेकिन उद्योगों के हिसाब से वृद्धि अलग-अलग होगी।

### एनबीएफसी में 10 फीसदी वेतन वृद्धि की संभावना

*अगले साल रियल एस्टेट/ ढांचागत क्षेत्र में सर्वाधिक 10.9 प्रतिशत और गैर-बैंकिंग वित्त कंपनियों (एनबीएफसी) में 10 प्रतिशत की वेतन बढ़ोतरी होने की उम्मीद है। इसके साथ वाहन निर्माण में 9.6 प्रतिशत, इंजीनियरिंग डिजाइन सेवाओं में 9.7 प्रतिशत और खुदरा एवं जीवन-विज्ञान क्षेत्रों में 9.6 प्रतिशत की वेतन वृद्धि अपेक्षित है।*



### कंपनियां रणनीतिक दृष्टिकोण से वेतन का प्रबंधन कर रही

एऑन इंडिया में साझेदार रूपांक चौधरी ने कहा, "भारत की वृद्धि गाथा मजबूत बनी हुई है और उसे ढांचागत निवेश एवं नीतिगत उपायों का समर्थन है। रियल एस्टेट और एनबीएफसी जैसे क्षेत्रों में प्रतिभा में निवेश के साथ कंपनियां रणनीतिक दृष्टिकोण से वेतन प्रबंधन कर रही हैं ताकि स्थायी वृद्धि और कार्यबल की स्थिरता बनी रहे।"

### सिल्वर को एयरपोर्ट्स अथॉरिटी से कॉन्ट्रैक्ट मिला

**नई दिल्ली।** सिल्वर टच टेक्नोलॉजीज लिमिटेड को एयरपोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया से मिला कॉन्ट्रैक्ट एंड-टू-एंड आईटी और डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन सॉल्यूशंस और भारत के एविएशन इंफ्रास्ट्रक्चर के आधुनिकीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही। प्रमुख कंपनी सिल्वर टच टेक्नोलॉजीज लिमिटेड 15 एयरपोर्ट्स पर एडवांस एक्टिव मल्टीकप्लर सिस्टम्स और सिक्योर नेटवर्क सिक्यूरिटी सॉल्यूशन लागू कर रही है, जिससे एयर ट्रैफिक कंट्रोल टावरों में संचार और सुरक्षा मजबूत हो रही है। मिनेश वी. दोशी, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, सिल्वर टच टेक्नोलॉजीज लिमिटेड ने कहाकि हमें एयरपोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के साथ देश के एविएशन इन्फ्रास्ट्रक्चर को विकसित करने में सहयोग करने पर गर्व है। यह प्रोजेक्ट मिशन-क्रिटिकल एनवायरनमेंट के लिए अत्याधुनिक, सुरक्षित और मजबूत तकनीकी समाधान प्रदान करने पर हमारे फोकस को दर्शाता है।



## आवश्यकता

आवश्यकता है- नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो संपर्क करें:- 8335914373 (रायपुर /11/ अक्टूबर/25)

आवश्यकता है - एयरपोर्ट हेतु पक्की परमानेंट नौकरी बिना इंटरव्यू आठवी पास ग्रेजुएट लड़के लड़कियां( 2450064500) महीना लोडर, चैकर, सुपरवाइजर, रहना -खाना, फंड - बोनस।- 9205091963 (रायपुर /09/ अक्टूबर/25)

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाइड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330


## राशिफल

**मेष** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार की सुख-सुविधाओं के लिए खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**वृष** — मन प्रसन्न तो रहेगा। परन्तु बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है।

**मिथुन** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

**कर्क** — परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। भाइयों से मतभेद हो सकते हैं। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**सिंह** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी मित्र के सहयोग से सम्पत्ति में किया गया निवेश लाभप्रद रहेगा। मीठे खानपान में रुचि रहेगी।

**कन्या** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। कुटुम्ब की किसी बुजुर्ग महिला से धन मिल सकता है। लंबे समय से रुके हुए कार्य पूरे

**तुला** — वाणी में मधुरता रहेगी। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। आय में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आयेगी। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी।


**धनु** — क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। कारोबार में किसी मित्र के सहयोग से लाभ में वृद्धि होगी।

**मकर** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें।

**कुंभ** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा। परन्तु आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। धार्मिक आयोजनों में हिस्सा लेंगे।

**मीन** — मन प्रसन्न रहेगा। कर्मक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

## शब्द पहेली - 6013



**बाएँ से दाए**
1.पवनपुत्र,हनुमान-3,3
5.मजार-4
8.बगीचा (अंग्रेजी में-2)
9.तहजीब,तमीज-3
10.सत्य,तेज-2
11.पतंगा-4
12.ईसाई साध्वी-2
14.इंकार करना-4
16.उत्तम,आदर्शवादी-3
18.रोमांच,उद्वेग-4
20.पागलपन,सनक-5
23.पालन-पोषण-5
26.आनंद लेना-2,2
27.बेईमानी,अमानत में खयानत-3
29.अप्रधान,गौण-4
30.ठाठ-बाट-2
32.अति काला,एक प्रकार की लकड़ी-4
33.रहस्य-2
35.गरुड़ जो रावण से लड़ा था-3
36.कमरा,रूम-2
37.जल में रहने वाला-4
38.धर्म के उपदेश देनेवाला-6

**ऊपर से नीचे**
1.पलायन करने वाला-6
2.जंगल-2
3.दांत से छोटे टुकड़े करना-4
4.जिव्हा,जीभ-3
5.घर,भवन-3
6.यात्री गाड़ी-2
7.चौबीस घंटे का समय-4
11.परीक्षण करना-4
13.भीगा हुआ-2
15.खीजना-4
17.उपस्थिती-3
18.रोमांच,उद्वेग-4
19.संपत्ति-2
21.उचित,सही-3
22.पंख,पराया-2
24.देश निर्वासन-4
25.अंगरक्षक-3,3
27.हाथी-4
28.मद,सरूर-2
29.अनुसार,समान-4
31.निगाह,दृष्टि-3
32.हथियार-3
34.पानी,नीर-2
36.सिगरेट का धुआं खींचना,सुट्टा-2

### शब्द पहेली- 6012 का हल



## सूडोकु नवताल - 6023

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 6022 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 3 | 8 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 9 | 1 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 | 8 |
| 8 | 9 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 1 |



डॉक्टर्स सजेशन

डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

# जब लगातार फील हो थकान और तनाव



**मेरी उम्र 35 वर्ष है। कुछ महीनों से किसी काम में मन नहीं लगता, थकान महसूस होती है, तनाव-चिड़चिड़ाहट होती है। ऐसा क्यों हो रहा है, इसके लिए मुझे क्या उपाय करना चाहिए?**

**-अंचित, दुर्ग**

सबसे पहले आप इस बात पर गौर करें कि जब से यह समस्या शुरू हुई है, उस दौरान ऐसा क्या हुआ है कि चिड़चिड़ाहट और तनाव शुरू हुआ है? अगर आप इस बारे में डिसाइड नहीं कर पा रहे हैं तो आपको जरूर एक बार डॉक्टर से संपर्क कर जांच करवा लेनी चाहिए, क्योंकि आप बता रहे हैं कि थकान भी लगती है। कई बार शरीर में खून की कमी होने से थकान लगती है और जिस वजह से चिड़चिड़ापन भी होने लगता है। जांच करने के बाद ही इसके कारण का पता चलेगा।

**मेरी उम्र 36 वर्ष है। दो साल पहले मेरे सिर पर लोहे से चोट लगी थी। हल्का दर्द तो हमेशा होता है, लेकिन कभी-कभी दर्द तेज हो जाता है। कृपया बताएं कि मुझे राहत के लिए क्या करना चाहिए?**

**-रोहन, रायपुर**

आपको एक बार डॉक्टर से संपर्क कर जांच करवा लेनी चाहिए। कई बार चोट लगने के बाद क्लॉटिंग होती है और उसका दुष्प्रभाव कुछ दिनों बाद शुरू होता है। बेहतर होगा कि आप बगैर जांच कराए कोई भी ट्रीटमेंट शुरू न करें और इसे हल्के में न लें।

**मेरी उम्र 28 वर्ष है। मेरे चेहरे और गले पर कई तिल उभर आए हैं। किस मेडिकल प्रोसीजर से तिल हटाए जा सकते हैं?**

**-आदर्श, भोपाल**

इसमें बगैर देखे कुछ भी बता पाना मुश्किल है। इसलिए सबसे पहले आप किसी त्वचा रोग विशेषज्ञ से संपर्क करें। वह इनकी जांच करेंगे और यह देखेंगे कि इनको हटाया जा सकता है या नहीं, क्योंकि कई बार ऐसे भी तिल होते हैं, जिनको हटाना मुश्किल होता है। इसलिए आप सबसे पहले डॉक्टर से संपर्क करें।

**मेरी उम्र 48 वर्ष है। बदलते मौसम में अकसर मेरे गले में खराश बनी रहती है, दर्द भी होता है। कृपया कोई उपाय बताएं जिससे मुझे इससे राहत मिल सके।**

**-जतिन, बिलासपुर**

यह समस्या काफी लोगों में देखी जाती है। जब मौसम चेंज होता है सर्दी, जुकाम और खराश जैसी समस्या शुरू हो जाती है। इससे बचने के लिए आप सुबह-शाम गर्म पानी से गरारा करें। इसके साथ ही अपनी इम्यूनिटी बढ़ाने के लिए विटामिन सी यानी खट्टे फल जरूर खाएं। अब आप फ्रिज में रखी कोई भी ठंडी चीज बिल्कुल ना खाएं।

**मेरी उम्र 56 वर्ष है। मेरे पैर अकसर सुन्न हो जाते हैं। इसमें कोई संसेशन नहीं होता। कई बार इस वजह से चलने-फिरने में लड़खड़ाहट होती है। कृपया मेरी इस समस्या का निदान बताएं।**

**-सुरेश चंद्र, महेंद्रगढ़**

आपको जल्द से जल्द किसी न्यूरोलॉजिस्ट से संपर्क कर लेना चाहिए और जांच करानी चाहिए, क्योंकि यह समस्या कई बार न्यूरो से जुड़ी होती है, जो धीरे-धीरे बढ़ती जाती है। बगैर जांच कराए ओवर द काउंटर किसी तरह की कोई दवा ना खाएं। *

**प्रस्तुतिः रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**

एडवाइस


डॉ. कोमल चावला
प्रोफेसर-साइकोलॉजी डिपार्टमेंट
ब्रिटिश यूनिवर्सिटी, बहरीन


स्पेशलः वर्ल्ड मेंटल हेल्थ डे, 10 अक्टूबर

वर्तमान डिजिटलाइजेशन और भाग-दौड़ भरी जीवनशैली के दौर में बेशुमार सुविधाओं के बावजूद हममें से अधिकतर लोग मेंटल प्रॉब्लम्स का सामना कर रहे हैं। इनमें तनाव, घबराहट, उदासी, निराशा, अकेलापन, किसी काम में मन न लगना, एंग्जायटी, अवसाद जैसी मानसिक समस्याएं कॉमन हैं। चिंताजनक बात यह है कि इन समस्याओं से हर उम्र के लोग ग्रसित हो रहे हैं। ऐसे में सभी की मेंटल हेल्थ पर ध्यान देने की जरूरत है।

# सभी के लिए जरूरी है मेंटली हेल्दी रहना







डब्ल्यूएचओ के हिसाब से 2019 में दुनिया में हर आठ में से एक व्यक्ति मानसिक बीमारी से ग्रस्त पाया गया। मानसिक रूप से बीमार लोगों की संख्या 970 मिलियन थी। कोरोना काल में एंग्जाइटी के 26 फीसदी और डिप्रेशन के 28 फीसदी मरीज बढ़ गए। दुनिया भर में कुल मानसिक बीमारियों के शिकार लोगों में भारत के 15 फीसदी लोग शामिल हैं। भारत की 7.5 फीसदी आबादी किसी न किसी मानसिक समस्या से जूझ रही है। यानी हर आयु-वर्ग में मानसिक समस्याएं बढ़ रही हैं। इसलिए इनका अलग-अलग समाधान खोजना आवश्यक है।

## बाल्यावस्था (0-12 साल)

यह वह उम्र है, जब बच्चा इमोशनल रेगुलेशन यानी भावनाओं को समझना और उन्हें मैनेज करना सीखता है। बचपन में सबसे बड़ा चैलेंज-बच्चे को जब गुस्सा आता है या वह निराश होता है तो उसे पता नहीं होता कि इसको कैसे व्यक्त किया जाए?

**क्या करें**: अगर बच्चों को अपने इमोशंस को पहचानना और व्यक्त करना सिखा दिया जाए, तो वे बड़े होकर बेहतर कम्यूनिकेटर बनते हैं। रिश्तों में कम तनाव महसूस करते हैं। मेंटल हेल्थ इश्यूज जैसे एंग्जायटी, डिप्रेशन से लड़ने में ज्यादा सक्षम होते हैं। पैरेंट्स को बच्चे को यह समझाना चाहिए कि उसका गुस्सा या उदासी रीयल है। लेकिन गुस्से में टॉय तोड़ना सही नहीं है। इसके बजाय उसे गुस्सा आने के कारणों को जानना जरूरी है ताकि आगे वह कंट्रोल कर सके। इससे बच्चा सीखता है कि गुस्से का कारण समझना और उस पर बात करना ज्यादा हेल्दी है।

## किशोरावस्था (13-19 वर्ष)

यह उम्र सबसे नाजुक मोड़ों में से एक है, जब शारीरिक, मानसिक सामाजिक और भावनात्मक बदलाव एक साथ होते हैं। किशोरावस्था एक ऐसा पड़ाव है जिसमें बच्चा बचपन से वयस्कता की ओर



बढ़ रहा होता है। अगर इस दौरान उसे पैरेंट्स का साथ, समझ और स्वीकार्यता मिले, तो वह जीवन भर मजबूत आत्मविश्वास और स्थिर मानसिक स्वास्थ्य लेकर आगे बढ़ता है। इस उम्र में बच्चा यह सोचता है कि वो कौन है, वो किस दिशा में जा रहा है? उसके शरीर में बदलाव हो रहे होते हैं, जिससे वह खुद को दूसरों से अलग महसूस करते हैं, तो उन्हें आत्म-संदेह होने लगता है। जब उसके दोस्त पार्टी में जा रहे हैं और उसको भी पार्टी में चलने के लिए प्रेशर डालते हैं। मन होकर भी वह पैरेंट्स के डर से नहीं जाता। कभी सोशल रिजेक्शन का डर उसे परेशान करता है। यह दबाव कई बार उन्हें नशे, गलत आदतों या खुद को बदलने की कोशिश की ओर धकेल सकता है।

**क्या करें**: पैरेंट्स को अपने बच्चे को क्वालिटी टाइम देना जरूरी है। वे जब कुछ बोलते हैं तो अकसर पैरेंट्स उनकी बात काट देते हैं कि तुम्हें तो कुछ पता ही नहीं है, तुम अभी छोटे हो या तुम्हें समझ नहीं आती है। इससे बच्चे का आत्मविश्वास टूटता है। इसके बजाय पैरेंट्स का यह कहना अधिक प्रभावी होगा कि वो क्या महसूस कर रहा है-वे समझते हैं। बच्चे को यह भरोसा होना चाहिए कि वह अपनी बात बिना जज किए साझा कर सकता है। पैरेंट्स को उसकी बात ध्यान से सुननी चाहिए। बच्चे को यह समझाना चाहिए कि सोशल मीडिया पर दिखने वाली बॉडी जरूरी नहीं परफेक्ट हो। खेल, संगीत, आर्ट, डांस, राइटिंग या कोई भी हॉबी बच्चे को स्वस्थ पहचान बनाने में मदद करती है। जब बच्चा किसी काम में अच्छा महसूस करता है, तो पियर प्रेशर का असर कम हो जाता है।

## युवावस्था (20-35 वर्ष)

इस आयुवर्ग में व्यक्ति अपने करियर, रिलेशनशिप और जीवन की दिशा तय करता है। लेकिन इसी दौर में मानसिक दबाव, उलझनें और कंपेरिजन सबसे ज्यादा होती हैं। अवसरों और चुनौतियों से भरी युवावस्था में मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान न दिया जाए, तो यह तनाव, एंग्जायटी और बर्नआउट की ओर ले जा सकता है। कॉलेज के बाद हर किसी का पहला लक्ष्य मनपसंद अच्छी नौकरी पाना होता है। ऐसा न होने पर व्यक्ति फ्रस्ट्रेशन, आत्म-संदेह और चिंता से जूझने लगता है। दूसरों से कंपेरिजन इसे और कठिन बना देती है। परिवार की अपेक्षाएं भी इसमें तनाव जोड़ देती हैं।




**क्या करें**: अधिकतर युवाओं को वर्कप्लेस पर किसी काम के लिए न कहने में डर लगता है। सोचते हैं कि मना किया तो प्रमोशन में प्रॉब्लम आएगी या रिलेशनशिप टूट जाएगी। लेकिन समय पर न कहना और अपनी बाउंडरीज तय करना सेल्फ-केयर का हिस्सा है। इसे गिल्ट के साथ नहीं, बल्कि सेल्फ-रेस्पेक्ट के साथ अपनाना चाहिए। काम और तनाव से थके हमारे दिमाग और भावनाएं भी रीचार्ज चाहती हैं। ब्रेन फॉग की स्थिति से बचने के लिए जरूरी है-भरपूर आराम और नींद, मेडिटेशन और माइंड-फ्रेमिंग, हॉबीज (संगीत, कला, खेल, पढ़ना आदि) पर ध्यान देना, सोशल कनेक्शन बनाए रखना।

## मिडएजर्स (36-55 वर्ष)

इस उम्र में रिस्पांसिबिलिटी का प्रेशर रहता है। करियर, फैमिली में तालमेल बिठाने में स्ट्रगल होता है, जिससे स्ट्रेस और बर्नआउट बहुत जल्दी होता है। एक ओर व्यक्ति अपने करियर की पीक पर होता है, दूसरी ओर बड़े होते बच्चों को पूरी अटेंशन चाहिए होती है। व्यक्ति आइडेंटिटी क्राइसिस से भी गुजरता है। ऐसे में बर्न आउट की वजह से हर समय थकान रहना, नींद पूरी न होना, काम के प्रति उत्साह न होना, चिड़चिड़ापन और छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा आना, लगातार तनावपूर्ण विचार आ सकते हैं।

**क्या करें**: जरूरी है कि मिड-लाइफ को सिर्फ स्ट्रगल न मानें, बल्कि इसे एक अवसर समझें, आत्मनिरीक्षण करें। अपनी प्राथमिकताओं को समझें और पर्सनल-प्रोफेशनल लाइफ में बैलेंस बनाकर चलें। किसी चीज में पार्टिसिपेट नहीं कर पा रहे, तो हमें फोमो (फियर ऑफ मिसिंग समथिंग) नहीं होना चाहिए। अपनी बाउंडरीज बनाकर चलें। मी-टाइम को महत्व दें। रोजाना कम से कम 20-30 मिनट अपने लिए समय निकालें और योग, मेडिटेशन, वॉक, हॉबीज को टाइम दें। किसी समस्या को लेकर बच्चों और पार्टनर के साथ खुलकर बात करें ताकि स्ट्रेस कम हो। वर्कप्लेस पर जरूरत पड़ने पर न कहना सीखें। दोस्तों और रिश्तेदारों से जुड़ें। * **प्रस्तुतिः रजनी अरोड़ा**

### ओल्ड एजर्स (60 साल से अधिक उम्र) में मेंटल प्रॉब्लम्स



**इस एज में** असल चुनौती होती है-अकेलेपन, सामाजिक पहचान खोने और जीवन के उद्देश्य के तलाश की। शोध बताते हैं कि लगभग 20 प्रतिशत वरिष्ठ नागरिक डिप्रेशन का शिकार हो जाते हैं। इसमें नींद की समस्या, नकारात्मक विचार, भूख की कमी और सामाजिक दूरी प्रमुख लक्षण होते हैं। रिटायरमेंट के बाद व्यक्ति को लगता है कि उनका समाज में कोई रोल नहीं रहा। ऑफिस, सहकर्मी और व्यस्त जीवन का हिस्सा न रहने से खालीपन और बेकारपन महसूस होता है। बच्चे और पोते-पोतियां अपनी पढ़ाई, करियर और जीवन में व्यस्त हो जाते हैं। बुजुर्गों को लगता है कि अब उनके लिए किसी के पास टाइम या जरूरत नहीं है। समय के साथ पैरेंटिंग स्टाइल में आया बदलाव कई बार ग्रैंड-पैरेंट्स और पैरेंट्स के बीच सोच का टकराव का कारण बनता है।

**क्या करें**: युवाओं को बुजुर्गों से जुड़ने की पहल करनी चाहिए। साथ बैठना, कहानियां सुनना, उनके अनुभवों को महत्व देना मानसिक स्वास्थ्य को मजबूत बनाता है। अगर बुजुर्ग स्मार्टफोन या डिजिटल टूल्स सीख लें तो उनका सामाजिक दायरा बढ़ सकता है। ऑनलाइन ग्रुप्स से जुड़कर वे अपना अकेलापन काफी हद तक कम कर सकते हैं। मेडिटेशन और हल्की एक्सरसाइज, हॉबीज (पेंटिंग, गार्डनिंग, रीडिंग) गतिविधियां करवानी चाहिए।

हर्बल जोन

रेखा देशराज

# शुगर फ्री स्टीविया के फायदे

एक हर्बल पौधा है स्टीविया, जिसकी पत्तियों में प्राकृतिक मिठास देने वाला यौगिक स्टीवियोसाइड होता है, जो साधारण चीनी से 200 से 300 गुना ज्यादा मिठास से भरा होता है। इसकी खासियत यह होती है कि इसमें कैलोरी नगण्य होती है। यह पौधा मूलतः दक्षिण अमेरिका के पैरागवे और ब्राजील का निवासी है। वहां आदिवासी सदियों से इससे मीठे पेय पदार्थ बनाने में इस्तेमाल करते रहे हैं। क्योंकि पौधे से बनी चीनी में कैलोरी नहीं होती, इसलिए आजकल स्टीविया शुगर यानी शुगर फ्री स्वीटनर की मांग बहुत ज्यादा बढ़ गई। भारत को चूंकि दुनिया की शुगर कैपिटल कहा जाता है, इसलिए भारत में इस स्टीविया शुगर की मांग भी बहुत ज्यादा है। स्टीविया हर्बल हमारे रोजमर्रा के जीवन में चीनी के विकल्प के रूप में उन लोगों द्वारा धड़ल्ले से



यूज की जाती है, जो लोग खासतौर पर शुगर फ्री और हेल्दी डाइट के नियम पर चलते हैं। इसलिए स्टीविया हर्बल से बनी शुगर ऐसे लोग चाय, कॉफी, जूस, शर्बत और स्मूदी में इस्तेमाल करते हैं। बेकरी आइटम जैसे केक और कुकीज भी स्टीविया शुगर से बनाए जाते हैं, क्योंकि यह ब्लड शुगर लेबल को नहीं बढ़ाती, इसलिए स्टीविया शुगर की मांग डायबिटीज पीड़ित लोगों के बीच अच्छी खासी है। यह स्टीविया शुगर न केवल डायबिटीज मरीजों की पहली पसंद है बल्कि जो लोग अपना वजन घटाना चाहते हैं, उनके लिए भी यह रामबाण है। आमतौर पर परंपरिक चीनी खाने से दांतों में कैविटी की समस्या हो जाती है। इसलिए आजकल दांतों की सुरक्षा के लिए स्टीविया का इस्तेमाल टूथ पेस्ट और माउथ वॉश में भी होता है। तमाम तरह के स्वास्थ्य पेय और हेल्थ सप्लीमेंट्स भी स्टीविया की मदद से बनते हैं। लब्बोलुआब है कि स्टीविया एक हेल्दी स्वीटनर के तौर पर उभर रहा है। *

डाइट सजेशन

डॉ. अदिति शर्मा
कंसल्टेंट-डाइटीशियन, दिल्ली

हमारे खान-पान का मेंटल हेल्थ से बहुत करीबी रिश्ता होता है। अगर आप अपनी डाइट का पूरा ध्यान रखें, उसमें कुछ सुपर फूड्स को शामिल करें तो स्वयं को मानसिक रूप से हमेशा हेल्दी, एक्टिव और एनर्जेटिक महसूस करेंगे।

# डाइट में लें ये सुपर फूड्स मेंटली रहेंगी हेल्दी




आज की अति व्यस्त दिनचर्या की वजह से अधिकांश लोगों का शारीरिक ही नहीं, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य भी प्रभावित होता है। अगर हम शुरू से ही अपने खान-पान पर ध्यान दें, तो इससे हमारा मस्तिष्क स्वस्थ और सक्रिय बना रहेगा। आइए जानते हैं कुछ ऐसे सुपर फूड्स के बारे में, जो हमारे ब्रेन की सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं।

**हरी पत्तेदार सब्जियां**: पालक, मेथी और बथुआ जैसी हरी पत्तेदार सब्जियों में फॉलेट नामक पोषक तत्व पाया जाता है, जो डिप्रेशन को दूर करने में मददगार होता है। इसके अलावा हरी सब्जियों में बीटा कैरोटिन, ल्यूटिन, विटामिन-के जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो ब्रेन की कोशिकाओं को मजबूत बनाते हैं। हरी पत्तेदार सब्जियों में एंटी ऑक्सीडेंट्स भी पाए जाते हैं, जो दिमागी थकान को दूर करने में सहायक होते हैं। इसके अलावा टमाटर में लाइकोपिन होता है, जो ब्रेन को स्वस्थ बनाए रखने में मददगार होता है।



**ब्लू बेरी**: जामुन प्रजाति के इस फल में एंथोसायनिन नामक एंटीऑक्सीडेंट तत्व पाया जाता है, जो ब्रेन के न्यूरॉन्स की एजिंग की प्रक्रिया को धीमा करता है और एकाग्रता की क्षमता को बढ़ाने में मददगार होता है। यह स्मरण शक्ति को मजबूत बनाता है। इसके नियमित सेवन से तनाव दूर होता है और खुशी का एहसास होता है। इसी तरह स्ट्रॉबेरी और रास्पबेरी विटमिन-सी से भरपूर होते हैं और ये खुशी पैदा करने वाले हॉर्मोन सेरोटोनिन का लेवल बढ़ाने में मददगार होते हैं।



**ओट्स**: यह ब्रेन को फायदा पहुंचाने वाला सुपर फूड है। इसमें बीटा ग्लूकॉन फाइबर होता है, जो ब्रेन को लगातार एनर्जी देता है और थकान दूर करता है। सुबह के नाश्ते में ओट्स लेने से दिन भर काम करने की एकाग्रता बनी रहती है। इसमें ट्रिप्टोफैन नामक तत्व पाया जाता है, जो ब्रेन से सेरोटोनिन का सिक्रीशन बढ़ाता है, जो हमें खुशी का एहसास दिलाता है।

**फिश**: अगर आप नॉनवेजीटेरियन हैं, तो मछली का सेवन आपके ब्रेन को स्वस्थ और सक्रिय बनाए रखता है। इसमें मौजूद ओमेगा-3 फैटी एसिड ब्रेन के न्यूरॉन्स की झिल्लियों को मजबूत बनाता है और ब्रेन के नर्व्स के सूजन को कम करता है। यह तत्व डिप्रेशन और एंग्जायटी से लड़ने में भी मददगार होता है। सप्ताह में दो बार मछली का सेवन ब्रेन को एक्टिव बनाता है।

**सीड्स और नट्स**: अगर आप स्ट्रेस फील करते हैं, तो चिया सीड्स या फ्लैक्स सीड्स का सेवन करें। ये चीजें मूड स्विंग को नियंत्रित करती हैं और ब्रेन को ऊर्जावान बनाए रखती हैं। बादाम, अखरोट, कद्दू और सूरजमुखी के बीज मैग्नीशियम और जिंक से भरपूर होते हैं। मैग्नीशियम, नर्वस सिस्टम को सही ढंग से संचालित करता और बेहतर नींद लाने में मददगार होता है। अखरोट में ओमेगा-3 होता है, जो ब्रेन को सक्रिय रखता है। रोजाना मुट्ठी भर नट्स खाने से तनाव दूर होता है और ब्रेन को एनर्जी मिलती है। कद्दू के बीज में ट्रेप्टोफैन नामक तत्व पाया जाता है, जो खुशी का एहसास दिलाता है।

**डार्क चॉकलेट**: इसमें फ्लेवोनॉयड्स होते हैं, जो ब्रेन में ब्लड फ्लो बढ़ाते हैं और एंडोर्फिंस नामक हैप्पीनेस हार्मोन रिलीज करते हैं। अपने लिए 70 प्रतिशत कोको वाली चॉकलेट का चुनाव करें, उसमें मौजूद मैग्नीशियम ब्रेन की सेहत के लिए फायदेमंद साबित होता है। इससे एंग्जायटी और स्ट्रेस में कमी आती है।

**केला**: यह विटामिन बी-6 और पोटेशियम से भरपूर होता है। इसमें मौजूद विटमिन बी-6, सेरोटोनिन और डोपामाइन नामक हैप्पीनेस हॉर्मोन के सिक्रीशन में मददगार होता है। ये हॉर्मोंस ब्रेन को एक्टिव बनाने के साथ खुशी का भी एहसास दिलाते हैं।

अगर आप अपनी नियमित डाइट में यहां बताई गई इन चीजों को प्रमुखता से शामिल करेंगे तो आप मानसिक रूप से हमेशा स्वस्थ और प्रसन्न रहेंगे। *

**प्रस्तुतिः विनीता**



# द. अफ्रीका के खिलाफ भारतीय शीर्षक्रम बल्लेबाजों को करना होगा बेहतर प्रदर्शन

एजेंसी ▶▶| विशाखापत्तनम

भारत के शीर्षक्रम के बल्लेबाजों को आत्मविश्वास से ओतप्रोत दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आईसीसी महिला विश्व कप के मैच में गुरुवार को बेहतर प्रदर्शन करना होगा। भारत अंकतालिका में दूसरे स्थान पर है लेकिन अगर आस्ट्रेलिया बुधवार को कोलंबो में पाकिस्तान को हरा देती है तो भारत तीसरे स्थान पर खिसक जाएगा।

भारत ने भले ही पिछले दोनों मैच जीते हों लेकिन स्मृति मंधाना, कप्तान हरमनप्रीत कौर और जेमिमा रौड्रिग्स के बल्लों से रन नहीं निकलना चिंता का विषय है। तीनों श्रीलंका के खिलाफ नाकाम रहीं थी, जिसके बाद हरलीन देयोल, अमनजोत कौर , रिचा घोष और दीप्ति शर्मा ने टीम को संकट से निकाला। श्रीलंका के खिलाफ भारत ने छह विकेट 124 रन पर और पाकिस्तान के खिलाफ पांच विकेट 159 रन पर गंवा दिए थे। निचले क्रम के बल्लेबाजों का योगदान नहीं होता तो भारत की स्थिति खराब हो सकती थी।

### मंधाना, हरमनप्रीत और जेमिमा के प्रदर्शन पर होगी नजर

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हालांकि इस तरह की गलती नहीं की जा सकती और शीर्षक्रम के बल्लेबाजों को बेहतर प्रदर्शन करना ही होगा। अगर नतीजा भारत के पक्ष में नहीं रहता तो अंकतालिका में स्थिति खराब होने के अलावा पिछले चैंपियन आस्ट्रेलिया के खिलाफ 12 अक्टूबर को होने वाले मुकाबले में भी टीम पर दबाव रहेगा। भारतीय टीम प्रबंधन हालांकि सकारात्मक पहलू देखना चाहेगा कि स्टार बल्लेबाजों के नहीं चलने पर भी जीत टीम की गहराई को दिखाती है। लेकिन उन्हें यह स्वीकार करना होगा कि मंधाना, हरमनप्रीत और जेमिमा का बल्ला दक्षिण अफ्रीका या आस्ट्रेलिया जैसे दिग्गजों के खिलाफ खामोश रहा तो यह निर्णायक साबित हो सकता है।

### महिला क्रिकेट विश्व कप : हरमनप्रीत और लौरा की टीमों के बीच मुकाबला आज दोपहर 3 बजे से



### गेंदबाजों ने अभी तक किया अच्छा प्रदर्शन

दूसरी ओर गेंदबाजों ने अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्हें यह भी देखना होगा कि एसीए-वीडीसीए स्टेडियम की पिच गुवाहाटी या कोलंबो की तरह नहीं है। दीप्ति शर्मा अभी तक छह विकेट ले चुकी है, जिन्हें साथी स्पिनरों स्नेह राणा और श्री चरणी से अच्छा सहयोग मिला। तेज गेंदबाज क्रांति गौड़ भी प्रभावी रही है। बीमारी के कारण पाकिस्तान के खिलाफ मैच से बाहर रही तेज गेंदबाज हरफनमौला अमनजोत कौर की फिटनेस पर भी नजरें होंगी । फिट होने पर वह टीम में रेणुका सिंह ठाकुर की जगह लेंगी।

### दक्षिण अफ्रीका ने की वापसी

दक्षिण अफ्रीका ने पिछले मैच में न्यूजीलैंड को छह विकेट से हराकर वापसी की। वहले मैच में इंग्लैंड के खिलाफ 69 रन पर सिमटने के बाद टीम दस विकेट से हार गई थी। शतक जमाने वाली तजमीन ब्रिट्ज और भरोसेमंद सुने लूस के अलावा कप्तान लौरा वोल्वार्ट, मरियाने काप और एलेके बॉश से भी अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी। गेंदबाजी में नोंकु एमलाबा, अयाबोंगा खाका, काप, मसाबाता क्लास और क्लो ट्रायॉन पर नजरें रहेंगी ।

#### टीमें इस प्रकार

**भारत** : हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, प्रतिका रावल, हरलीन देयोल, जेमिमा रौड्रिग्स, रिचा घोष, उमा छेत्री, रेणुका सिंह ठाकुर, दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, श्री चरणी, राधा यादव, अमनजोत कौर, अरुंधति रेड्डी, क्रांति गौड़

**द.अफ्रीका** : लौरा वोलवार्ट (कप्तान), अयाबोंगा खाका, क्लो ट्रायॉन, नादिन डी क्लर्क, मरियाने काप, तजमिन ब्रिट्स, सिनालो जाफ्ता, नॉनकुलुलेको एमलाबा, एनेरी डर्कसन, एनेके बॉश, मसाबाता क्लास, सुने लूस, काराबो मेसो, तुमी सेखुखुने, नोंदुमिसो शांगासे।

## खबर संक्षेप



### एशियाई कप क्वालीफायर में सिंगापुर से भिड़ेगा भारत

**सिंगापुर।** राष्ट्रीय शिविर के पहले भाग में कई खिलाड़ियों की अनुपस्थित से तैयारी में आई बाधा के बीच भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम गुरुवार को एएफसी एशियाई कप क्वालीफाइंग के तीसरे दौर के महत्वपूर्ण मैच में सिंगापुर से भिड़ेगी। अगस्त-सितंबर में सीएएफए नेशंस कप के लिए आराम दिए जाने के बाद करिश्माई खिलाड़ी सुनील छेत्री की टीम में वापसी हुई है लेकिन खालिद जमील की पूरी टीम ने इतने महत्वपूर्ण मैच के लिए मुश्किल से एक हफ्ते ही एक साथ ट्रेनिंग की है। भारत चार टीम के ग्रुप सी में सबसे निचले पायदान पर है। टीम के शुरुआती दो मैच में सिर्फ एक अंक है। भारतीय टीम ने बांग्लादेश के खिलाफ गोल रहित ड्रॉ खेला जबकि हांगकांग के खिलाफ उसे 0-1 से हार का सामना करना पड़ा। सिंगापुर अभी दो मैच में चार अंक के साथ ग्रुप में शीर्ष पर है।

### वेस्टइंडीज क्रिकेट का पतन बरसों पहले हुआ शुरू : सैमी


**नई दिल्ली।** पूर्व कप्तान डेरेन सैमी ने कहा कि वेस्टइंडीज में टेस्ट क्रिकेट का पतन व्यवस्था का 'कैंसर' है, जिसकी शुरुआत काफी पहले हो गई थी। दो बार के टी20 विश्व कप विजेता कप्तान का मानना है कि प्रदर्शन के दम पर अगली पीढ़ी के लिए



छोटे प्रारुप के कई रोल मॉडल है और संसाधन उपलब्ध होने पर ही वे खेल सकते हैं। यह पूछने पर कि वेस्टइंडीज में टेस्ट क्रिकेट में क्या दिक्कत है और उन्हें इसे लेकर कैसा महसूस होता है, सैमी ने कहा,'आखिरी बार हमने यहां टेस्ट श्रृंखला 1983 में जीती थी जब मैं पैदा हुआ था।' वेस्टइंडीज ने पिछले 42 साल में भारत में टेस्ट श्रृंखला नहीं जीती है। सैमी ने कहा, 'मुझे पता है कि मुझ पर नजरें होंगी। हम आलोचना से कतराते नहीं हैं लेकिन समस्या की जड़ दो साल पुरानी नहीं है। यह बहुत पहले शुरू हो गया था।' उन्होंने कहा 'यह कैंसर की तरह है, जो व्यवस्था में पहले से था। अगर आपको कैंसर नहीं होता, तो आपको पता है कि क्या होता है।

### बल्लेबाजों की मददगार होगी जेटली स्टेडियम की पिच

**नई दिल्ली।** भारत और वेस्टइंडीज के बीच अरुण जेटली स्टेडियम पर होने वाले दूसरे और आखिरी टेस्ट में पहले दो दिन पिच बल्लेबाजों की मददगार रहने की उम्मीद है और तीसरे दिन से इस पर टर्न मिल सकता है।



आम तौर पर कोटला की काली मिट्टी की पिच बल्लेबाजों की मददगार रहती है लेकिन बाद में धीरे धीरे स्पिनरों को मदद मिलने लगती है। इस टेस्ट के लिये ताजा पिच तैयार की गई है और शुरुआत में बल्लेबाजों का दबदबा रह सकता है। बीसीसीआई के एक सूत्र ने बताया,' मुख्य पिच टेस्ट के लिए तैयार की गई है। यह उस पिच से अलग है, जिस पर स्मृति मंधाना ने 50 गेंदों में शतक बनाया था।'

### शंघाई मास्टर्स : अंतिम आठ में पहुंचने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बने नोवाक

# गर्मी से परेशान जोकोविच बैठे बीच कोर्ट पर, संघर्ष के बाद क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

एजेंसी ▶▶| शंघाई

सर्बिया के धुरंधर टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच को शंघाई मास्टर्स में गर्मी और उमस के बीच दूसरा सेट गंवाने के बाद चिकित्सा सहायता लेनी पड़ी लेकिन उन्होंने जल्दी ही वापसी करते हुए जाउमी मुनार को 6-3, 5-7, 6-2 से मात दी। दूसरा सेट गंवाने के बाद जोकोविच पीठ के बल लेट गए और अपनी आंखों पर हाथ रख लिया। बाद में वह धीरे से उठे और दोनों पैरों के बीच सिर दबाकर बैठ गए। उन्हें एक ट्रेनर उनकी कुर्सी तक लेकर आया। अड़तीस वर्ष के जोकोविच ने कोर्ट पर इंटरव्यू भी नहीं दिया।

### नजरें रिकॉर्ड 41वें मास्टर्स खिताब पर

बाद में एक्स पर लिखा,'बेहद कठिन दिन। शारीरिक रूप से काफी चुनौतीपूर्ण।' इस जीत के साथ वह एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट में अंतिम आठ में पहुंचने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए। उनकी नजरें रिकॉर्ड 41वें मास्टर्स खिताब पर है। अब उनका सामना बेल्जियम के जिजोउ बर्ग्स से होगा। दसवीं वरीयता प्राप्त होल्गर रूने ने फ्रांस के जियोवान्नि एमपेत्शी पेरीकार्ड को 6- 4, 6-7, 6-3 से हराया।

### जाउमी मुनार को 6-3, 5-7, 6-2 से मात दी



### वुहान ओपन : तीसरे दौर में पहुंची जेसिका

**वुहान।** छठी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला ने अमेरिका की ही हेली बापटिस्टे को 6-4, 4-6, 7-6 से हराकर वुहान ओपन टेनिस के तीसरे दौर में जगह बना ली। पिछले सप्ताह चाइना ओपन के सेमीफाइनल में हारने वाली पेगुला का सामना अब नौवी वरीयता प्राप्त एकातेरिना अलेक्जेंड्रोवा से होगा, जिन्होंने अमेरिका की अन ली को 7-6, 6-2 से मात दी। क्वालीफायर कैटरीना सिनियाकोवा ने माया जॉइंट को 6-3, 6-1 से हराया।





### फेनेस्टा ओपन टेनिस के प्री क्वार्टर फाइनल में पार्थसारथी, आकांक्षा और रिद्धि

**नई दिल्ली।** शीर्ष वरीय पार्थसारथी अर्जुन मुंधे, आकांक्षा घोष और रिद्धि शिंदे ने अपना विजयी अभियान जारी रखते हुए फेनेस्टा ओपन राष्ट्रीय टेनिस चैंपियनशिप के लड़कियों के अंडर-16 एकल वर्ग के प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। पार्थसारिथी ने स्वानिका रॉय को 9-2 से हराया जबकि तीसरी वरीय आकांक्षा ने कीर्तमा रंगिनेनी को 9-2 से शिकस्त दी। रिद्धि ने उलटफेर करते हुए छठी वरीय आशी कश्यप की सर्विस चार बार तोड़ते हुए 9-4 से जीत दर्ज करके अंतिम 16 में जगह बनाई। लड़कियों के अंडर-14 वर्ग में अनिहा गेविनोला ने सातवीं वरीय इशिता श्रीयाला को 9-5 से हराकर उलटफेर किया जबकि शीर्ष वरीय पद्मा रमेशकुमार ने शुभी शर्मा को 9-3 से हराकर प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। लड़कों के अंडर-16 वर्ग में शीर्ष वरीय प्रकाश सारन ने सक्षम बंसल को 9-8 से हराया जबकि आठवें वरीय तवीश पाहवा ने पुनीत एम को 9-5 से हराकर अंतिम 16 में प्रवेश किया।

### आईसीसी टेस्ट रैंकिंग

# जडेजा ने लगाई छह पाएदान की छलांग, सर्वश्रेष्ठ स्थान पर पहुंचे



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वेस्टइंडीज के खिलाफ अहमदाबाद टेस्ट में 104 रन की नाबाद पारी खेलने वाले भारतीय ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा आईसीसी पुरुष टेस्ट बल्लेबाजों की रैंकिंग में अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ 25वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

जडेजा ने छह पायदान की छलांग लगाई है। 36 वर्षीय जडेजा की इससे पहले टेस्ट में सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग 29 थी, जो उन्होंने इसी साल जुलाई में हासिल की थी। न सिर्फ बल्ले, बल्कि रवींद्र जडेजा ने वेस्टइंडीज के खिलाफ गेंद से भी सभी को प्रभावित किया है। उन्होंने वेस्टइंडीज की दूसरी पारी में 4 विकेट हासिल किए। शानदार प्रदर्शन के चलते जडेजा को 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया। वह ऑलराउंडर की सूची में शीर्ष पर बने हुए हैं।

### चार पायदान ऊपर चढ़े राहुल

केएल राहुल चार पायदान ऊपर चढ़कर 35वें स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि अपना पहला टेस्ट शतक लगाने के बाद ध्रुव जुरेल 20 पायदान ऊपर चढ़कर 65वें स्थान पर आ गए। इस बीच, बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव वेस्टइंडीज के खिलाफ कुल चार विकेट लेकर सात पायदान ऊपर चढ़कर 21वें स्थान पर पहुंच गए हैं। दूसरी ओर, आईसीसी पुरुष टी20 अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी रैंकिंग में ऑस्ट्रेलियाई कप्तान मिचेल मार्श फरवरी 2024 के बाद पहली बार बल्लेबाजी सूची में टॉप-10 में वापस आ गए हैं।

### सिराज 3 पायदान ऊपर चढ़कर 12वें स्थान पर पहुंचे

दूसरी ओर, वेस्टइंडीज के विरुद्ध पहली पारी में 4 और दूसरी पारी में 3 विकेट हासिल करने वाले मोहम्मद सिराज गेंदबाजों की सूची में 3 पायदान ऊपर चढ़कर 12वें स्थान पर पहुंच गए हैं। उन्होंने पहली बार 700 रेटिंग अंकों को पार किया है। इस टेस्ट मैच के साथ अपनी रैंकिंग सुधारने वाले अन्य खिलाड़ियों में केएल राहुल और ध्रुव जुरेल शामिल हैं, जिन्होंने शतकीय पारियों के बाद बल्लेबाजी रैंकिंग में तरक्की की है।

# भारतीय अंडर-19 टीम का जलवा, ऑस्ट्रेलिया को दूसरे टेस्ट में हराया, सीरीज की क्लीन स्वीप

एजेंसी ▶▶| मैके

भारत की अंडर 19 टीम ने दूसरे और आखिरी युवा टेस्ट में आस्ट्रेलिया की अंडर 19 टीम को सात विकेट से हराकर श्रृंखला 2.0 से जीत ली। अपने कल के स्कोर सात विकेट पर 114 रन से आगे खेलते हुए भारतीय अंडर 19 टीम 171 रन पर आउट हो गई और पहली पारी में 36 रन की बढ़त हासिल की।

मेजबान टीम दूसरी पारी में 119 रन ही बना सकी और भारत को 81 रन का लक्ष्य मिला। सलामी बल्लेबाज आयुष म्हात्रे और वैभव सूर्यवंशी जल्दी आउट हो गए लेकिन भारत ने लक्ष्य 12.2 ओवर में हासिल कर लिया। कठिन पिच पर अति आक्रामक



■ युवा टीम ने जीत के साथ किया ऑस्ट्रेलिया दौरे का समापन, तीन वनडे और एक टेस्ट रहा में विनर

होने का खामियाजा सूर्यवंशी और म्हात्रे को भुगतना पड़ा।

### भारतीय गेंदबाजों का रहा कहर

इससे पहले आस्ट्रेलिया की अंडर 19 टीम भारतीय गेंदबाजों का सामना नहीं कर सकी। तेज गेंदबाज हेनिल पटेल ने साइमन बज और जेड होलिक को लगातार गेंदों पर आउट किया। मेजबान टीम का स्कोर दो ओवर के बाद दो विकेट था और स्कोर बोर्ड पर एक भी रन नहीं था। इसके बाद से टीम दबाव से उबर नहीं सकी। भारत ने पहला युवा टेस्ट और तीन युवा वनडे भी जीते थे।

### *हमारे जीतने से चिंतित होंगी विरोधी टीमें : जेमिमा*

**विशाखापत्तनम।** मध्यक्रम की बल्लेबाज जेमिमा रौड्रिग्स ने कहा कि विरोधी टीमें यह देखकर चिंतित होंगी कि महिला विश्व कप में अभी तक 'परफेक्ट' खेल नहीं दिखाने के बावजूद भारतीय टीम जीत रही है और नए मैच विजेताओं को देखकर उन्हें खुशी हो रही है। भारतीय टीम पाकिस्तान और श्रीलंका के खिलाफ शुरुआती झटकों से उबरकर निचले क्रम के उम्दा प्रदर्शन के दम पर जीतने में कामयाब रही। जेमिमा ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच से पहले कहा,' विरोधी टीमें यह देखकर चिंता में होंगी कि हमने अभी तक परफेक्ट खेल नहीं दिखाया है लेकिन इसके बावजूद हम जीत रहे हैं। हम उस परफेक्ट मैच का इंतजार कर रहे हैं और इतने लंबे टूर्नामेंट में सही समय पर अच्छा प्रदर्शन करना जरूरी है।'

### रोनाल्डो बने पहले अरबपति फुटबॉलर, मेसी को छोड़ा पीछे

**नई दिल्ली।** फुटबॉल के सुपरस्टार क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने अपने करियर में एक और कीर्तिमान स्थापित किया है। इस बार यह रिकॉर्ड गोल्स या ट्रॉफी के लिए नहीं, बल्कि उनकी बैंक बैलेंस के लिए है। ब्लूमबर्ग बिलियनेयर इंडेक्स के मुताबिक, रोनाल्डो की कुल संपत्ति 1.4 बिलियन यूएस डॉलर (लगभग 11,50,00,00,000 रुपये) आंकी गई है, जिससे वह फुटबॉल के पहले अरबपति खिलाड़ी बन गए हैं। ब्लूमबर्ग ने कहा कि यह पहली बार है जब रोनाल्डो की संपत्ति इस इंडेक्स में शामिल की गई है। इस मूल्यांकन ने उन्हें विश्व फुटबॉल का सबसे अधिक कमाई करने वाला खिलाड़ी बना दिया। इस मामले में उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी लियोनेल मेसी को काफी पीछे छोड़ दिया।


**MUNICIPAL CORPORATION BHILAI**

**E-Procurement Tender Notice, Main Portal: https://eproc.cgstate.gov.in**

**J.P./N.P.N./246/260** **Bhilai/Dated: 03/10/2025**

Online tender are invited on behalf of the Municipal Corporation, Bhilai for the following work in Form ""A" for Contract from the contractors registered in unified registration (Single window) in force on Go CG e-Procurement System portal (https://eproc.cgstate.gov.in)

| Sr. no | Tender no | Name of work | Probable amount of contract (in lacs) | Earnest money (in lacs) | Completion period | निविदा जारी दिनांक | निविदा डाऊनलोड की अंतिम दिनांक | Call | Form |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 177063 | निगम के जलकार्य विभाग हेतु कुशल अर्द्धकुशल एवं अकुशल श्रमिक उपलब्ध कराने का कार्य। | 156.08 lacs | 1.17 lacs | 12 month | 03/10/2025 | 21/10/2025 | Second call | Form A |

**NOTE:** 1 For other details visit Gov e-Procurement System portal website (https://eproc.cgstate.gov.in) 2 orrigendum Amendment If any, will be displayed on above website https://eproc.cgstate.gov.in/only and it shall be part of tender document. 3. For more details please download NIT. Details.

**Executive Engineer**
**Municipal Corporation**



**पश्चिम मध्य रेल**

**खुली निविदा विद्युत(सामान्य शाखा)**

मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत सामान्य) पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर भारत संघ के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्न लिखित कार्यो हेतु आवेदन निर्धारित निविदा फार्म पर खुली निविदा आमंत्रित करता है। **निविदा सूचना कमांक.:** निविदा सूचना क: जबल/एल/टी नं 21/2025R दिनांक 03. 10.2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहित:** जबलपुर संभाग में विद्युत कार्य (i) जबलपुर संभाग में प्रीपेड मीटर सहित एलटी सप्लाई पैनल के प्रतिस्थापन के साथ अष्टकोणीय पोल, हाईमास्ट प्रदान करके प्रकाश व्यवस्था में सुधार (ii) विद्युत आपूर्ति भूमिगत केवल का उन्नयन (iii) जबलपुर मे सबस्टेशन का संशोधन उन्नयन, **निविदा का अनुमानित मूल्य (कीमत लाखो में): Rs.** 29929483.45, **निविदा फार्म की कीमत (रुपये में):** 0.00/–, **कार्यलय का पता जहां टेन्डर फार्म खरीदा जा सकता है:** वरि. मंडल विद्युत अभियंता/सामान्य/जबलपुर, **बयाना राशि रुपये : Rs.** 299700.00, **समापन अवधि (माह/वर्ष):** 12 माह, **निविदा जमा करने की तिथि एवं समय (15.00 बजे तक):** 27.10.2025, **निविदा खुलने की तिथि एवं समय (15.30 बजे तक):** 27.10. 2025, निविदा सूचना की पूर्ण जानकारी रेलवे वेवसाईट www.ireps.gov.in. पर उपलब्ध है। पूर्ण निविदा प्रपत्र उक्त वेबसाईट से डाउन लोड की जा सकती है।

हस्ता.
वरि. मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य)
पश्चिम मध्य रेलवे,जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर



**पश्चिम मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**
**विद्युत विभाग (कर्षण–वितरण शाखा) जबलपुर**
**एन.आई.टी नं. जबल–टीआरडी–निविदा–2024–20R**
**दिनांक: 06.10.2025**

वरि. मंडल विद्युत इंजीनियर/कर्षण–वितरण/पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर भारत संघ के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य करने के लिए अनुभवी ठेकेदारों से मुहरबंद निविदायें आमंत्रित करते हैं। ठेकेदारों के पास राज्य सरकार द्वारा जारी विद्युतीय लायसेन्स (फर्म के नाम से या फर्म के किसी पार्टनर के नाम से या स्वयं के नाम में यदि सोल प्रोपराइटर हों) आई.ई.नियम 1956 के अनुसार होना चाहिए। **कार्य का नाम:** जबलपुर मंडल के जबलपुर– कटनी सेक्शन में किमी 1078/0–1 पर एलसी नंबर–355ए के बदले आरओबी के लिए टीआरडी ओएचई कार्य।, **कार्य स्थल:** जबलपुर मण्डल।, **कार्य की अवधि:** 9 माह, **कार्य की कीमत (टेंडर वेल्यू):** रुपये 24,88,085.45/–(रुपये चौबीस लाख अट्ठासी हजार पचासी एवं पैंतालीस पैसे मात्र), **बयाना राशि:** रूपये–49,800.00/–, **निविदा जमा करने/खुलने की अंतिम तिथि एवं समय:** 28.10.2025 15:00 बजे/28.10.2025 15:30 बजे, **निविदा सूचना की पूर्ण जानकारी रेल्वे बेवसाईट:** https://www.ireps.gov.in. निविदाकर्ता अपनी निविदाऐं आई आर ई पी एस की माध्यम से https://www.ireps.gov.in पर ऑन लाइन निविदा करें। निविदाकताओं से अनुरोध है कि वे समय समय पर बदलाव व शुद्धि पत्रों हेतु IREPS की व्यवसाइट https://www.ireps.gov.in देखते रहें न्यूनतम पात्रता मान दण्ड टेण्डर फ़ार्म के अनुसार और ज्वांइन्ट वेन्चर व साझेदारी इस निविदा के लिए लागू होगा।

हस्ता.
मंडल विद्युत इंजीनियर कर्षण–वितरण,
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर



**केनरा बैंक** भारत सरकार का उपक्रम **Canara Bank** A Government of India Undertaking
सिंडिकेटबैंक SyndicateBank

**दवाबग्रस्त आस्ति प्रबंधन शाखा**
सी–34, तृतीय तल, डीडीए शॉपिंग कॉम्प्लेक्स
मूलचंद अस्पताल के सामने, डिफेंस कॉलोनी,
नई दिल्ली–110024 फोन: 011–35705069

**ई–नीलामी बिक्री सूचना**

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को और विशेष रूप से ऋणी(यों) व गारंटरों को सूचित किया जाता है, कि प्रतिभूति ऋणदाताओं को बंधक/दृष्टिबंधक/प्रभारित नीचे वर्णित चल/अचल सम्पत्ति, जिस पर केनरा बैंक, के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कब्जा लिया गया है, को "जहां है जैसी है", "जो है कैसी है" और जैसी भी है" के आधार पर नीचे वर्णित दिनांकों को बंधक सम्पत्ति की बिक्री आयोजित की जाएगी। **प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) और 9 के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन धारा अधिनियम 2002 के अधीन** बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए कृपया **https://baanknet.com/** (मैसर्स पीएसबी एलायंस प्राइवेट लिमिटेड),, (सम्पर्क नं. **8291220220**, ईमेल: **Support.BAANKNET@psballiance.com** या केनरा बैंक की वेबसाइट **www.canarabank.com** में दिए गए लिंक "ई–नीलामी" को देखें। आरक्षित मूल्य की **10%** ईएमडी राशि मैसर्स पीएसबी एलायंस प्राइवेट लिमिटेड **https://baanknet.com/** पोर्टल के ई–वॉलेट में सीधे जमा की जानी है या चालान बनाकर उक्त चालान में उल्लिखित खाता विवरण में आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से ईएमडी जमा करना है।

| क्र. सं. | शाखा का नाम / कर्जदार/गारंटर्स/बंधककर्ता का नाम एवं पता | चल/अचल संपत्ति का विवरण और कब्जे की स्थिति | कुल बकाया राशि | a. आरक्षित मूल्य (रु.) b. धरोहर राशि (रु.) c. बोली वृद्धि (रु.) d. बिक्री सूचना की तिथि | ई–नीलामी की तिथि एवं समय (प्रत्येक 5 मिनट की अवधि के असीमित विस्तार के साथ) / ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | प्राधिकृत अधिकारी से पूर्व अपोइंटमेंट लेकर सम्पत्ति का निरीक्षण किया जा सकता है और सम्पर्क व्यक्ति का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एस ए एम शाखा दिल्ली<br>1. मैसर्स योगराज इंफ्रास्ट्रक्चर लि., पंजीकृत कार्यालय और कॉर्पोरेट कार्यालय: बी–63, (बेसमेंट), पश्चिमी मार्ग, वसंत विहार, नई दिल्ली–110057<br>2. मैसर्स योगराज इंफ्रास्ट्रक्चर लि., यूनिटः गांव चावरपाटा, तहसील तेंदूखेड़ा, जिला नरसिंहपुर, एमपी– 487330<br>3. श्री योगेंद्र सिंह (गारंटर), बी–63, (बेसमेंट), पश्चिमी मार्ग, वसंत विहार, नई दिल्ली–110057<br>4. श्रीमती रितु सिंह (गारंटर), बी–63, (बेसमेंट), पश्चिमी मार्ग, वसंत विहार, नई दिल्ली–110057 | 3.61 एकड भूमि साथ में खसरा नं. 226 में शेड बिल्डिंग, जोकि गाँव ग्राम चावरपाठा, तहसील – तेंदूखेड़ा, जिला नरसिंहपुर मध्यप्रदेश–487330 में स्थित, यह सम्पत्ति मैसर्स योगराज इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रा लि. के नाम पर है।<br>भौतिक कब्जे के तहत | रुपये– 19,35,87,61,046.91 दिनांक 30.09.2025 तक प्लस ब्याज एवं लागत इत्यादि | a. 1,26,00,000/-<br>b. 12,60,000/-<br>c. 1,00,000/-<br>d. 08.10.2025 | 24.10.2025 पूर्वा. 11:30 बजे से अपराह्न 01.30 बजे के बीच<br>23.10.2025 अपराह्न 05.00 बजे तक | 22.10.2025 को सुबह 11:30 बजे से दोपहर 3:30 बजे तक। श्री अभिषेक सिंह यादव (मो–9643226844), श्री रजनीश कुमार सहायक महाप्रबंधक (–9557966005) |

दिनांक: 08.10.2025, स्थान : नई दिल्ली प्राधिकृत अधिकारी, केनरा बैंक

पड़ताल

डॉक्टर्स और दवा कंपनी के बीच होती है डील

# 'प्रोपेगेंडा ड्रग' सिर्फ परासिया ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश में फैली

छिंदवाड़ा जिले की परासिया तहसील एक दर्दनाक कहानी की मिसाल बन चुकी है। यहाँ कोई महामारी नहीं फैली, लेकिन एक डॉक्टर और दवा कंपनी की मिलीभगत ने 19 मासूम जिंदगियां छीन लीं।

संजय साहू

**हरिभूमि, जबलपुर।** जिन बच्चों ने अभी स्कूल की दहलीज तक नहीं छुई थी, उनकी किलकारियाँ अब ताबूतों में सिमट चुकी हैं। गाँव की गलियों में सन्नाटा है, हवा में मातम है और हर घर में वही सवाल गूंज रहा है, "हमारे बच्चों का कातिल कौन?" इस सवाल का जवाब जानने हरिभूमि की टीम ने पड़ताल की तो पाया कि 1945 से चल रहे केमिस्ट एंड कास्मेटिक एक्ट में जो लूप होल हैं उसका फायदा दवा कंपनियां उठा रही हैं, यह कंपनियां डॉक्टर्स से सांठगांठ कर 'पीजी' ड्रग का उपयोग धड़ल्ले से कर रही हैं। जिससे मासूमों के साथ बड़ों की जान पर भी निरंतर खतरा मंडरा रहा है।

## अधिकारियों को नहीं रहती जानकारी

पड़ताल में पाया कि पीजी ड्रग के संदर्भ में अधिकारियों के पास कोई जानकारी नहीं होती है। यह दवा सिर्फ कंपनी और डॉक्टर्स के बीच हुए मौखिक करार के रूप में होती है। केमिस्ट जो भी दवा बेचता है, वह डॉक्टर्स के लिखे पर्चे के आधार पर ही होता है। ऐसे में अधिकारियों के हाथ भी बंधे होते हैं, कि वह क्या कार्यवाही करे। वहीं जानकारी के मुताबिक ड्रग कंट्रोलर के पास सभी प्रकार की जानकारी होना अति आवश्यक है।

## एक्ट में होना चाहिए बदलाव

जबलपुर केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के पूर्व सचिव चंद्रेश जैन का कहना है कि दवा बाजार में जो भी दवाई उपलब्ध होती है वह डॉक्टरों की मांग पर निर्भर रहती है। जो प्रोपेगेंडा ड्रग की बात की जा रही है, वह सही है। इस प्रकार की दवाई स्टाकिस्ट के पास आती तो हैं, परंतु कंपनी द्वारा उस दवाई को किसी विशेष हॉस्पिटल या डॉक्टर द्वारा सुझाए गए क्लीनिक में ही जाती है। इसका सबसे बड़ा कारण आजादी के पहले का एक्ट है। दवाओं में जो एक्ट लागू है वह 1945 का जिस पर बदलाव की बहुत आवश्यकता है। वर्ष 2023 में इसे बदलना था। मै स्वयं इसकी समिति का सदस्य रहा, परंतु न जाने क्या कारण रहा कि केन्द्र सरकार इसे नहीं बदल पाई। अगर एक्ट में बदलाव हो जाता तो आज संभवतः 19 मासूमों की जान नहीं जाती।

## ऐसे होता है इंसानियत का सौदा



परासिया सिविल अस्पताल में पदस्थ डॉ. प्रवीण सोनी को बच्चों का भरोसेमंद विशेषज्ञ माना जाता था। लेकिन इसी भरोसे को उन्होंने कमाई का कारोबार बना डाला। हरिभूमि/INH को मिली जानकारी के अनुसार, डॉ. सोनी ने एक फार्मा कंपनी से गुप्त समझौता किया था। कंपनी ने उन्हें कोल्ड्रफ और नेस्त्रों सिरप नामक फार्मूला उपलब्ध कराया जो केवल डॉक्टर के सुझाए केमिस्ट के पास ही मिलता था। यह तथाकथित "प्रोपेगेंडा ड्रग" थी यानी ऐसी दवा जो डॉक्टर और कंपनी के बीच के निजी करार पर चलती है। यही नहीं पूरे मध्यप्रदेश में अनेक अस्पताल और क्लीनिक ऐसे हैं जहां पर इस प्रकार की दवाई का भरपूर उपयोग कर इंसानियत का सौदा किया जाता है।

## काम किसी का नाम किसी का

हरिभूमि की पड़ताल में जो सच सामने आया वह दहलाने वाला था। देखने में आता है कि अनेक बार गलत इंजेक्शन या दवाई से मरीज की मौत हो जाती है और परिजन आरोप लगाते हैं कि डॉक्टर ने सही इलाज नहीं किया या गलत इंजेक्शन लगाया है। ये सब उसी पीजी ड्रग का काम होता है। जिस भी दवा या इंजेक्शन का उपयोग किया जाता है , वह सिर्फ उसी अस्पताल या क्लीनिक में मिलता है, जहां मरीज का इलाज किया जाता है। इस प्रकार के इंजेक्शन और दवा की कीमत बाजार से अलग होती है। अगर उसी फार्मूले का इंजेक्शन बाजार में सौ रुपये में मिल रहा है तो जहां मरीज का इलाज होता है वहां पर उसकी कीमत हजार रुपये तक हो जाती है। पीजी ड्रग का रूप ये होता है इसे बनाता कोई और है और मार्केटिंग कोई और करता है। इसका सीधा रूप यह है कि काम किसी का नाम किसी।

## करोड़ों की हेराफेरी

कहा जा रहा है कि इस पूरे मामले में हर माह करोड़ों रुपये की हेराफेरी होती है। यह पूरा पैसा स्वास्थ्य महकमे से लेकर बड़े-बड़े लोगों और अधिकारियों तक पहुंचता है। वास्तव में 'प्रोपेगेंडा ड्रग' पर अगर सही कार्यवाही हो जाए तो उसके मामले सामने निकलकर आएगें। वहीं सरकार शायद जो इस ड्रग चपेट में आने वाले हैं उनको बचा ले।

## फैक्ट फाइल

- जान से होता खिलवाड़, नहीं लेता कोई सुध
- 'पीजी' ड्रग की जानकारी नहीं होती कंट्रोलर के पास
- 1945 का चल रहा है केमिस्ट एंड कास्मेटिक एक्ट
- एक्ट के लूप होल का फायदा उठा रही कंपनियां

*भोपाल के माधवराव सप्रे स्मृति समाचार पत्र संग्रहालय एवं शोध संस्थान में आयोजित हुआ कार्यक्रम*

# संजय साहू महाकौशल उत्कृष्ट पत्रकारिता पुरस्कार से सम्मानित



**हरिभूमि, जबलपुर।**

पत्रकारों की पाठशाला भोपाल के माधवराव सप्रे स्मृति समाचार पत्र संग्रहालय एवं शोध संस्थान में आयोजित कार्यक्रम में जबलपुर हरिभूमि inh के ब्यूरो और कलमवीर संघर्ष संगठन के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष संजय साहू को डॉ लक्ष्मीनारायण गुप्त महाकोशल पत्रकारिता पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मंच पर मौजूद कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विजय मनोहर तिवारी, कुलगुरु, माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय व अध्यक्षता कर रहे डा. विकास दवे, निदेशक, मध्यप्रदेश साहित्य अकादमी द्वारा सम्मानित किया गया। महाकौशल की पत्रकारिता में विशेष नाम बना चुके संजय साहू की पत्रकारिता नरसिंहपुर जिले की तहसील गोटेगांव से प्रारंभ हुई। अनेक समाचार पत्रों में अपनी सेवाएं देने के बाद वह वर्तमान में राष्ट्रीय हिंदी दैनिक हरिभूमि जबलपुर में सिटी चीफ के पद पर कार्यरत हैं, इसके साथ ही वह मप्र/छग का लोकप्रिय हिंदी न्यूज़ चैनल inh में ब्यूरो चीफ के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। 1999 से पत्रकारिता के क्षेत्र में सक्रिय संजय साहू की कलम हमेशा से ही जनता के प्रति समर्पित रही है। अनेक विषयों को उठाते हुए उन्होंने जनता की आवाज को शासन स्तर तक पहुंचाया और शासन स्तर पर कार्यवाही करते हुए अपनी वैचारिक पत्रकारिता से अंजाम तक पहुंचाया। कार्यक्रम के दौरान भोपाल जैव-विविधता के लिए समर्पित भाव से कार्यरत पर्यावरणविद डॉ. प्रवीण चन्द्र दुबे और भारतीय ज्ञान परंपरा के अध्येता आचार्य प्रभुदयाल मिश्र को 'महात्मा गांधी सम्मान' से विभूषित किया गया। शिक्षाविद और बुंदेली भाषा, साहित्य एवं संस्कृति मर्मज्ञ डा. सरोज गुप्ता, सागर को 'डा. हरिकृष्ण दत्त शिक्षा सम्मान' से सम्मानित किया गया। इंदौर में शोध संदर्भ सामग्री के संचयन, संरक्षण और प्रबंधन के सारस्वत अनुष्ठान में तीन दशक से समर्पित कमलेश सेन, असरदार आवाज के धनी, श्रेष्ठ उद्घोषक और कुशल कार्यक्रम संचालक संजय श्रीवास्तव तथा पौधरोपण को अपने जीवन का मिशन बनाने वाले सुनील दुबे 'वृक्षमित्र' को 'कर्मवीर सम्मान' प्रदान किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार दिनेश शुक्ल को उत्कृष्ट पत्रकारिता के लिए 'रामेश्वर गुरु पुरस्कार' दिया गया। इस दौरान कार्यक्रम के संयोजक वरिष्ठ पत्रकार विजयदत्त श्रीधर ने कहा कि आज सप्रे संग्रहालय में आज विभिन्न विभूतियों का सम्मान करते हुए विशेष खुशी हो रही है। उन्होंने कहा कि जितनी भी विभूतियों का सम्मान किया गया है वह वास्तव में अपने कार्य के प्रति दायित्व बोध को प्रदान करती हैं।

**पांच मेडिकल दुकानों पर स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई**

# प्रतिबंधित कफ सीरप के स्टॉक को किया गया सील

**हरिभूमि जबलपुर।**

छिंदवाड़ा जिले के परासिया क्षेत्र में कथित रूप से कफ सिरप के सेवन से बच्चों की मौत के बाद पूरे प्रदेश में हड़कंप मच गया है। इस दर्दनाक घटना ने स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन की चिंता बढ़ा दी है। जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग ने तुरंत कार्रवाई करते हुए कटारिया फार्मासिटिकल्स के बाद पांच मेडिकल दुकानों पर छापेमारी की। ड्रग इंस्पेक्टर देवेंद्र कुमार जैन ने बताया कि संजय मेडिकल एजेंसी, न्यू मेडिसिन, न्यू मेडिसिन हाउस, भार्गव मेडिकल एजेंसी और डी.आर. मेडिकोज में जांच की गई। दुकानों में पाए गए कफ सिरप के स्टॉक को सील कर दिया गया। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पाया कि




कुछ प्रतिबंधित सिरप बेचे जा रहे थे।

स्वास्थ्य विभाग ने स्पष्ट आदेश जारी किया है कि 2 साल से कम उम्र के बच्चों को कफ सिरप देना पूरी तरह से प्रतिबंधित है। 2 से 4 साल के बच्चों के लिए भी कफ सिरप देने पर रोक लगाई गई है। इसके साथ ही डॉक्टरों और मेडिकल दुकानदारों को लिखित निर्देश दिए गए हैं कि वे केवल सुरक्षित और अनुमोदित दवाओं का ही विक्रय करें। जिला प्रशासन ने चेतावनी दी है कि लापरवाही बरतने वाले किसी भी व्यक्ति या संस्था को बख्शा नहीं जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए दोषियों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

इस घटना ने प्रदेशभर में दवा वितरण प्रणाली और बाल स्वास्थ्य सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा दी है। प्रशासन अब बच्चों के लिए दी जा रही दवाओं की गुणवत्ता और उपयुक्तता की गहन जांच कर रहा है। स्वास्थ्य विभाग ने आम जनता से अपील की है कि किसी भी तरह की कफ या अन्य सिरप बच्चों को बिना डॉक्टर की सलाह के न दें।

**स्मार्ट मीटर और पुराने इलेक्ट्रानिक मीटर की बिजली खपत या रीडिंग में कोई अंतर नहीं है**

# प्राथमिकता के आधार पर ट्रिपिंग नियंत्रण करें : ऊर्जा मंत्री तोमर

**हरिभूमि जबलपुर।**

ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि बिजली ट्रिपिंग रोकने के लिए एक विस्तृत कार्य योजना के अंतर्गत प्राथमिकता के आधार पर जबलपुर के विभिन्न क्षेत्रों का चयन कर ट्रिपिंग नियंत्रण का कार्य किया जाएगा। इस कार्य को प्राथमिकता से करने के निर्देश पूर्व क्षेत्र विद्युत कंपनी को दिए गए हैं। ऊर्जा मंत्री के जबलपुर प्रवास के दौरान बुधवार को शक्ति भवन में महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, उत्तर मध्य क्षेत्र के




विधायक अभिलाष पांडे ने जबलपुर नगर पालिक निगम के परिक्षेत्र में सुधारात्मक व सुझाव का प्रस्ताव सौंपा। इस अवसर पर पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक अनय द्विवेदी उपस्थित थे।

## स्मार्ट मीटर बेहतर ढंग से कर रहे काम

ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि स्मार्ट मीटर बेहतर ढंग से कार्य कर रहे हैं। स्मार्ट मीटर और पुराने इलेक्ट्रानिक मीटर की बिजली खपत या रीडिंग में कोई अंतर नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने स्मार्ट मीटर की उपलब्धता में कमी के कारण मीटर स्थापित करने की अवधि को बढ़ाया है।

## शहर की विद्युत लाइन को किया जाए व्यवस्थित

ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि वर्ष 2027 तक लाइन लॉस को कम करने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि लाइन लॉस कम करने से इसका सीधा लाभ बिजली उपभोक्ताओं को मिलेगा। उन्होंने जबलपुर शहर के विद्युत अभियंताओं को निर्देश दिया कि जबलपुर शहर में ऐसी विद्युत लाइन को सुव्यवस्थित किया जाए जो निर्धारित ऊंचाई से नीचे आ गई हैं। महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने कहा कि जबलपुर शहर में बिजली कटौती की कोई समस्या नहीं है। उन्होंने ऊर्जा मंत्री से अनुरोध किया कि वे जबलपुर शहर के कुछ क्षेत्रों में पुराने ट्रांसफार्मर व ढीले तारों का सुधार कार्य त्वरित रूप से करवाएं।

## नशे में डूबे ड्रायवर को बदला, तो किया हमला

**जबलपुर।** हनुमानताल थाना अतंर्गत भानतलैया में सीमेंट लोहे की दुकान के संचालक के यहां से माल लोड करके बुलेरो वाहन में माल छोड़ने बरेला गए ड्रायवर के अत्यधिक नशे में होने के कारण दूसरे ड्रायवर के साथ गाड़ी दुकानदार वापस लेकर आया, इसी बात से नराज होकर ड्रायवर व उसके भाई ने दुकानदार के साथ मारपीट कर टिफिन व चाकू से हमला कर घायल कर दिया। हनुमानताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार उखरी निवासी 44 वर्षीय विवेक केसरवानी बप्पा सीमेन्ट के नाम से भानतलैया में सीमेन्ट लोहा की दुकान चलाता है। गत दिवस कृष्णा चौधरी उसकी दुकान से लोडिंग बुलेरो गाडी में लोहा छोडने बरेला गया था बरेला से एक व्यापारी का फोन आया कि कृष्णा चौधरी बहुत शराब पीये हैं गाडी चलाने लायक नहीं हैं तो वह बरेला गया और वहाँ से दूसरा ड्राईवर लेकर गाडी जबलपुर में अपनी दुकान में ले आया। दोपहर लगभग 03.15 बजे कृष्णा चौधरी तथा उसका भाई कन्हैया चौधरी उर्फ छोटू उसकी दुकान में आये और उससे शराब पीने के लिए 1 हजार रूपये की माँग करने लगे, मना करने पर दोनों उसके साथ मारपीट करने लगे। कृष्णा ने थैला में रखे टिफिन से उसके सिर में मारा तथा कन्हैया चौधरी ने चाकू से हमला कर घायल कर जान से मारने की धमकी दी। मारपीट के दौरान उसकी सोने की चैन गले से टूटकर कहीं गिर गई। पुलिस दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 119(1), 351(2), 3(5) बी एन एस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

अपने पुराने बैंक खाते में पैसे जमा करके भूल गए?



जो आपका है उसे वापस दिलाने में आरबीआई आपकी मदद करेगा।

आपके बैंक के निष्क्रिय खाते (2 वर्ष से ज़्यादा और 10 वर्ष तक असक्रिय) में जमा पैसे / दावा न की गई जमा राशि (10 वर्ष से अधिक) को आरबीआई के डीईए फंड में ट्रांसफर कर दिया जाता है। आप या आपके क़ानूनी वारिस उसे कभी भी वापस ले सकते हैं।

आपके पैसे वापस पाने के 3 आसान चरण

1. आपके बैंक की किसी भी शाखा में जाएं, भले ही वो आपकी नियमित शाखा न हो।
2. केवाईसी दस्तावेजों (आधार, पासपोर्ट, मतदाता पहचान पत्र या ड्राइविंग लाइसेंस) के साथ फॉर्म जमा करें।
3. सत्यापन के बाद ब्याज समेत, यदि है तो, अपने पैसे वापस पाएं।

दावा न की गई संपत्ति के संबंध में आयोजित विशेष शिविरों में जाएं, जिसे देशभर के सभी ज़िलों में अक्तूबर से दिसंबर 2025 के बीच लगाए जाएँगे।




आपके दावा न किए गए पैसे के बारे में जानने के लिए

आपके बैंक की वेबसाइट पर खोजें या आरबीआई के UDGAM पोर्टल (https://udgam.rbi.org.in) पर देखें, जिसमें फ़िलहाल 30 बैंक शामिल हैं।

अधिक जानकारी के लिए https://rbikehtahai.rbi.org.in देखिए
प्रतिक्रिया के लिए rbikehtahai@rbi.org.in पर लिखिए
क्यूआर कोड स्कैन कीजिए
आधिकारिक व्हॉट्सऐप नंबर 99990 41935

जनहित में जारी
भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240